दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — सीएम बघेल देश में किसानों के नए रोल...
4 अभिव्यक्ति — भाजपा शिवसेना से डरती रहेगी...
9 मनोरंजन/व्यापार — तब्बू से रोमांस करेंगे ईशान!...
11 खेल — मेस्सी ने फिर जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी...

www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 4 दिसम्बर, 2019, शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-289 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सही बात है। रस्सी जल जाती है लेकिन बल नहीं जाता। कई भूतपूर्व सांसद अभी भी खुद को अभूतपूर्व मान कर चल रहे हैं। सरकारी बंगलो का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। लगभग 70 सांसद आज भी नई दिल्ली में बेघर हैं। इसकी वजह यह है कि नोटिस मिलने और बिजली पानी कनेक्श्न काटने की चेतावनी के बाद भी कई पूर्व सांसदो ने अपना बंगला खाली नहीं किया है। ऐसे भी कई माननीय है जिन्होने कई सरकारी बंगले हथिया रखे है और उसे अपनी बपौती मान लिया है। ऐसा लगता है कि बड़े बेआबरू होकर ही कूचे से निकलेंगे ये माननीय।

दाऊ के एक हांका से भूखी गायों को फ्री मिला 1119 क्विं. चारा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। देशभर में छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी ने एक अलग पहचान बना ली है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महती योजना का एक सुखद पहलु आज सबके सामने है। धान खरीदी के मौके पर जामगांव एम पहुंचे सीएम श्री बघेल ने किसानों से अपील की थी कि गौठान आपका अपना है। गौठानों में पशुधन संवर्धन और और अपनी फसल बचाने के लिए पैरादान करें।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों और किसानों से गौठानों में पैरावट को स्वाहा करने की बजाए भूखी गायों को अगर वो इसे देंगे तो पुण्य मिलेगा। साथ ही भूखे मवेशी मजबूरी में प्लास्टिक खाकर मौत के मुंह में जाने से भी बचेंगे। बस फिर क्या था छत्तीसगढ़ियां मुख्यमंत्री की इस मार्मिक अपील ने ऐसा असर दिखाया कि एक ही दिन में जिलेभर से देखते ही देखते अन्नदाताओं ने 1119 क्विंटल पैरा एकत्र कर लिया। सराहनीय कार्य यह कि जिस पैरे को यूं ही फेंक दिया जाता था वह किसानों-ग्रामीणों ने पूरी जिम्मेदारी से अपने खर्च पर ट्रैक्टर में लाद लादकर गौठानों तक पहुंचाया है।

कलेक्टर अंकित आनंद ने सरकारी अमले को भी निर्देशित किया था कि इस कार्य के लिए व्यापक स्तर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- अन्नदाता खुद ट्रैक्टर से गौठान तक लेकर पहुंचे पैरा
- अब गरवा भूख में पॉलिथीन नहीं खाएंगी पेट भर चारा

पैरादान देख सरकार ने बेलर दिया, तैयार 34 गट्ठा चारा

ग्रामीण बड़ी संख्या में आज पैरादान के लिए आगे आए। सरपंच श्रीमती पुष्पा चंद्राकर ने बताया कि पैरा इकट्ठा करने में सुविधा हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बेलर दिया गया है। बेलर बहुत तेजी से चारे का गट्ठा बना लेता है। उन्होंने बताया कि अभी किसान राकेश चंद्राकर के खेत में बेलर है। उन्होंने लगभग सात एकड़ का पैरादान किया है। उन्होंने बताया कि बेलर सुबह से आया है और अब तक 34 गट्ठे बना चुका है। एक गट्ठे में लगभग 25 किलोग्राम पैरा होता है। अब इन्हें गौठान तक छोड़ दिया जाएगा। बेलर की वजह से काम सरल हो जाता है।

पैरादान योजना से खेत और पर्यावरण हुआ सुरक्षित

ग्रामीणों को पराली जलाने के दुष्प्रभाव के संबंध में भी बताया जा रहा है। पराली जलाने से हवा तो प्रदूषित होती ही है। मिट्टी पर भी इसका बुरा असर पड़ता है। एक सेमी तक मिट्टी का तापमान 33.8 डिग्री से बढ़कर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

टिकट बांटने वाले कमरे में बंद चाहने वालों की भीड़ बाहर

- अंदर कांग्रेसी दिग्गज प्रत्याशियों के नाम पर करते रहे मंथन
- सीएम बघेल बोले- तेरा और मेरा नहीं, जीतने वाले को देंगे मौका

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। निकाय चुनाव के लिए उलटी गिनती शुरु हो गई है। नगरीय निकाय के लिए टिकट दावेदारी करने वालों में घमासान मचा हुआ है। आज राजीव गांधी भवन में कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की बैठक घंटों चलीं। बैठक में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत संगठन के पदाधिकारी नामों को लेकर मंथन करते रहे। उम्मीद है बैठक के बाद कुछ नामों का एलान किया जा सकता है. इधर कांग्रेस भवन के बाहर दावेदारों की भारी भीड़ जुटी है।

जानकारी के मुताबिक दावेदारों की अधिक भीड़ होने के कारण राजीव भवन का मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया था। दावेदार अपने-अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। संभावना है कि कांग्रेस आज प्रत्याशियों का ऐलान कर सकती है। प्रत्याशी चयन को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जीतने वाले को ही टिकट दिया जाएगा। इसमें तेरा और मेरा नहीं चलेगा।

- प्रदेश कांग्रेस भवन के बाहर दावेदारों के बीच घमासान मचा
- आज देर रात या फिर कल तक कांग्रेस करेगी नामों का ऐलान

पार्षद बनने कम उम्र वाले ही सुपात्र

नगरीय निकाय चुनावों में पार्षद पद का चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होना अनिवार्य है, साथ ही प्रत्याशियों को अपने नामांकन पत्र के साथ निर्धारित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पांडे के अनुसार सम्पूर्ण रूप से प्रारूप- 3 क में भरे गये शपथ पत्र दो प्रतियों में, अभ्यर्थी की 2 ग 2.5 सेमी. आकार की तीन पासपोर्ट आकार की फोटो, नामांकन शुल्क की मूल रसीद, आरक्षित वार्ड के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र, यदि अभ्यर्थी अन्य वार्ड का है तो अभ्यर्थी नाम निर्वाचक नामावली के जिस पृष्ट में है, उसकी प्रमाणित प्रति, संबंधित नगरीय निकाय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा पार्षद प्रत्याशियों में घमासान

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर काउंट-डाउन शुरू हो चुका है। नगरीय निकाय टिकट को लेकर कांग्रेस और भाजपा में बैठकों का दौर चल रहा है। भाजपा में कई नगर पालिका और नगर पंचायतों की टिकट घोषित कर दी गई है। कांग्रेस में भी अधिकांश जिलों की चयन समिति ने अपनी अनुशंसा भेज दी है। प्रदेश कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक के बाद कभी भी सूची जारी हो सकती है। दावेदारों की संख्या अधिक होने के कारण दोनों ही दलो में मारामारी की स्थिति बनी हुई है जबकि पार्टी इससे इंकार कर रहे हैं। बताया गया कि ज्यादातर वार्डों में नामों पर सहमति बन सकती है। कहा जा रहा है कि रायपुर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एसपीजी अमेंडमेंट बिल राज्यसभा में पास

शाह ने दिया कांग्रेस के सभी आरोपों का जवाब

नई दिल्ली ए.। लोकसभा के बाद राज्यसभा ने भी एसपीजी अमेंडमेंट बिल को मंजूरी दे दी है। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के आरोपों का चुन-चुनकर जवाब दिया और पूछा कि एसपीजी सुरक्षा की ही जिद क्यों। उन्होंने कहा कि एसपीजी का इस्तेमाल स्टेटस सिंबल के लिए नहीं हो सकता। शाह ने कहा कि गांधी परिवार की सुरक्षा हटाई नहीं गई है बल्कि बदली गई है। इस दौरान उन्होंने केरल में बीजेपी और आरएसएस कार्यकर्ताओं की राजनीतिक हत्या को लेकर लेफ्ट पर भी तगड़ा हमला बोला। कांग्रेस सदस्यों के वॉकआउट के बीच मंगलवार को यह बिल राज्यसभा में भी पास हो गया। इसका मतलब है कि अब एसपीजी सुरक्षा सिर्फ प्रधानमंत्री और उनके करीबी परिवार को मिलेगी, पूर्व प्रधानमंत्रियों या उनके परिवार वालों को नहीं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रियंका की सुरक्षा में सेंध पर बीजेपी-कांग्रेस में तकरार

लोकसभा में स्पेशल प्रटेक्शन ग्रुप (अमेंडमेंट) बिल, 2019 पारित होने के बाद मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे राज्यसभा में भी पेश किया। इस बिल को लेकर सियासी घमासान के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की सुरक्षा में कथित तौर पर सेंध को लेकर बीजेपी और कांग्रेस नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है। प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राजनांदगांव : चिटफंड कंपनी संचालक की 7 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर डीजीपी डी. एम. अवस्थी ने आज वीडियो कॉफ्रेंसिंग में समस्त पुलिस अधीक्षकों को चिटफण्ड कंपनियों के संचालकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। वीडियो कॉफ्रेंसिंग में जानकारी दी गई की राजनांदगांव में चिटफण्ड कंपनी के संचालक प्रेम देवांगन की संपत्ति कुर्क कर 7 करोड़ 61 लाख से अधिक की राशि शासन के खाते में जमा कर दी गई है। उक्त राशि निवेशकों को शीघ्र ही लौटाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसी प्रकार बिलासपुर जिले में चिटफण्ड कंपनी के संचालक कमलेश सिंह की संपत्ति कुर्क कर 2 लाख 80 हजार की राशि निवेशक को प्रदान की गई है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड से मिलेगा गरीबों को फायदा : पासवान

नयी दिल्ली, (वार्ता)। सरकार पीडीएस योजना के तहत गरीबों और मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं को और बेहतर ढंग से लागू करने एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना को क्रियान्वित करने पर जोर दे रही है जिससे लाभार्थी किसी भी राज्य में सस्ता राशन प्राप्त कर सकेंगे।

'भगोड़ों' ने देश को लगाया 18 हजार करोड़ का चूना : केंद्र

नई दिल्ली ए.। घोटाले कर देश छोड़कर भागने वालों के बारे में मंगलवार को केंद्र सरकार ने बड़ी जानकारी दी। आर्थिक अपराध कर देश छोड़कर भागने वाले 51 लोगों ने कुल मिलाकर 17,900 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है।

170 करोड़ लेने पर कांग्रेस को नोटिस

नई दिल्ली ए.। आयकर विभाग ने कांग्रेस को एक कंपनी से 170 करोड़ की राशि कथित तौर पर लेने पर स्पष्टीकरण मांगते हुए एक नोटिस जारी किया है। विभाग ने 3,300 करोड़ के हवाला रैकेट मामले में टैक्स चोरी की जांच के सिलसिले में यह नोटिस भेजा है।

चिदंबरम की जमानत पर फैसला आज

नई दिल्ली ए.। आईएनएक्स मीडिया केस में अरेस्ट पूर्व वित्त मंत्री पी.चिदंबरम की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट बुधवार को अपना आदेश सुनाएगा।

गूगल अवार्ड: टॉप लिस्ट में 'अभिनंदन'

नई दिल्ली ए.। भारतीय वायु सेना की ओर से लॉन्च किया गया स्मार्टफोन गेम अब गूगल प्ले स्टोर के Best of 2019 Awards की टॉप लिस्ट में शामिल किया गया है। इन अवॉर्ड्स में साल 2019 के बेस्ट ऐंड्रॉयड और ऐप्स को जगह दी गई है।

बैंक के सामने से लूटेरे 13 लाख लूट कर हुए फरार

बाइक सवार चार लोगों ने दिन दहाड़े लूटे

रायगढ़। रायगढ़ जिले के खरसिया थाना क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक के सामने मोटरसायकल सवार चार लोगों ने दिन दहाड़े एक व्यक्ति से 13 लाख रूपए लूट लिये और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामलें की छानबीन कर रही है। एसबीआई बैंक खरसिया से कार्तिक राम रात्रे उसके सहयोगी बैंक से पैसा आहरण कर पैदल अपने वाहन स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 11 एएन 3999 की ओर जा रहे थ इसी बीच में ही दो बाइक में चार युवक आए और रुपयों से भरा थैला छीनकर शहर की ओर भाग गए।

जांच में जुटी पुलिस

लूट की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सबसे पहले क्षेत्र की घेराबंदी कर लूटेरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस लूट की सूचना देने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष कन्हैया, चेक जारी करने वाले ठेकेदार राठौर और बैंक के कुछ कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है। साथ ही अलावा बैंक और आस-पास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

राजनाथ के काफिले के आगे आया शख्स, बोला- आधार में बदलवाना है नाम

नई दिल्ली ए.। राजधानी में एक शख्स रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के काफिले के सामने आ गया, जिसे बाद में हिरासत में ले लिया गया। शख्स का कहना था कि उसे आधार कार्ड में नाम बदलवाना है और इसके लिए उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना था। वह बार-बार पीएम से मिलने की जिद कर रहा था। यह घटना संसद भवन के पास हुई। शख्स की पहचान विश्बर दास गुप्ता के रूप में हुई। उसकी उम्र 35 साल के करीब है। यह उत्तर प्रदेश के कुशीनगर का रहनेवाला है। शख्स को मानसिक तौर पर अस्थिर बताया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के कथित सौदे वाला अंतागढ़ टेपकांड की जांच फिर पटरी पर

मंतूराम ने दिया वॉयस सैंपल

- एसआईटी ने कहा बुधवार को सुबह 11 बजे फिरोज पहुंचेगा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। एक बार फिर कोर्ट और फाइलों में दबी अंतागढ़ टेपकांड की जांच में रफ्तार आ गई है। कथित टेपकांड के मामले में वॉयस सैंपल से अब तक बचते रहे सभी आरोपी एक बार फिर एसआईटी के घेरे में है। मंगलवार 3 दिसंबर को एसआईटी के बुलावे पर अंतागढ़ के पहले कल्पिट मंतूराम पवार पहुंचे। उन्हें जांच टीम ने वॉयस सैंपल जांच के लिए बुलाया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रमन और जोगी क्यों नहीं दे रहे वॉयस सैंपल-मंतूराम

अंतागढ़ टेप कांड मामले में मंतूराम पवार ने एक बार फिर रमनसिंह व जोगी को घेरा है वे आज एसआईटी दफ्तर वायस सैंपल देने पहुंचे तो पहला सवाल दागा जब वे वायस सैंपल दे रहे हैं तो जोगी रमन क्यों नहीं। भूमिका तो उन दोनों की भी रही है। पवार ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

विडम्बना — निर्भया के दोषियों की दया याचिका अगर राष्ट्रपति नामंजूर कर देते हैं तो कोर्ट से जारी होगा ब्लैक वॉरंट

निर्भया के दोषियों को फांसी कभी भी लेकिन नहीं है जल्लाद

निर्भया गैंगरेप के दोषियों के पास अब कानूनी उपाय बहुत कम रह गए हैं और उनकी फांसी की डेट कभी भी करीब आ सकती है। हालांकि, तिहाड़ प्रशासन को इस वक्त दूसरी चिंता है।

नई दिल्ली ए.। जेल प्रशासन के पास निर्भया के दोषियों को फांसी पर चढ़ाने के लिए कोई जल्लाद उपलब्ध नहीं है। सूत्रों का कहना है कि 1 महीने में फांसी की तारीख आ सकती है, इसलिए जेल प्रशासन इसके इंतजाम को लेकर चिंतित हैं।

तिहाड़ जेल सूत्रों ने बताया कि जेल प्रशासन फांसी देने के लिए जरूरी विकल्पों पर काम कर रहा है। अगले एक महीने में कभी भी फांसी की तारीख आ सकती है। दोषियों को कोर्ट द्वारा ब्लैक वॉरंट जारी किए जाने के बाद किसी भी दिन फांसी पर चढ़ाया जा सकता है। राष्ट्रपति अगर निर्भया के दोषियों की दया याचिका खारिज कर देते हैं तो वॉरंट जारी किया जाएगा, जिसके बाद फांसी की तारीख तय होगी।

इससे पहले अफ्जल गुरु को दी गई थी तिहाड़ में फांसी

इससे पहले आखिरी बार संसद पर हमलों के दोषी अफ्जल गुरु को तिहाड़ में फांसी दी गई थी। अफजल को फांसी पर चढ़ाने से पहले जेल की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अफजल की फांसी में जेल के ही एक कर्मचारी ने फंदा खींचने के लिए सहमति दे दी थी। जल्लाद की कमी को देखते हुए अधिकारियों ने अनौपचारिक तौर पर दूसरे जेलों से भी जल्लाद को लेकर चर्चा की है।

प्रशासन कॉन्ट्रैक्ट पर जल्लाद नियुक्त कर सकता है

सूत्रों का कहना है कि मौजूदा हालात को देखते हुए माना जा रहा है कि तिहाड़ की ओर से किसी जल्लाद को नियुक्त नहीं किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार फांसी के लिए कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर ही तिहाड़ प्रशासन किसी को नियुक्त करेगा। एक वरिष्ठ जेल अधिकारी ने कहा, 'हमारे समाज में फांसी की सजा अक्सर नहीं दी जाती है। यह रेयरेस्ट ऑफद रेयर अपराधों के लिए ही मुकर्रर सजा है। ऐसी परिस्थिति में एक फुल टाइम जल्लाद की नियुक्ति नहीं की जा सकती है। इस नौकरी के लिए अब कोई शख्स जल्दी तैयार भी नहीं होता।'

चीनी जहाज ने भारतीय क्षेत्र में किया था प्रवेश, हमने वापस भेजा: नौसेना प्रमुख

- नौसेना प्रमुख ने भारतीय क्षेत्र में चीनी जहाज के प्रवेश करने और उसे लौटाने की पुष्टि की
- नेवी चीफ ने पाकिस्तान और चीन की संयुक्त नौसेना अभ्यास पर भी नजर बनाए रखने की बात कही
- अलकायदा जैसे आतंकी संगठनों से निपटने के लिए नौसेना की पूरी तैयारी होने का भी जिक्र किया

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय नौसेना प्रमुख ने सितंबर में देश की समुद्री सीमा में घुस आए चीनी पोतों को खदेड़ा था। चीन की पीपल्स लिब्रेशन आर्मी के ये पोत अंडमान निकोबार द्वीप समूह के पास अंडमान सी में भारत के इकनॉमिक जोन तक घुस आए थे। नौसेना ने मंगलवार को इस बात का खुलासा किया।

नौसेना प्रमुख ऐडमिरल करमबीर सिंह ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चीन के जहाज शी यान 1 को बिना अनुमति भारतीय क्षेत्र में प्रवेश के कारण वापस लौटाया गया था। उन्होंनें इंडियन नेवी की ऐंटी पायरेसी मिशन की सफलता के बारे में भी बताया। सिंह ने कहा कि इस मिशन में 120 समुद्री लुटेरों को पकड़ा गया और पाइरेसी के 44 केस सामने आए।

चीन के जहाज को हमने वापस लौटाया: चीन के जहाज शी यान 1 को भारत द्वारा वापस लौटाने के सवाल का भी नौसेना प्रमुख ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'शी यान 1 को भारतीय क्षेत्र में आनेवाले पानी से वापस लौटाया गया है। हमारा स्टैंड इस मुद्दे पर साफहै कि अगर कोई भी देश का जहाज हमारे अधिकार क्षेत्रवाले इकनॉमिक जोन में आता है, तो उसे पूर्व में अनुमति लेनी होगी।'

पाकिस्तान और चीन पर भारत की है नजर: नेवी चीफ ऐडमिरल करमबीर सिंह ने कहा, 'चीन और पाकिस्तान का उत्तरी अरब सागर में नौसेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास प्रस्तावित है। हम इस पर नजर बनाए हुए हैं। इस संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए उन्हें भारत के क्षेत्र में आनेवाले हिंद महासागर से ही होकर जाना होगा।'

अरब सागर में चीन और पाकिस्तान बढ़ा रहे सक्रियता

भारतीय नौसेना प्रमुख ने लगातार नेवी बजट कम होने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में डिफेंस बजट में नौसेना का हिस्सा लगातार कम हुआ है। 2012 में यह 18त था जो 2018 में कम होकर सिर्फ 12% रह गया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में चीन अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ा रहा है। भारतीय नौसेना ऐसे हर कदम पर बारीकी से नजर रखे हुए है।

लालू प्रसाद यादव 11वीं बार बने आरजेडी के अध्यक्ष, बेटे तेजस्वी ने किया नामांकन

पटना। लालू प्रसाद यादव एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में चार सेट में लालू का नामांकन पत्र दाखिल किया गया। एकमात्र नामांकन होने के कारण लालू 11वीं बार राजद अध्यक्ष चुने गए हैं। इससे पहले अटकलें थी कि तेजस्वी यादव को राजद अध्यक्ष बनाया जा सकता है, लेकिन ऐन वक्त पर लालू यादव को फिर से अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया। मंगलवार को लालू यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर पिता लालू का नामांकन पत्र दाखिल किया। फिलहाल, लालू यादव चारा घोटाले में रांची की बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं।

झारखंड में मौसम से तेज बदलते थे सीएम: मोदी

- जमशेदपुर की रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस-जेएमएम पर कसा तंज
- मोदी बोले- पहले मौसम से तेज मुख्यमंत्री बदलते थे, बीजेपी ने दिया स्थिर शासन

जमशेदपुर(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी उम्मीदवार के समर्थन में जमशेदपुर में आयोजित रैली में प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने तंज कसते हुए का कि झारखंड में उतनी तेजी से मौसम भी नहीं बदलता था, जितनी तेजी के साथ मुख्यमंत्री बदल जाते थे। उन्होंने इसके लिए कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा को जिम्मेदार ठहराया।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम के अवसरवादी गठबंधन को यहां की स्थिरता रास नहीं आती इसलिए वे लोग यहां एक अस्थिर व्यवस्था चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अपने स्वार्थ और भ्रष्टाचार के लिए इन्होंने (कांग्रेस-जेएमएम ने) मुख्यमंत्री पद की कुर्सी तक का सौदा कर दिया था। मोदी ने कहा कि बीजेपी ने अस्थिरता के इस दौर पर रोक भी लगाई और पहली बार 5 साल तक एक ही मुख्यमंत्री झारखण्ड को दिया। इसी स्थिरता का परिणाम है कि नक्सलवाद पर प्रभावी कार्रवाई हो पा रही है और बिजनेस के लिए अनुकूल माहौल बन पाया है।

पीएम ने इस दौरान आर्टिकल 370 और रामजन्मभूमि मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से देश के हर कोने में जम्मू कश्मीर और आर्टिकल 370 की चर्चा चल रही थी। संविधान में 370 को अस्थाई लिखा था लेकिन एक टोली उसे स्थाई बनाने में जुटी थी। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने मोदी को कठोर निर्णय लेने के लिए भेजा है इसलिए दशकों से लटका 370 खत्म हो सका।

पीएम ने रामजन्मभूमि विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पहले षड्यंत्र करके राम जन्मभूमि मामले को उलझाया, लटकाया और अपनी राजनीति के लिए उपयोग किया। आज इतना बड़ा मामला शांति से निपट गया और हर समाज ने उसका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे भाईचारा मजबूत हुआ। यही तो राम जी की ताकत है।

पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ लड़ने वाला नेता पार्टी से निष्कासित माना जाएगा: भाजपा

नई दिल्ली(ए.)। झारखंड विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी में अनुशासन कायम रखने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को यहां दो टूक कहा कि जो नेता पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं अथवा पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होता है, वह पार्टी से स्वतः निष्कासित माना जाएगा।

भाजपा के प्रवक्ता शिवपूजन पाठक ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा का यह अधिकृत निर्देश जारी करते हुए कहा, ''भाजपा झारखंड प्रदेश के जो नेता विधान सभा चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव

मैदान में हैं, या प्रत्याशी का सार्वजनिक तौर पर विरोध कर रहे हैं अथवा संगठन के निर्देश के विपरीत कार्य करते हुए पार्टी का अनुशासन तोड़ रहे हैं, वे पार्टी से स्वतः निष्कासित माने जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्देश पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा ने दिया है। भाजपा के राज्य में कैबिनेट मंत्री रहे सरयू राय झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ जमशेदपुर पूर्व से चुनाव लड़ रहे हैं।

गिड़गिड़ाता रहा परिवार लेकिन अस्पताल ने नहीं दिया आक्सीजन, दो नवजातों की मौत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में सोमवार को एक नर्सिंग होम में अक्सीजन न मिलने से दो नवजात शिशुओं ने दम तोड़ दिया। परिजन आक्सीजन के लिए गिड़गिड़ाते रहे लेकिन चिकित्सकों का दिल नहीं पसीजा। मामला शहर के उत्तम नर्सिंग होम से जुड़ा है। जनपद एटा के थाना जैथरा क्षेत्र के ग्राम मानिकपुर निवासी सत्यपाल पुत्र महेश चंद्र ने रविवार रात 9:30 बजे गर्भवती पत्नी सीमा को डिलेवरी के लिए भर्ती कराया था। आरोप है कि डिलेवरी कराने के नाम पर डा. उत्तम यादव व डा. रीतू गुप्ता ने 30 हजार रुपये पहले जमा करा लिए। बाद में 25 हजार रुपये और मांगे गए। रात 10:30 बजे सीमा ने दो जुड़वा पुत्रों को सामान्य रूप से जन्म दिया। बच्चों को ऑक्सीजन लगाने की गुहार की गई तो उन्हें ऑक्सीजन नहीं लगाई गई। हालत बिगड़ने पर पीड़ित बच्चों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर बच्चों को सैफई रेफर कर दिया। सैफई ले जाते समय एक बच्चे ने रास्ते में तो दूसरे ने सैफई अस्पताल में दम तोड़ दिया।

माहिम बीच पर मिला सूटकेस, अंदर थे कटे हाथ और पैर

मुंबई। मुंबई के माहिम बीच पर एक ऐसा सूटकेस मिला है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति के कटे हुए अंग भरे हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सूटकेस अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के

अनुसार, मंगलवार सुबह माहिम बीच पर समुद्र के पानी में एक सूटकेस तैरता हुआ पाया गया। इसे खोलने पर इसके अंदर किसी पुरुष का एक हाथ और एक पैर मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

जांच के लिए भेजा जेजे हॉस्पिटल: फिलहाल यह कटे हुए अंग किसके हैं इसकी जानकारी के लिए उन्हें जेजे हॉस्पिटल भेज दिया गया है, जहां उनकी मेडिकल जांच की जाएगी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश भी कर रही है।

लोस. अध्यक्ष ने मंत्री राव साहेब दानवे को दी नसीहत, प्रश्न ध्यान से सुनें'

- लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आज मंत्री रावसाहेब दानवे को सांसदों के पूछे प्रश्न ध्यान से सुनने का निर्देश दिया
- दानवे ने शिवसेना सांसद के प्रश्न को फिर से दोहराने का आग्रह किया था, जिस पर स्पीकर ने उन्हें नसीहत दी
- बाद में शिवसेना सांसद के प्रश्न का उत्तर उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने दिया

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला अक्सर सदन में सांसदों और कई बार सत्ता पक्ष के सदस्यों की भी क्लास लेते नजर आते हैं। आज भी सदन में प्रश्नकाल के दौरान ऐसा ही नजारा दिखा। स्पीकर ने केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे को सदस्यों का प्रश्न ध्यान से सुनने को कहा। सदन में प्रश्नकाल के दौरान शिवसेना के हेमंत तुकाराम गोडसे के भारतीय खाद्य निगम से संबंधित पूरक प्रश्न पर राज्य मंत्री रावसाहेब दानवे ने सदस्य से फिर से प्रश्न पूछने को कहा। इस पर अध्यक्ष बिरला ने कहा, 'माननीय मंत्री जी, प्रश्न को ध्यान से सुना करें।'

बिड़ला ने गोडसे से पहला पूरक प्रश्न नहीं दोहराने और दूसरा पूरक प्रश्न पूछने को कहा। इसके बाद शिवसेना सदस्य अरविंद सावंत को गोडसे के पास जाकर उनसे कुछ कहते देखा गया। लोकसभा स्पीकर ने कहा, 'सावंत जी जैसा कह रहे हैं, वैसा करिए।' इसके बाद गोडसे के पूरक प्रश्न का उत्तर उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री रामविलास पासवान ने दिया। वह सबसे आखिरी पंक्ति में रावसाहेब दानवे के साथ ही बैठे थे। स्पीकर ने पासवान से अपनी सीट पर बैठकर ही उत्तर देने को कहा क्योंकि उनके पैर में चोट लगी है।

पासवान को बैठकर जवाब देने की अनुमति दी

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा, 'पासवान जी आप बैठकर ही जवाब दे सकते हैं। सदन आपको इसकी अनुमति देता है। आपके पैर में फ्रेक्चर है। आप बार-बार उठकर जवाब देंगे तो और दिक्कत हो सकती है।' हालांकि, पासवान ने खड़े होकर ही सारे पूरक प्रश्नों के उत्तर दिये। इससे पहले प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों के लिए अपने नाम देने वाले कई सदस्यों की सदन में मौजूदगी नहीं होने पर नाखुशी जताई। स्पीकर ने व्यवस्था दी कि पूरक प्रश्नों के लिए नाम देने वाले सदस्य अगर सदन में नहीं रहते तो उन्हें शीतकालीन सत्र की शेष अवधि में प्रश्न पूछने का अवसर नहीं दिया जाएगा।

इंदिरापुरम में दो बच्चों की हत्या कर पति-पत्नी समेत तीन ने किया सुसाइड

गाजियाबाद(ए.)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद के इंदिरापुरम की कृष्णा अपरा सफायर सोसाइटी में तीन लोगों ने 8 मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली, जबकि दो बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। घटना मंगलवार सुबह करीब 5:00 बजे की है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही परिजनों को सूचित कर दिया है।

गुलशन वासुदेव (45) अपनी पत्नी परवीन वासुदेव और दो बच्चों कृतिका (18) और रितिक (13) और संजना नाम की एक

अन्य महिला के साथ कृष्णा अपरा सोसाइटी के फ्लैट संख्या 806 में रहते थे। मंगलवार सुबह सोसाइटी के गार्ड को कुछ गिरने की आवाज सुनाई दी। गार्ड ने मौके पर जाकर देखा तो दो महिलाएं और एक पुरुष जमीन पर पड़े हुए थे जिसके बाद सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक महिला और एक पुरुष को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाई गई एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस बिल्डिंग के ऊपर गुलशन वासुदेव के फ्लैट में पहुंची वहां गुलशन वासुदेव के दोनों बच्चे बिस्तर पर मृत मिले।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद के इंदिरापुरम की कृष्णा अपरा सफायर सोसाइटी में तीन लोगों ने 8 मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली, जबकि दो बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। घटना मंगलवार सुबह करीब 5:00 बजे की है।

इंदौर में 4 साल की मासूम से दरिंदगी, रेप के बाद हत्या

इंदौर। हैदराबाद में महिला डॉक्टर से हैवानियत के बाद देशभर में उबाल है। इसके बावजूद रेप के मामले थम नहीं रहे हैं। नया मामला मध्य प्रदेश से सामने आया है, जहां 4 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी निर्ममता से हत्या कर दी गई। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक इंदौर जिले के महू में 4 साल की मासूम अपने मां-बाप के साथ सड़क किनारे सोई हुई थी। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने चुपके से सोते बच्ची को वहां से उठा लिया। इसके बाद वे उसे पास स्थित खंडहर में ले गए। यहां आरोपियों ने मासूम से ना सिर्फ रेप किया बल्कि गला दबाकर उसकी हत्या भी कर दी। सोमवार सुबह बच्ची का शव बरामद होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

पति ने पहले काटा गला, फिर दाएं हाथ की उंगलियां और बाएं हाथ की नसें, मगर महिला ने नहीं मानी हार

मेरठ(ए.)। उत्तर प्रदेश के मेरठ में पति ने जालिमों के साथ मिलकर उसका गला काट दिया । इससे उसकी जुबान चली गई। दाएं हाथ की उंगलियां और बाएं की नसें काट दी। गले के गहरे घाव के कारण उसके गले में श्वास नली लगानी पड़ी। वह अब न बोल पा रही है और न लिख सकती है। बमुश्किल उसने चार दिन की मेहनत के बाद मोबाइल पर अपने साथ हुई हैवानियत लिखकर पुलिस के सामने में पेश की। मगर, वाह री लापरवाह पुलिस। उसने लाचार पीड़िता के इस बयान को मानने से इनकार कर दिया। मामला एसएसपी तक पहुंचा तब जाकर उसका बयान दर्ज हो सका।

गाजियाबाद में थाना कोतवाली स्थित गुलजार कॉलोनी निवासी रुकैया परवीन का निकाह मेरठ में लिसाड़ी गेट क्षेत्र के

श्यामनगर निवासी उमर से हुआ था। 14 अक्तूबर को उमर अपनी ससुराल पहुंचा और रुकैया को कलियर शरीफ घुमाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। रात 11 बजे रुकैया जानी थाना क्षेत्र में सड़क किनारे लहूलुहान हालत में मिलीं। उनके हाथ, पैर और गर्दन पर गहरे जख्म थे। पहले सुभारती और फिर एम्स दिल्ली में उपचार चला। इस मामले में 15 अक्तूबर को पति उमर व एक अन्य आरोपी पप्पू के खिलाफ जानी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसएसपी के फटकारने पर दर्ज हुए बयान

सोमवार को परिजन रुकैया को लेकर एसएसपी दफ्तर पहुंचे। उन्होंने एसएसपी को पूरी व्यथा सुनाई। परिजनों ने एसएसपी से कहा कि यदि वह चाहें तो रुकैया का बयान अपने मोबाइल पर टाइप करा सकते हैं, लेकिन इसमें उसे थोड़ा वक्त जरूर लगेगा। रुकैया की गंभीर स्थिति को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल विवेचक उमेश कुमार सिंह को अपने कार्यालय में तलब कर लिया और फटकार लगाते हुए फोन पर लिखे बयान दर्ज करने का निर्देश दिया। इसके बाद विवेचक ने महिला थाने में फोन के बयान को ही आधार मानते हुए केस दर्ज कर लिया।

प्रदर्शनी | दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सुलिवन की सबसे चौंका देने वाली तस्वीरों में से एक है जिसने माई प्लैनेट श्रेणी में पहला पुरस्कार जीता है

आंद्रेई स्टेनिन इंटरनेशनल फोटो प्रतियोगिता के तस्वीरों की प्रदर्शनी 5 तक

नई दिल्ली (ए.)। नई दिल्ली मे आंद्रेई स्टेनिन इंटरनेशनल फोटो प्रतियोगिता के विजेताओं की तसवीरों की प्रदर्शनी शुक्रवार से 5 दिसम्बर तक चलेंगी/ प्रतियोगिता के इतिहास मे दूसरी बार रोसिया सेगोडन्या समाचार एजेंसी दावरा यूनेस्को के सहयोग से किया जा रहा है / प्रदर्शनी मे रूस, भारत, दक्षिण अफ्रीका, इटली, अमेरिका, फ्रांस सहित कई देशों के सर्वश्रेष्ठ युवा फोटोग्राफरों द्वारा दर्जनों तस्वीरों की प्रदर्शिनी चल रही है /29 नवंबर से 1 रफी मार्ग के एआईएफएसीएस गैलरी में प्रदर्शनी की जा रही है / इतालवी ग्रां प्री विजेता गैब्रिएल सेकोनी द्वारा ली गई फोटोग्राफिक सीरीज़ द व्रीटेड एंड द अर्थ, मनुष्य और प्रकृति के बीच जबरन टकराव के बारे में एक दुखद कहानी बयान करती है। प्रदर्शनि मे कई ज्वलंत छवियों के माध्यम से सामयिक विषयों को भी उठाया गया है /रोहिंग्या शरणार्थियों और बांग्लादेश के दक्षिणी क्षेत्रों पर अपने प्रवासन द्वारा धीमी गति से विनाश की कहानी कहती तस्वीरें आपको सोचने पर मजबूर कर देंगी / फ्रांसिस रूसो (फ्रांस) द्वारा उनकी द वुमन ऑफ अरुगम बे की नायिकाएं श्रीलंका की महिलाएं हैं जिन्होंने विंडसर्फ के बारे में जानने का फैसला किया।

दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सुलिवन की सबसे चौंका देने वाली तस्वीरों में से एक है जिसने माई प्लैनेट श्रेणी में पहला पुरस्कार जीता है । इसमें एक अफ्रीकी हाथी को दिखाया गया है जिसे उत्तरी बोत्सवाना में हाथी दांत के शिकार शिकारियों ने मार दिया था। प्रदर्शन में भारत के चार विजेताओं द्वारा ली गई तस्वीरें शामिल ह

प्रतियोगिता के बारे में

यूनेस्को के लिए रूसी संघ के तत्वावधान में रोसिया सेगोडन्या समाचार एजेंसी द्वारा आयोजित आंद्रेई स्टेनिन इंटरनेशनल प्रेस फोटो प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा फ़ोटोग्राफ़रों का समर्थन करना और आधुनिक फोटो जर्नलिज़्म के कार्यों पर जनता का ध्यान आकर्षित करना है। यह उन युवा फ़ोटोग्राफरों के लिए एक स्थान है जो प्रतिभाशाली, संवेदनशील और कुछ नया करने के लिए तत्पर हैं।

दो भारतीय फोटोग्राफेर्स का परोचे एवं बाइट

अयानवा सिल - स्व प्रशिक्षित फ़ोटोग्राफ़र - 'स्पोर्ट्स' श्रेणी में विजेता : पवित्र नदी गंगा में पानी के पोलो खेलते हुए फोटो ली है ।

बाइट - 'स्टेनिन प्रतियोगिता ने जिस तरह का प्रदर्शन हमारे सामने लाया वह अद्वितीय है। जब हम अपने समारोह के लिए मास्को गए, तो हमें बहुत सारे शानदार फोटोग्राफरों से मिलने और जुड़ने का मौका मिला। प्रतियोगिता ने हमें फोटोग्राफी की शैली में आने में मदद की जिसे हमने चुना है - वृत्तचित्र। जब हम मॉस्को में अन्य अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफरों से मिले तो हमने महसूस किया कि वे अपनी शैली और फोटोग्राफी की शैली से चिपके रहते हैं और पैसे या व्यावसायीकरण के लिए इसे बदलते नहीं हैं।

शांतनु डे - बांग्लादेश में छात्रवृत्ति पर फोटोग्राफी का अध्ययन किया - 'पॉट्रेट' श्रेणी में - 'विलुप्त होने के कगार पर नोस्टाल्जिया' शीर्षक से उनकी श्रृंखला के लिए तीसरा स्थान हासिल किया।

बाइट -'फोटोग्राफ़ी एक कलात्मक भाषा है और चित्र में उसकी अपनी धारणा को प्रतिबिंबित करने में सक्षम होने के लिए, फोटोग्राफर को कला का व्याकरण जानना चाहिए।

■ न्यूज गैलरी

खमतराई तालाब के पास मिला अविकसित भ्रूण

रायपुर। खमतराई तालाब के पास अविकसित भ्रूण मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरु कर दिया है। दरअसल मामला खमतराई थाना क्षेत्र के बंधवा तालाब के समीप का है जहां अविकसित भ्रूण मिला है। स्थानीय लोगो मामले की सूचना पुलिस को दी। खमतराई थाना क्षेत्र में जांच पड़ताल कर रही है । वही स्थानीय अस्पतालों में पतासाजी की जा रही है।

घर खाली करने की बात कहकर महिला के साथ मारपीट

रायपुर। वार्ड 17 धरसींवा निवासी आयशा खान 28 वर्ष पति मुस्तफा खान ने धरसींवा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थियां को घर में अकेले देखकर मकान मालिक मुख्तार खान, कुलसुम बेगम व सलमान खान एवं दिलशाद खान ने एक राय होकर घर खाली करने की बात कहकर एवं पूर्व विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर सब्जी काटने वाले औजार प्रार्थियां के साथ मारपीट किया। इस वजह से उसके दोनों हाथ के कलाई एवं चेहरे पर चोट आई है।

सब्जी विक्रेता का ऑटो चोरी

रायपुर। बजरंग नगर गोगांव गुढ़ियारी निवासी सूरज चौहान 27 वर्ष पिता राजेंद्र चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी ऑटो में सब्जी भरकर गोगांव बाजार बेचने के लिए गया हुआ था। सब्जी बेचने के दौरान अपनी ऑटो रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एलडब्ल्यू 0771 कीमत 1 लाख रुपये 2017 मॉडल नीले रंग का अतुल कंपनी का है। आटो को गोगांव बाजार के पास डॉक्टर के घर के बाहर खड़ी किया था जब वापस ऑटो के पास गया तो आटो को किसी ने चोरी कर लिया था।

निधन

ओ.पी. शुक्ला

शंकर नगर निवासी हजारी ओ.पी. शुक्ला (सेवानिवृत्त पुलिस उपधीक्षक) का 87 वर्ष की आयु में मंगलवार 3 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 4 दिसम्बर को प्रातः 11.00 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में सम्पन्न होगा। स्व. हजारी , एस.एन शुक्ला (ग्रामीण बैंक) के पिता एवं संवेद शुक्ला (राजस्व निरीक्षक) एवं कौशलेंद्र शुक्ला के दादा थे।

सीएम बघेल देश में किसानों के नए रोल मॉडल

■ तमिलनाडु के किसानों की मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में तमिलनाडु के तंजावूर, तिवारूर और नागपट्टनम जिले से आए किसानों ने सौजन्य मुलाकात की और शाल तथा नारियल का पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। किसानों ने मुख्यमंत्री से कहा कि धान का 2500 रूपए प्रति क्विंटल कीमत देकर देशभर में किसानों के नए रोल मॉडल के रूप में उभर रहे है। धान से इथेनाल बनाने के लिए प्लांट लगने से उनकी कीर्ती देश-दुनिया में फैलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था हो मजबूती देने के लिए सुराजी गांव योजना के तहत नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी कार्यक्रम की प्रसंशा की और पारम्परिक खेती-किसानी के संबंध में किसानों का बड़ा सम्मेलन आयोजित कराने का भी आग्रह किया, जिससे देशभर के किसान अपने अनुभव साझा कर सके। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान किसानों ने कहा कि देशभर में आप पहले मुख्यमंत्री है, जिन्होंने किसानों को अपने वादे के अनुरूप फसल का सही दाम दिलाने का वादा पूरा किया है। इन किसानों ने कहा कि आप स्वयं किसान है इसलिए किसानों का दर्द समझते है। जन घोषणा पत्र में आपने जो वादा किया था, उसके अनुरूप किसानों को 2500 रूपए प्रति क्विंटल धान की कीमत दे रहे है। देश के कई हिस्सों में पहले भी किसानों से इस प्रकार का वादा किया था, लेकिन इस वादे को कभी पूरा नहीं किया गया।

मुख्यमंत्री को किसानों ने बताया कि रायपुर जिले के सारागांव धान खरीदी केन्द्र का आज भ्रमण किया। जहां उन्होंने किसानों से भी बातचीत की। यहां धान खरीदी की पूरी व्यवस्था कम्प्यूटरीकृत है। किसानों को तत्काल आनलाईन भुगतान किया जाता है। इसके अलावा पूरी व्यवस्था पारदर्शी है। जबकि तमिलनाडु में 3 से 15 दिन का समय लग जाता है। इसके अतिरिक्त वहां दलालों से भी किसानों को दिक्कत होती है। धान खरीदी केन्द्र में भ्रमण के दौरान पता चला कि धान की अच्छी कीमत मिलने के बाद बड़ी संख्या में यहां किसान धान बेचने आते है। जबकि तमिलनाडु में कई बार किसानों को व्यापारियों को धान बेचना पड़ जाता है। तमिलनाडु से आए किसान मुख्यमंत्री की सरलता और सहजता से बड़े प्रभावित हुए।

इन किसानों ने बताया कि उनके राज्य में मुख्यमंत्री से मुलाकात इतनी सरल नहीं होती। किसानों ने बताया कि जब छत्तीसगढ़ में किसानों को धान की कीमत 2500 रूपए की घोषणा हुई थी तब उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम पर तावंजूर में किसानों को मिठाई बांटकर खुशियां जाहिर की थी। मुलाकात के दौरान किसानों ने बताया कि आल इंडिया किसान संघर्ष के बैनर तले जब दिल्ली गए थे, तब सभी लोग 2500 रूपए किसानों को धान की कीमत देने की तारीफ कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने किसानों को बताया कि यहां धान से इथेनाल बनाने का प्लांट लगाने जा रहे है। इसके टेंडर भी किया जा चुका है। दो किलो धान से एक लीटर इथेनाल बनेगा। इससे किसानों को धान की कीमत अच्छी कीमत मिलेगी वहीं विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।

उन्होंने कहा कि इथेनाल बनाने से धान के संग्रहण के लिए गोदाम की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। किसानों ने इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इथेनाल प्लांट लगने से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पूरे देशभर के किसानों के लिए नए रोल मॉडल बनकर उभरेंगे। मुख्यमंत्री ने खनिज विभाग के सचिव अंबलगन पी. को तमिलनाडु से आए इन किसानों को किसानों को गौठान दिखाने तथा आर्गेनिक फार्म का भ्रमण कराने के भी निर्देश दिए।

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत मंगलवार को कोरबा के सीतामणी पहुंच कर पूर्व लोकसभा सांसद स्व. डॉ. बंशीलाल महतो के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्वर्गीय डॉ. महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने स्वर्गीय डॉ. बंशीलाल महतो की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या महतो और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढ़ांढस बंधाया। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

प्रदेश में जीएसटी टीम ने तीनों संस्थानों पर की कार्रवाई

रायपुर (नवप्रदेश)। जीएसटी टीम ने प्रदेश में तीन अलग-अलग जिलों में छापामार कार्रवाई कर तीनों संस्थानों से 8 करोड़ से ज्यादा की रकम जमाकर रिटर्न फ इल कराया है। जीएसटी की टीम की लगातार कार्रवाई से व्यापार जगत में हड़कंप मचा हुआ है। राज्य कर आयुक्त रीना बाबासाहेब कंगाले के निर्देश पर राज्य कर जीएसटी विभाग के जॉइंट कमिश्नर गोपाल वर्मा के नेतृत्व में 15 सदस्यीय 03 टीमों के द्वारा 03 डीलर्स मेसर्स सोमनाथ आयरन एंड पावर प्रा.लि. रायपुर, मेसर्स इंड्स सिनर्जी लिमिटेड रायगढ़ एवं मेसर्स ग्राण्ड कार्स् प्रा.लि. कोरबा के यहां दबिश देकर व्यवसायिक स्थलों की जांच की गई. जांच के बाद 6 करोड़ का चेक एक करोड़ का कैश डिपाजिट और रू 1.04 करोड़ जमा कराकर रिटर्न फाईल कराया गया। मेसर्स सोमनाथ आयरन एंड पावर प्रा.लि. रायपुर द्वारा आयरन स्टील निर्माण एवं क्रय-विक्रय का कार्य किया जाता है। 2015-16 में व्यवसायी द्वारा प्रवेशकर विवरणी अनुसार कुल क्रय रू. 13.10.30,189.00 है तथा प्रस्तुत स्टॉक अनुसार कुल क्रय रू. 4,59,73,692.00 है। विवरणी अनुसार कुल क्रय एवं प्रस्तुत स्टॉक के कुल क्रय में बड़ा अंतर है एवं व्यवसायी द्वारा जून 2019 से अक्टूबर 2019 तक मासिक विवरणी प्रस्तुत नहीं किया गया था। व्यवसायी के द्वारा तत्काल 2 करोड़ का चेक प्रदान किया गया। जब्त दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। मेसर्स इंड्स सिनर्जी लिमिटेड रायगढ़ द्वारा आयरन ओर, कोल आदि का व्यवसाय किया जाता है। वर्ष 2013-14 में व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत विवरणी अनुसार कुल टर्न ओव्हर रू. 2.79,54,825.00 है, जबकि स्टॉक सूची अनुसार कुल टर्नओवहर रू. 3,75,99,274.00 है. विवरणी अनुसार कुल टर्नओव्हर एवं प्रस्तुत स्टॉक के कुल टर्नओव्हर में बड़ा अंतर है एवं व्यवसायी द्वारा माह अक्टूबर 2019 का मासिक विवरणी प्रस्तुत नहीं किया गया था। व्यवसायी के द्वारा तत्काल एक करोड़ रूपये कैश आन लाईन जमा किया गया एवं 4 करोड़ का चेक प्रदान किया गया। जब्त दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। मेसर्स ग्राण्ड कार्स प्रा.लि. कोरबा द्वारा चार पहिया वाहन एवं स्पेयर पार्ट्स का क्रय-विक्रय का व्यवसाय किया जाता है। व्यवसायी द्वारा जुलाई 2017 से मई 2019 तक रू. 8,80,76,660.00 की देयता दर्शाकर रू. 9,00,56,441.00 का आई.टी.सी. क्लेम किया गया है। उक्त अवधि में नगद भुगतान शुन्य है एवं व्यवसायी द्वारा जुलाई से अक्टूबर 2019 तक विवरणी प्रस्तुत नहीं किया गया था. व्यवसायी से तत्काल रू 1.04 करोड़ जमा कराकर रिटर्न फाईल कराया गया।

लोकतंत्र सेनानियों से माफी मांगे कांग्रेस सरकार

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों को भाजपा सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सम्मान निधि को कांग्रेस सरकार द्वारा फरवरी माह से बंद किए जाने के निर्णय को निरस्त किए जाने व तत्काल सम्मान निधि प्रारंभ कर बकाया राशि सेनानियों को प्रदान करने व भविष्य में यह कभी बंद ना किए जाने के निर्णय को ऐतिहासिक व लोकतंत्र की विजय निरुपित किया है।

नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बदलापुर की राजनीति के चलते लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि, पेंशन राशि व स्वास्थ्य सुविधा बंद कर सेनानियों को अपमानित किया है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से यह साबित हो गया है कि यह सरकार निरंतर जनविरोधी व लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रही है। कौशिक ने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस से विपरीत विचारधारा वाली सरकारें केन्द्र व राज्यों में आयी परन्तु कभी भी किसी सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान व उनको मिलने वाली सुविधाओं को राजनीतिक नजरिये से नहीं देखा अपितु उसे और अधिक सुदृढ़ व सक्षम बनाने के ही निर्णय किए गए।

अधजली हालत में मिले महिला व बच्चे का हत्यारा पकड़ाया

रायपुर। राजधानी रायपुर के माना थाना इलाके में अधजली हालत में मृत पड़े मिले महिला व मासूम बच्चे की गुत्थी पुलिस ने आज सुलझा ली। दोनों की हत्या करने वाला आरोपी मृतका का प्रेमी निकला जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने आज इस दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि मृतका निशा साहू भाटापारा की रहने वाली थी। निशा तलाकशुदा थी और उसका प्रेम प्रसंग उसी के मोहल्ले में रहने वाला आरोपी वेद प्रकाश साहू से काफी लंबे समय से था। आरोपी रायपुर में मौदहापारा में एक दुकान में काम करता है। इस बीच निशा ने जब आरोपी पर शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो वो परेशान हो गया और उससे निजाद पाने के लिए उसकी हत्या की साजिश रचने लगा। आरोपी ने साजिश के तहत अपनी प्रेमिका और उसकी तीन साल की बेटी को घुमाने के बहाने मोटरसायकल से भाटापारा से रायपुर लेकर पहुंचा और यहां माना थाना क्षेत्र के नकटी के सम्मानपुर के मैदान में दोनों की ईंट से मारकर हत्या कर दी और फिर शव की पहचान न हो इरादे से पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

जीत की उमीद

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव का काउंट डाउन शुरू। दावेदार अपने-अपने वार्डों और इलाकों से उम्मीदवारी करने नामांकन लेने और जमा करने पहुंचने लगे।

कार्यशाला राज्य की स्कूलों में बेहतर शिक्षा और उसके उन्मुखीकरण के लिए कार्यशाला आयोजित

शिक्षा के लिए दीक्षा एप होगी गुणवत्ता वाली तकनीक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए दीक्षा एप बनाया गया है। इससे विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षकों को विषय वस्तु की बेहतर जानकारी मिल रही है। इससे राज्य के सुदूर वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी उनकी बोली भाषा में पाठ्य पुस्तके पढ़ने के लिए उपलब्ध हुई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संचालक पी. दयानंद ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में बताया कि दीक्षा पोर्टल में बनाई गई ई-सामग्री की एक और विशेषता यह है कि राज्य की क्षेत्रीय बोलियां हल्बी, गोंड़ी, सरगुजिया, कुडुख और छत्तीसगढ़ी में भी ई-सामग्री तैयार की गई है, पूरे पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु को मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जो ओपन सोर्स साइट्स में उपलब्ध नहीं है।

कार्यशाला में श्री दयानंद ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस सत्र में कक्षा पहली से 10वीं तक हिन्दी माध्यम की समस्त 67 पाठ्य पुस्तकों को डिजिटाइज्ड किया गया है। इसमें क्यूआर कोड अंकित कर इनरजाइज्ड टेक्सट बुक में परिवर्तित कर दिया है। राज्य के विषय विशेषज्ञों की सहायता से 400 घंटों की ई-सामग्री विकसित की गई है। दीक्षा एप पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग विद्यार्थी और शिक्षक कठिन अवधारणाओं को समझने के लिए अध्ययन-अध्यापन के समय अथवा अपने घर में भी कर सकते हैं। इस सामग्री को डाउनलोड कर बैगर इंटरनेट के भी देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस सामग्री को दीक्षा एप डाउनलोड कर क्यूओर कोड स्कैन कर या डेस्कटाप पर दीक्षा के छत्तीसगढ़ की साइट कर्पोंण्हवअण्पदध्बह में जाकर क्यूआर कोड के नीचे अंकित 6 अंको का कोड टाइपकर देख सकते हैं।

श्री दयानंद ने कहा कि दीक्षा एप के लाभ हैं कि शिक्षक अपने कौशल और पेशेवर विकास के लिए संसाधन प्राप्त कर सकेंगे। देश के अन्य शिक्षकों और आधुनिक डिजिटल प्रोद्योगिकी को समझ सकेंगे।

शिक्षक अपने कार्यों, विषय की विभिन्न दक्षताओं को प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षकों को शिक्षण कौशल विकसित करने में सहायता मिलेगी और वे अपने अध्यापन को मनोरंजक एवं रूचिपूर्ण बना सकते हैं। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करके बच्चों के साथ-साथ पालक भी विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त कर पाएंगे। उन्होंने ई-सामग्री के अधिक से अधिक उपयोग के लिए अकादमिक सदस्यों को जागरूक करते हुए अपने संस्थानों में आयोजित कोई भी कार्यशाला, शाला अनुभव कार्यक्रम में इसकी जानकारी शिक्षकों को देने के लिए कहा ।

कार्यशाला के समापन अवसर पर एक नवीन परंपरा के साथ संचालक द्वारा समस्त अकादमिक सदस्यों के साथ विद्यालयीन दिनचर्या में अध्ययन-अध्यापन में क्यूआर कोड का उपयोग करने के साथ ही छत्तीसगढ़ को गुणवत्तायुक्त की दिशा में अग्रसर करने में भागीदार बनने का संकल्प लिया।

आदिवासी अंचल बस्तर की पारेषण प्रणाली हुई उन्नत

84 करोड़ की लागत से निर्मित बारसूर-जगदलपुर डीसीडीएस लाईन ऊर्जीकृत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिषन कंपनी द्वारा प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों की पारेषण प्रणाली को उन्नत बनाने युद्धस्तर पर कार्य किये जा रहे हैं। इस दिशा में आज बारसूर-जगदलपुर लाईन को ऊर्जीकृत करने एक बड़ी कामयाबी मिली। 84 करोड़ की लागत से निर्मित 175 सर्किट किलोमीटर लंबी इस लाईन के ऊर्जीकृत हो जाने से जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, विष्वसनीय, सतत एवं सुचारू रूप से बिजली मिल सकेगी।

उल्लेखनीय है कि इस नये पारेषण लाईन के ऊर्जीकृत उपरांत प्रदेष में अतिउच्चदाब पारेषण लाईनों की लंबाई 12610 सर्किट कि.मी. हो गई है। जिसकी लंबाई राज्य गठन के समय मात्र 4845 सर्किट कि.मी. थी। यह लाईन बस्तर के दुर्गम एवं सघन वनक्षेत्रों जैसे परचनपाल, कुकेनार, धरमपुरा, तोकापाल, कोडेनार, बस्तानार, कटूनार (गीदम), मसेगांव एवं बारसूर आदि ग्रामों से गुजरने के बाद् भी दिसम्बर 2016 से निर्माणाधीन उक्त पारेषण लाईन के कार्य को पॉवर कंपनी के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला के कुशल नेतृत्व एवं प्रबंध निदेषक श्रीमती तृप्ति सिन्हाके सतत् मार्गदर्शन एवं ट्रांसमिषन कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगन एवं प्रयास द्वारा सफ्लतापूर्वक पूर्ण कर ऊर्जीकृत किया गया है।

220 के.व्ही. बारसूर-जगदलपुर पारेषण लाईन की स्थापना से पूर्व इस क्षेत्र की विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति 238 कि.मी. लम्बी, 220 के.व्ही भिलाई-गुरूर-बारसूर पारेषण लाईनों के द्वारा की जाती थी। पूर्व में इस लाईन में व्यवधान होने के कारण बस्तर क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो जाती थी, किन्तु इस 220 के.व्ही. बारसूर - जगदलपुर पारेषण लाईन के ऊर्जीकरण के पष्चात अब भविष्य में आदिवासी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, विष्वसनीय, सतत् एवं सुचारू रूप से विद्युत प्रदान किया जा सकेगा एवं सम्पूर्ण बस्तर क्षेत्र में चहुमुखी विकास का मार्ग प्रषस्त होगा।

संपादकीय

सवाल महिलाओं की सुरक्षा का

हैदराबाद में हुई हैवानियत के बाद एक बार फिर देश में महिलाओं की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने मुंह बाएं खड़ा हो गया है। सारा देश गुस्से से उबल रहा है और रेप व हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द और कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। संसद में भी यह मामला उठा और सांसद जया बच्चन ने तो यहां तक मांग कर डाली की उन अपराधियों के साथ कठोर व्यवहार किया जाना चाहिए, इस तरह के दरिंदों को पब्लिक के हवाले कर देना चाहिए ताकि पब्लिक ही उनको सजा दे। पीड़िता की मां ने मांग की है कि उसकी बेटी के दुर्दांता हत्यारों को दो माह के भीतर फांसी की सजा दी जानी चाहिए। सोशल मीडिया में भी उन दरिंदो को सजाए मौत देने की मांग लगातार उठ रहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए की अपराधियों को जल्द सजा दिलाने के लिए सरकार कारगर कदम उठाएगी साथ ही महिलाओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी। खासतौर पर कामकाजी महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे तभी बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का नारा सार्थक सिद्ध होगा। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध वाकई गहन चिंता का विषय बन गए है। यदि देशे में इसी तरह का माहौल रहा तो हर महिला खुद को असुरक्षित महसूस करेगी। छह साल पूर्व हुए निर्भया कांड के आरोपियों को आज तक फंसी नहीं दी गई है। जबकि होना यह चाहिए कि ऐसे दरिंदों को जल्द से जल्द फंसी पर लटकाने का प्रवधान किया जाए। तभी ऐसे दरिंदों के दिल में कानून का खौफ पैदा होगा। बहरहाल हैदराबाद की घटना के बाद सरकार ने दुष्कर्म के मामलों को लेकर आईपीसी और सीआरपीसी में संशोधन करने का निर्णय लिया है। इस संशोधन के बाद बलात्कार के मामलों में कानून को और कठोर बनाने का प्रावधान किया जाएगा। इस पर सरकार गंभीरता पूर्वक विचार कर रही है। जब तक बलात्कार और हत्यो के मामलों में अपराधियों को कठोर दंड देने का प्रावधान नहीं किया जाएगा तब तक ऐसी घटनओं की पुनरावृत्ति को नहीं रोका जा सकेगा। इसके साथ ही सरकार को नशे के कारोबार और अश्लीलता के खिलाफ भी कड़े कानूनी प्रावधान करने होंगे। देखा गया है कि इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधि नशे में चूर पाए गए है।

विचार

बर्दाश्त से बाहर

तेलंगाना के हैदराबाद में एक पशु चिकित्सक युवती के साथ सामूहिक बलात्कार और उसकी हत्या के बाद उसे जिंदा जला दिए जाने की घटना ने देश को हिला कर रख दिया है। सड़क से लेकर संसद तक इस पर आक्रोश भड़क उठा है। इस हादसे ने एक बार फिर सात साल पुराने निर्भया कांड की याद दिला दी है। आज हर देशवासी के भीतर यह सवाल है कि आखिर हमारा सिस्टम ठीक उसी तरह के हादसे भी क्यों नहीं रोक पा रहा है? जिस दिन हैदराबाद की घटना घटी उसके ठीक एक दिन पहले झारखंड की राजधानी रांची में बारह लोगों ने व्यस्त सड़क से एक लड़की को उठाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। इन दोनों घटनाओं पर जब बवाल मचा तो दोषी पकड़ लिए गए और तेलंगाना वाले मामले में तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। शीघ्र सुनवाई के लिए एक फास्ट ट्रैक कोर्ट भी गठित कर दिया गया है। लेकिन यह प्रश्न अपनी जगह कायम है कि हमारे शहर महिलाओं के लिए अब भी इतने असुरक्षित क्यों हैं? आखिर क्यों वे डर-डर कर जिंदा रहने को मजबूर हैं? पिछले साल आए थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन के एक सर्वे ने पूरी दुनिया में भारत को महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक और असुरक्षित देश बताया था। सचाई यह है कि हमारी व्यवस्था महिला सुरक्षा के प्रति जरा भी संवेदनशील नहीं है। निर्भया कांड के बाद कई कानूनों में अहम बदलाव किए गए। पट्रोलिंग से लेकर एफआईआर के तौर-तरीकों और ट्रैफिक व्यवस्था तक में फेरबदल किए गए। पुलिस की सोच बदलने को लेकर भी काफी योजनों बनाई गईं। 2013 के केंद्रीय बजट में निर्भया फंड नाम से 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसकी राशि बढ़कर अभी 300 करोड़ हो चुकी है। इन बदलावों का मकसद ऐसे इंतजाम करना था कि महिलाएं घर से बाहर सुरक्षित रह सकें। देश में 600 ऐसे केंद्र खोले जाने थे, जहां एक ही छत के नीचे पीड़ित महिला को चिकित्सा, कानूनी सहायता और मनोवैज्ञानिक परामर्श हासिल हो सके। सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, महिला थानों की संख्या बढ़ाने और

टेक ज्ञान

वॉट्सऐप डार्क मोड में मिलेगा खास फीचर

नई दिल्ली। इंस्टैंट मेसेजिंग ऐप वॉट्सऐप यूजर्स के लिए नए-नए फीचर लाता रहता है। आजकल वॉट्सऐप के जिस अपकमिंग फीचर की बात हो रही है वह है डार्क मोड। डार्क मोड पिछले दो साल से खबरों में है। एक तरफजहां दूसरे कई सर्विसेज जैसे यूट्यूब, जीमेल, ट्विटर और इंस्टाग्राम को यह फीचर मिल चुका है। वहीं, दूसरी तरफवॉट्सऐप अभी तक इसकी टेस्टिंग कर रहा है। हालांकि, डार्क मोड को लेकर अब जो खबर आई है उसने यूजर्स की एक्साइटमेंट को काफी बढ़ा दिया है। WABetaInfo की एक रिपोर्ट के अनुसार वॉट्सऐप डार्क मोड खास बैटरी सेवर फीचर के साथ आएगा। इसका मतलब यह हुआ कि फोन की बैटरी लो होने पर डार्क मोड ऑटोमैटिकली ऑन हो जाएगा।

भाजपा शिवसेना से डरती रहेगी

अमूल्य गांगुली

> महागठबंधन नॉन- स्टार्टर था, क्योंकि मायावती और ममता बनर्जी जैसे कुछ भाजपा विरोधी नेता इसके बारे में गंभीर नहीं थे। वे अपनी डफ्ली और अपना राग अलग से बजा रहे थे। उन्हें लग रहा था कि यदि उनकी अपनी सीटों की संख्या अधिक रही, तो त्रिशंकु लोकसभा होने की स्थिति में ज्यादा से ज्यादा मोलभाव कर सकेंगे। इसके कारण महागठबंधन बनाने में उन्होंने दिलचस्पी नहीं दिखाई। अघाडी में इस तरह के भ्रम के नहीं हैं। यह एक तरह से भाजपा की अति महत्वाकांक्षा के कारण शिवसेना के गुस्से और झुंझलाहट पर आधारित एक आकस्मिक गठन है।

भाजपा के सभी विरोधियों में से, जिस पार्टी से नरेंद्र मोदी- अमित शाह की जोड़ी बेहद चैकस होगी, वह शिवसेना है। कारण यह है कि सेना आलोचना में असामान्य रूप से तेज है। यह विशेषता उसने वर्षों में सड़क छाप राजनीति करते हुए हासिल की है। हो सकता है कि यह विशेषता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में कुछ हल्की हो गई हो, लेकिन संजय राउत के भाजपा विरोधी धमाकेदार बयानों को देखते हुए कहा जा सकता है कि शिवसेना का डंक भाजपा के लिए बहुत जहरीला होगा। किसी अन्य पार्टी के पास यह अप्रशंसनीय विशेषता नहीं है। लेकिन, झूठ की राजनीति करने के लिए कुख्यात और बेल्ट से नीचे हिट करने में माहिर बीजेपी पर यदि शिव सेना अपनी शैली में वार करे, तो भाजपा के अन्य विरोधियों के लिए यह देखने की चीज होगी। उन्हें यह बिल्कुल बुरा नहीं लगेगा और यह झूठ की राजनीति के खिलाफएक दिलचस्प संघर्ष के रूप में ही देखा जाएगा। इससे राजनैतिक सरगर्मी बढ़ेगी ही।

भाजपा को यह भी पता होगा कि कोई भी अन्य पार्टी उसकी कार्यशैली और छिपी हुई राजनीति के बारे में उतना नहीं जानती है, जितना शिवसेना जानती है। अपने तीन दशक लंबी साझेदारी के कारण भाजपा को शिवसेना बाहर ही नहीं बल्कि भीतर से भी जानती है। और कहने की जरूरत नहीं कि अ बवह तीन दशक लंगी साझेदारी टूट गई है। उस टूट के लिए शिवसेना ने भाजपा की वादाखिलाफी को जिम्मेदार बताया है। शिवसेना को इस बात का भी दुख है कि उसके नेता उद्धव ठाकुर को भाजपा ने झूठा और गलत बयानी करने वाला ठहराया था।

गौरतलब हो कि उद्धव ठाकरे ने कहा था कि पिछली लोकसभा चुनाव के पहले जब शिवसेना भाजपा से चुनावी गठबंधन नहीं करना चाह रही थी, तो अमित शाह ने उससे

वायदा किया था कि विधानसभा चुनाव के बाद वह उसके साथ 50-50 फॉर्मूले के आधार पर सत्ता में भागीदारी करेगी। पर विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा न केवल अपने वायदे से मुकर गई, बल्कि उद्धव ठाकरे द्वारा वायदा याद दिलाने पर उन्हें झूठा भी करार दिया।

शिवसेना का वैचारिक साम्य भारतीय जनता पार्टी के साथ ही है, क्योंकि दोनों के लिए हिन्दुत्व की राजनीति प्यारी है। दोनों वैचारिक साम्य के कारण भी एक दूसरे के साथ इतने दिनों तक बने रहे, लेकिन अब शिवसेना उस कांग्रेस और एनसीपी के साथ है, जिसके साथ उसका वैचारिक मतभेद है। यही कारण है कि गोदी मीडिया एनसीपी और कांग्रेस के साथ उसके गठबंधन का मजाक उड़ाते हुए कह रहा है कि उसने हिन्दुत्व और सावरकर को छोड़ दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस और एनसीपी का गोदी मीडिया यह कहते हुए मजाक उड़ा रहा है कि सत्ता के लिए उसने धर्मनिरपेक्षता के अपने सिद्धांत को छोड़ दिया है। यह स्पष्ट है कि भाजपा द्वारा पर्दे के पीछे से प्रसारित किए जाने वाले चैनल, महाराष्ट्र विकास अघाडी की ओर से इन मामलों में थोड़ी सी भी चूक करने पर बहुत हो हल्ला मचाने से नहीं चूकेंगे। भाजपा खुद ऐसे अवसर को अपने दोनों हाथों में लेकर तांडव करती दिखाई देगी। अगाड़ी की भाजपा की आलोचना पिछले आम चुनाव में महागठबंधन का मजाक बनाने जैसा ही है। उस समय उसने महागठबंधन को महामिलावट के रूप में चित्रित किया था।

महागठबंधन नॉन- स्टार्टर था, क्योंकि मायावती और ममता बनर्जी जैसे कुछ भाजपा विरोधी नेता इसके बारे में गंभीर नहीं थे। वे अपनी डफ्ली और अपना राग अलग से बजा रहे थे। उन्हें लग रहा था कि यदि उनकी अपनी सीटों की संख्या अधिक रही, तो त्रिशंकु लोकसभा होने की स्थिति में ज्यादा से ज्यादा मोलभाव कर सकेंगे। इसके कारण महागठबंधन बनाने में उन्होंने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

अघाडी में इस तरह के भ्रम के नहीं हैं। यह एक तरह से भाजपा की अति महत्वाकांक्षा के कारण शिवसेना के गुस्से और झुंझलाहट पर आधारित एक आकस्मिक गठन है। हो सकता है कि शिवसेना का गुस्सा इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि बीजेपी उसके विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही थी। इसके कारण ही न केवल शिवसेना को, बल्कि उसके साथ-साथ एनसीपी और कांग्रेस को भी अपने विधायकों को होटलों में भाजपा से बचाकर रखना पड़ा। महागठबंधन में एक अच्छी तरह से परिभाषित नेतृत्व संरचना नहीं थी, अघाड़ी में शरद पवार और उद्धव ठाकरे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसकी सफलता या विफलता इन दोनों पर निर्भर है। उन दोनों के बीच, पवार की कुंजी है। गैर-भाजपा खेमे में एक प्रमुख शख्सियत के रूप में उनका उदय एक स्वाभाविक घटना है।

आने वाले दिनों में शरद पवार राष्ट्रीय स्तर पर भी विपक्ष को नेतृत्व देने की संभावना से परिपूर्ण हैं। उनके नेतृत्व को लोकसभा चुनाव के पहले मायावती और राहुल गांधी से चुनौती मिल रही थी। अब उनमें से मायावती को लगभग भुला दिया गया है, जबकि राहुल गांधी ने संसद में हरकतों और सामयिक प्रदर्शनों से अपनी पार्ट- टाइम राजनीतिज्ञ की छवि को ही मजबूत किया है। राहुल की लापरवाही ने खराब स्वास्थ्य के बावजूद सोनिया गांधी को कांग्रेस के अंदर अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए मजबूर कर दिया है।

(संवाद)

आखिरकार कैसे रूकेंगी बलात्कार की घटनाएं!

राजेश माहेश्वरी

> हर दूसरी खबर ऐसी ही है। ऐसा क्यों हो रहा है? हालांकि अब भी बलात्कार की शिकार हुई कुछ लड़कियां समाज का सामना करने की हिम्मत नहीं जुटा पातीं और आत्महत्या करने की कोशिश करती हैं। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और अन्य राज्यों में भी इस तरह की काफी घटनाएं हो चुकी हैं। पहली जरूरत तो यह है कि शिक्षक, समाजसेवी, मीडिया, और नेता लोगों का नजरिया बदलने की कोशिश करें। यदि किसी लड़की के साथ कोई अत्याचार हो, तो लोग उसे ही दोषी न ठहराने लगें। उसी से सवाल न पूछे जाएं कि वह अकेली क्यों गई थी? किसी लड़के के साथ उसका क्या काम था? लड़कियां यदि सीमा में नहीं रहेंगी तो उनके साथ ऐसे हादसे तो होंगे ही!

हैदराबाद के 'निर्भया कांड' को लेकर देश आंदोलित है। इस बार भी 'निर्भया' सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई और उसे जला कर मार दिया गया। दिल्ली में निर्भया के साथ जो कुछ हुआ था वो सारे देश ने देखा और सुना। बेटियां लगातार दरिंदों की हवस का शिकार हो रही हैं। उन्हें जला कर राख किया जा रहा है, ताकि साक्ष्य ही मिट जाएं। नारियों को पूजने वाले देश में बेटियों के साथ बढ़ती बलात्कार की घटनाएं सारे समाज को सोचने पर मजबूर करती हैं। पिछले एक दशक के आंकड़ों पर गौर करें तो ऐसा लगता है जैसे देश में बलात्कार की बाढ़ आ गई है। हर दूसरी खबर ऐसी ही है। ऐसा क्यों हो रहा है? लड़कियों की रक्षा के लिए पुलिस है, महिला पुलिस है, राष्ट्रीय महिला आयोग से लेकर राज्यों के महिला आयोग हैं, महिलाओं के लिए काम करने वाले संगठन हैं, स्वयंसेवी संगठन हैं, महिला विकास और बाल कल्याण मंत्रालय है, महिलाओं की मदद करने के लिए तरह-तरह के कानून हैं, मगर उनके प्रति अपराध फिर भी नहीं थम रहे हैं।

हर बार जब कोई ऐसी घटना होती है, तो कहा जाता है कि कानून लचर है। कुछ लोग तो यह सलाह भी देते हैं कि बलात्कारियों को चैराहे पर फांसी पर लटकाया जाए। हैदराबाद निर्भया कांड के बाद देश की संसद में भी उबाल है। महिला सांसदों ने भी कड़े कानून की वकालत की है। सपा की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने तो बलात्कारियों को आज बलात्कार के मामले में बेहद कठोर कानून हैं, फिर भी क्या वजह है कि बलात्कार नहीं रूक रहे हैं? बलात्कार स्त्री के प्रति किया गया सबसे घृणास्पद अपराध है। इसके बीज हमारी उस संस्कृति में छिपे हैं, जहाँ एक तरफ स्त्री को देवी कहा जाता है, मगर दूसरी तरफ उसे हमेशा ही एक सेक्स ऑब्जेक्ट की तरह देखा जाता है और उसे पुरुष के उपभोग और उपयोग की चीज समझा जाता है। क्या हम यह मानें कि बलात्कार बढ़ते ही जा रहे हैं या यह कहें कि आजकल ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग बहुत बढ़ी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के 2016 की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में बलात्कार के मामले 2015 की तुलना में 2016 में 12.4 फीसदी बढ़े हैं। 2016 में 38,947 बलात्कार के मामले देश में दर्ज हुए। मध्य प्रदेश इनमें अव्वल है, क्योंकि बलात्कार के सबसे ज्यादा- 4,882 मामले मध्य प्रदेश में दर्ज हुए। इसके बाद दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश आता है, जहां 4,816 बलात्कार के मामले दर्ज हुए. बलात्कार के 4,189 दर्ज मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे

नंबर पर रहा। आज संसद से सड़क तक कड़ा कानून बनाने की बात हो रही है। सवाल यह है कि क्या कानून बनाने भर से बलात्कार रुक जाएंगे? कानून से सोच बदल सकती है? परिजनों और परिचितों के हाथों इज्जत लूटे जाने की घटनाएं कैसे रुकेंगी? सख्त कानून बन जाने भर से हम महिलाओं का इज्जत करना सीख जाएंगे? नहीं। तो बलात्कार रोकने के लिए फिर क्या किया जाना चाहिए? इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज भी बेटी पैदा होने की खबर मुरझाई आवाज में ही दी जाती है। बेटी होने का दुख आवाज में ही झलक जाता है। कई बार यह देखने को मिलता है कि घर से लेकर सड़क तक पर बेटों को राजकुमार की तरह रखा जाता है। यदि घर में दूध आएगा तो बेटे को मिलेगा, बेटी सिर्फ ताकती रहेगी। घर का काम बेटी करेगी। बेटा राजकुमारों की तरह ऐश करेगा। यदि हम बेटों को राजकुमार बनाने की मानसिकता को तोड़ दें तो आधी समस्या का हल खुद ब खुद हो जाएगा। इस तरह हम परिवार में ही शुरू से लड़कों में लड़कियों की इज्जत करने की सीख डाल पाएंगे। भारत में बलात्कार के मामले में फांसी की आखिरी सजा अब से 15 साल पहले दी गयी थी। मामला पश्चिम बंगाल का था। इस मामले में भी 15 साल तक मुकदमा चला था। कोलकाता में एक 15 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के मुजरिम धनंजय चटर्जी को 14 अगस्त 2004 को तड़के साढ़े चार बजे फांसी पर लटका दिया गया था। करीब डेढ दशक तक चले मुकदमे और विभिन्न अपीलों और याचिकाओं को ठुकराए जाने के बाद धनंजय को कोलकाता की अलीपुर जेल में फांसी दे दी गई थी। सवाल यह है कि इस तरह के प्रावधान से देश में बलात्कार की घटनाएं थम जाएंगी? क्या विकृत मानसिकता के लोगों में सजा के डर से परिवर्तन आ जाएगा? क्या कानून के बूते पर लोगों के वहशीपन पर लगाम लगाई जा सकती है? अपराधों को रोकने के लिए देश में बने कानूनों की पहले से ही कमी नहीं है। इसके बावजूद देश में लगातार अपराधों का ग्राफबढ़ रहा है।

इससे जाहिर है समस्या की जड़ कुछ और है तथा समाधान कहीं अलग खोजा जा रहा है। दुनियाभर में बलात्कार सबसे कम रिपोर्ट होने वाला अपराध है। शायद इसलिए भी कि दुनियाभर के कानूनों में बलात्कार सबसे मुश्किल से साबित किया जाने वाला अपराध भी है, ये तब जबकि खुद को प्रगतिशील और लोकतांत्रिक कहने वाले देश औरतों को बराबरी और सुरक्षा देना सदी की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। ज्यादातर मामलों में पीड़िता पुलिस तक पहुंचने की हिम्मत जुटाने में इतना वक्त ले लेती है कि फॉरेंसिक साक्ष्य नहीं के बराबर बचते हैं। उसके बाद भी कानून की पेचीदगियां ऐसीं कि ये जिम्मेदारी बलात्कार पीड़िता के ऊपर होती है कि वो अपने ऊपर हुए अत्याचार को साबित करे बजाय इसके कि बलात्कारी अदालत में खुद के निर्दोष साबित करे। एक अच्छी बात यह हुई है कि अब माता-पिता भी लड़की को यह शिक्षा नहीं देते कि वह अब किसी भी अपराध को छिपाए, इसलिए वे अपनी लड़की का साथ देते हैं। आगे बढ़कर पुलिस में शिकायत करते हैं। पहले लड़की की तथाकथित इज्जत जाने के डर से माता-पिता लड़की को चुप रहने और अपने प्रति किए गए अपराध को छिपाने की सलाह देते थे। पहले समाज का नजरिया भी ऐसा था कि लड़की ने अपराध नहीं किया है, फिर भी उसे अपराधी मान लिया जाता था और अपराध करने वाले छुट्टा घूमते थे। दिल्ली के निर्भया कांड के बाद उम्मीद थी कि लड़कियों के प्रति अपराध में कुछ कमी आएगी, कठोर कानून के डर से लोग लड़कियों के प्रति अपराध करने से बचेंगे, मगर ऐसा हुआ नहीं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्वार्थ के बादल

स्वार्थ के बादलों से संवेदनाओं की रोशनी छनती कहाँ है सियासत की टेंट बिना मतलब कही तनती कहाँ है ! तैमूर के डायपर पर यहाँ दिनरात चलती है ब्रेकिंग न्यूज , किसी बेटी की हत्या देश में खबर अब बनती कहाँ है !!

– कवि सुनिल शर्मा नील

वक्त का फेर

वक़्त है ढल चुका और ढल चुका वो दौर भी फ़िर भी आइने में,

वक़्त पुराना ढूंढते हैं !! महफ़िलें जमतीं थीं दोस्तों के कहकहों से दीवारों-दर पे अब, उनके निशान ढूंढते हैं !! कुछ दर्द वक़्त ने तो कुछ हैं अपनों ने दिए अकेले आज भी, दिल के टूकड़ों को ढूंढते हैं !!

– अंजु गुप्ता

खास पाती

मां से बड़ा कोई रूप नहीं

मां से बड़ा कोई रूप नहीं संतान से बड़ा कुछ सुख नहीं। पिता से बड़ा कहीं छांव नहीं ईश्वर से बड़ा कुछ ज्ञान नहीं। दोस्ती से बड़ा कहीं सुकून नहीं रिस्तों से बड़ा अहंम हो नहीं। आत्मसम्मान से बड़ा कोई सम्मान नहीं। वलिदान से बड़ा कोई दान नहीं..। फुलों से ज्यादा खुशबु कहीं नहीं.. बच्चों के हंसी से बड़ा खुशी और नहीं।। त्याग से बड़ा और त्याग नहीं मजबूरी से बड़ा कोई मजबूरी नहीं।। चाहत से बड़ा कोई स्वार्थ नहीं उपकार के एहसास से बड़ा आनंद नहीं । नियति से बड़ा कोई बाज़ीगर नहीं... दुनिया की रंगमंच में हम कठपुतली हुं सभी।। - **मितु-घोष**

इस जमीं पर जन्म लेने से डरेंगी बेटियां

इस जमीं पर जन्म लेने से डरेंगी बेटियाँ नर्क से बत्तर हुई धरती कहेंगी बेटियाँ ना गवाही ना सुनाई फांसी दो हैवान को सख्त हो कानून तब जाके बचेंगी बेटियाँ रो रहा है आसमां भी रो रही है ये जमीं पूछती माँ कब सुरक्षित रह सकेंगी बेटियाँ।। तू निकल घर से न बेटी डर दरिंदों का बहुत देश की हर माँ डरेंगी और डरेंगी बेटियाँ। दर्द जिसको है वयाँ करना भी मुस्किल सोचिए जिस तरह से सह रहीं सहती रहेंगी बेटियाँ मौन क्यूं धारण किया है देश की सरकार ने कब तलक यूंही बली चढती रहेंगी बेटियाँ।

- **लक्ष्मी माहौर**

धुआं धुआं सा ये उठ रहा फ़्जाओं में

धुआँ धुआँ सा ये उठ रहा फ़्जाओं में रंज ही रंज सा बिखरा है हर दिशाओं में जो किरन शाम की पलकों पे सजाती थी सपन आंसुओं में नहाई सी ज़ा रही .... कहां।

- **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

बेटियों की किस्मत में जलना-मरना

बेटियों की किस्मत में जलना /मरना ही है चाहे कोख में आने के बाद चाहे जन्म लेने के तुरंत बाद चाहे बड़े होने के बाद. और चाहे शादी के बाद. और. ज्यादातर ससुरालों में जिस तरह से लडकियों को रखा जाता है वो भी..... किसी मरण से कम नहीं होता। इसलिए सही यही है... कोख में ही मर जायें या फिर जन्म ही न लें... कितनी सारी समस्याओं से बचाव हो जाता है। - **अर्चना खण्डेलवाल**

माता मेरी शारदा, दो ऐसा वरदान

माता मेरी शारदा, दो ऐसा वरदान। राष्ट्र हमारा विश्व में, छेड़े मीठी तान।। छेड़े मीठी तान, सदा ये प्रीति बढ़ाए। तज दो नफरत मीत, यही नित पाठ पढ़ाए।। रहे शांति-सद्भाव, मधुर हो सबसे नाता। विनती बारंबार, यही तुमसे है माता।।

- **राजकुमार धर द्विवेदी**

'निंदा' अपनी जेब में डालें

माननीय नेताओं, हर बार जो 'निंदा' का नाटक आप करते हैं,वो 'निंदा' अपनी जेब में डालें और आपकी खुद की बेटी के साथ ऐसा कुछ हुआ होता तो जो करके दिखाते वो करने की कुव्वत है तो बात करें वरना रहने दें।और हां, घर पर भी बता दें कि आपसे वो भी कोई उम्मीद न रखें। - **सचिन चौधरी**

जब तक 100 आवास बनते है

जब तक 100 आवास बनते है, तब तक 10 गुना नए बेघर पैदा हो जाते हैं जब तक एक अस्पताल का इंतजाम होता हैं, तब तक 10 गुना मरीज बढ़ जाते हैं जब तक एक नई ट्रेन चलाई जाती है, तब तक 10 गुना यात्री बढ़ जाते हैं। - **कुमार संतोष**

लघु कथा

लड़की

नहीं जी इस सांवली लड़की से मेरे बेटे की शादी थोड़ी ही होने दूँगी। चाँद जैसी बहू चाहिए मेरे बेटे को तो चलो जी दुनिया में लड़कियों की कोई कमी नहीं है ,कोई और खूबसूरत लड़की देखेंगे। अपने लड़के लिए रिश्ता देखने आई कामिनी ने रीना को नकारते हुए अपने पति से कहा। पर कामिनी रीना के गुणों को देखो । वह अच्छे अंकों से स्नातक पास है , घर के सारे कार्यों में निपुण है रीना । हाँ जी सुन लिया आप चलते हैं कि नहीं मैं तो ता रही हूँ ऐसी सांवजी ले जाकर मेरी तो मोहल्ले में नाक कट जाएगी। आखिर महता जी को कामिनी की जिद्द के आगे झुकना पड़े और वो वहां से लौट आए। कुछ दिनों बाद कामिनी ने अपनी पंसद की लड़की से अपने बेटे की शादी करवा दी। उनकी छोटी बेटी दिव्या भी अब शादी के लायक हो गई थी। आज दिव्या को लड़के वाले देखने आ रहे हैं। घर में तैयारियां चल रही है मगर बेटे और चाँद-सी बहू का अभी तक पता नहीं कि वो आऐंगे या नहीं। खैर लड़के वाले जरूर पहुँचे । उन्होंने दिव्या को देखा मगर शादी के लिए राजी नहीं हुए। वैसे तो दिव्या के चरित्र में कोई दोष नहीं, अच्छी पढ़ी-लिखी भी है। पर एक ही कारण लड़के वालों ने बताया कि उसका रंग थोड़ा सांवला है इसलिए वो दिव्या का रिश्ता नहीं ले रहे। लड़के वालों का जवाब सुनकर कामिनी का व्यक्तिव उससे जवाब मांगने लगा था पर शायद उसके पास निरूत्तर रहने के अलावा कोई चारा भी नहीं था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1748 - विभिन्न प्रकार के नमकों के बारे में शोध कार्य करने वाले फ्रांस के रसायनशास्त्री बर्टले का जन्म। 1786 - पादरी फर्मिन लस्यूएन ने कैलिफोर्निया में स्पेनिश मिशन के दसवें हिस्से के रूप में मिशन सांता बारबरा की स्थापना की। 1791 - द ऑब्ज़र्वर का पहला अंक, दुनिया का पहला रविवार का अखबार, लंदन में प्रकाशित हुआ। 1796 - बाजीराव द्वितीय पेशवा बने। 1833 - आर्थर तप्पान ने फिलाडेल्फिया में अमेरिकी एंटी-स्लेवरी सोसाइटी गठित की। 1859 - मेकटेब-ए मुल्कियाय स्कूल ओटोमन साम्राज्य में स्थापित किया गया। 1860 - गोवा के मारगाव के अगस्टिनो लॉरेंसो ने पेरिस विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि ली औरविदेशी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि लेने वाले पहले भारतीय बने।

न्यूज गैलरी

आयुक्त द्वारा एसएलआरएम केंद्रों का निरीक्षण

भिलाई। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी द्वारा नेहरू नगर, पीली मिट्टी चौक, आईटीआई खुर्सीपार तथा रूआबांधा तालाब स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण आज प्रातः 6 बजे किया। सूखा कचरा गीला कचरा लाने वाले रिक्शा में यह देखा गया की सही तरीके से सूखे कचरे के डिब्बे में सुखा कचरा लाया जा रहा है तथा गीले कचरे के डिब्बे में गीले कचरा लाया जा रहा है अथवा नहीं। आयुक्त रघुवंशी ने डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाले रिक्शा चालक से कहा कि जहां भी कचरा संग्रहण करने जाएं उन स्थलों में भी उन्हें सुखा कचरा अलग कर व गीला कचरा अलग करके देने के लिए आग्रह करें ताकि एसएलआरएम सेंटर में कचरा पूर्व से पृथक होकर आए।

टिकट के लिए बगावत का दौर, भाजपा से ज्ञानेश्वर बागी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव में टिकट न मिलने पर बगावत का दौर शुरू हो गया है। दुर्ग नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा ने 60 में से 53 वार्डों के प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, वहीं कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। 6 दिसंबर को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है। भाजपा में जिस तरह कई सक्रिय पार्षदों की टिकट काटी गई है, उससे ये अटकलें लगाई जा रही है कि ऐन समय में टिकट वितरण में फेरबदल किया जा सकता है। इसके बावजूद बगावत का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस में भी टिकट के लिए रेड सिग्नल मिलते ही दावेदारों ने बगावत करते हुए चुनाव लड़ने ताल ठोंक दी है। गिरधारी नगर वार्ड 9 से भाजपा के सक्रिय पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने बगावत का ऐलान कर दिया है। इधर कांग्रेस के कुणाल तिवारी ने भी टिकट के लिए पार्टी

कांग्रेस के कुणाल और विवेक भी हुए बागी

से रेड सिग्नल मिलने के बाद नामांकन फार्म खरीद लिया। शहर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने भी पार्टी से टिकट न मिलने का संकेत मिलने के बाद गंजपारा वार्ड से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। विवेक का कहना है कि न्याय न मिलने के कारण बगावत करना पड़ रहा है। वे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के बेहद सक्रिय और टैक्स बढ़ोतरी का विरोध, बाजार की अव्यवस्था सुधारने सहित जनहित से जुड़े मुद्दों पर ज्ञानेश्वर लगातार मुखर रहे। उनकी टिकट कटी। समर्थन में वार्ड के नागरिक और कार्यकर्ताओं ने मंडल भाजपा अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष से चर्चा की। टिकट कटने पर नाराजगी जताई। जिला भाजपा अध्यक्ष उषा टावरी ने साफ कहा कि टिकट में बदलाव नहीं होगा। कार्यकर्ताओं ने जब इस्तीफा देने की बात कही तो उषा ने कार्यकर्ताओं को मनाने की बात कहते हुए फोन काट दिया। ज्ञानेश्वर को टिकट देने की मांग करते हुए वार्ड के शंभू पटेल, सुदामा सिंह ठाकुर, विजय साहू, रूप नारायण, अखिलेश यादव, नरेंद्र सोनी, नरेश पांडेय सहित कई कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने वार्ड में बैठक आयोजित की जिसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि ज्ञानेश्वर को निर्दलीय चुनाव लड़ाया जाएगा। महिलाओं ने साफ कहा कि वार्ड के नागरिकों की इच्छा का सम्मान नहीं किया गया। विरोध जताते हुए ज्ञानेश्वर आज को नामांकन दाखिल करेंगे।

युका के पूर्व शहर अध्यक्ष विवेक भी बने बागी

शहर युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने भी पार्टी से टिकट न मिलने का संकेत मिलने के बाद गंजपारा वार्ड में बगावती तेवर दिखाए हैं। श्री मिश्रा ने पार्टी में टिकट के लिए आवेदन किया था। उन्हें यह जानकारी मिली कि गंजपारा से सिर्फ एक नाम का पैनल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया है। पैनल में वर्तमान पार्षद ऋषभ जैन का नाम है। इसकी खबर मिलते ही विवेक ने आज नामांकन फार्म खरीद लिया। वे आज शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। विवेक के समर्थन में कांग्रेस नेता अमीर तिगाला ने कहा कि अब निर्दलीय चुनाव लड़ा जाएगा। पैनल में विवेक का नाम तक नहीं रखा जाना सरासर अन्याय है। नामांकन दाखिल करने की सारी तैयारी की जा रही है। विवेक मिश्रा न सिर्फ वार्ड बल्कि पूरे शहर में सक्रिय हैं। उनकी सक्रियता के साथ ही वे युवा वर्ग में काफी लोकप्रिय हैं। वार्ड चुनाव में कांग्रेस व भाजपा के घोषित प्रत्याशियों पर विवेक मिश्रा भारी पड़ेंगे।

एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष कुणाल ने भी ठोंकी ताल

एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष रह चुके कुणाल ने कहा कि वे 20 साल से पार्टी की सेवा कर रहे हैं। आवेदन करने के बावजूद उन्हें टिकट न मिलने के साफसंकेत मिल चुके हैं। समर्थकों की सलाह लेकर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। कुणाल का कहना है कि पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा जाएगा। कुणाल ने कहा कि नामांकन फार्म खरीदने के साथ ही उनके समर्थकों ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है।

अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम ने चलाया बुलडोजर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। निगम के कुरूद क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर जोन क्रं. 2 क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्ड 16 कुरूद रुंगटा कॉलेज के पीछे के अनाधिकृत रूप से निर्माण किए गए बाउंड्री, मार्ग संरचना, चूना लाइन को जेसीबी से हटाकर मूल स्वरूप में आज तब्दील कर दिया तथा चार ट्रक मुरूम भी मौके से जप्त किया गया।

कुरुद क्षेत्र के बिजली ऑफिस के पास भी इसी प्रकार से निर्माण के लिए नीव तैयार की गई थी जिसे भी निगम की तोड़फोड़ दस्ता ने हटाने की कार्यवाही की। निगम द्वारा पूर्व में भी कई दफा अवैध निर्माणकर्ता, अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जाती रही है। कुरूद क्षेत्र में ही इसी प्रकार की कार्यवाही पूर्व में भी की गई है। गौर करने वाली बात यह है कि अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले सामने उपस्थित नहीं होते हैं परंतु मार्ग संरचना आदि तैयार कर प्लाट को विक्रय हेतु तैयार कर देते हैंए खमरिया एवं जुनवानी में भी इसी प्रकार की स्थिति निर्मित हुई थी जिस पर निगम द्वारा उस दौरान भी प्लाट को मूल स्वरूप में तब्दील करने की कार्यवाही की थी। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं।

97 ने खरीदे व 16 ने किया नामांकन जमा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन नामांकन पत्र दाखिले व नामांकन खरीदी के लिए प्रत्याशियों ने तेजी दिखाई। कुल 97 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा वहीं 16 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन जमा किया। दुर्ग निगम के वार्ड 57 से जमुना साहू, वार्ड 36 से मनोज शर्मा भाजपा, वार्ड 39 से शकुन ढीमर, वार्ड 42 से पुष्पा उमरे, वार्ड 48 से महेश्वरी ठाकुर, वार्ड 58 से ब्रजलाल पटेल, वार्ड 7 से विभा नायक एवं अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। जबकि मेनका वर्मा वार्ड 33, सत्यवती पटेल वार्ड 5, यशोदा निर्मलकर वार्ड 42, विजय साहू वार्ड 3, श्याम शर्मा वार्ड 30, सोनिया सिन्हा वार्ड 4 एवं अन्य प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र खरीदा गया। नामांकन प्रक्रिया का तीसरा दिन होने से नामांकन पत्र वितरण केंद्र ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय कलेक्ट्रेट में प्रत्याशियों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। जिससे यहां भीड़ का आलम रहा। दुर्ग नगर पालिक निगम चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को 60 वार्डों में से 53 वार्डों के प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी है।

कैट ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। व्यापारियों एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा कैट की अगुवाई में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ज्ञापन सौपा। जिसमें प्रमुख कैट दुर्ग इकाई अध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन बड़जात्या, मिडिया प्रभारी संजय चौबे, अमर कोटवानी, दिलीप मरोठी, संजय मोहनानी, अनिल बल्लेवार, अनिल बाकलीवाल, प्रहलाद कश्यप, आशीष निम्जे, सुधीर खंडेलवाल, अरविन्द खंडेलवाल, राजेंद्र शर्मा, सुनील जैन, मनोज गोयल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं व्यापारिक संगठनो से जुड़े लोग शामिल थे। पवन बड़जात्या एवं संजय चौबे ने बताया की दुर्ग के बाजार के विकास हेतु मुख्यमंत्री को बतौर सुझाव होगी।

उपभोक्ता फोरम ने लगाया एक्सिस बैंक पर हर्जाना

बैंक मशीन से रकम जमा करने का ट्रांजैक्शन फेल होने पर नहीं लौटाई रकम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बैंक खाते में मशीन द्वारा रकम जमा करने के दौरान ट्रांजैक्शन फेल होने से परिवादी के खाते में रकम नहीं पहुंची जिसकी शिकायत के बाद भी एक्सिस बैंक ने परिवादी को रकम नहीं लौटाई। बैंक के इस आचरण को सेवा में निम्नता मानते हुए जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य राजेन्द्र पाध्ये और लता चंद्राकर ने बैंक पर रु 5198 हर्जाना लगाया। दोनों पक्षों के तर्को और दस्तावेजों के आधार पर जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य ने यह पाया कि परिवादी ने अपने खाते में दिनांक 21.11.2017 को मशीन द्वारा रकम जमा करने का प्रयास किया जिसका ट्रांजैक्शन फेल होने पर उसने बैंक से संपर्क किया और जब परिवादी ने जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद प्रस्तुत कर दिया तत्पश्चात प्रकरण लंबन के दौरान 11.10.2018 को बैंक ने परिवादी की रकम लौटाई गई जो कि ट्रांजैक्शन फेल होने के बाद 324 दिन विलंब से लौटाई गई। यदि परिवादी उपभोक्ता फोरम के समक्ष परिवाद प्रस्तुत नहीं करता तो संभवतः बैंक द्वारा परिवादी को उसकी राशि लौटाई ही नहीं जाती। प्रकरण में यह प्रमाणित हुआ कि बैंक ने परिवादी की समस्या के समाधान हेतु तत्परतापूर्वक कार्यवाही नहीं की और 324 दिनों तक परिवादी को भटकाने के बाद उसे उसकी राशि लौटाई जो कि सेवा में निम्नता की पराकाष्ठा है।

क्या है मामला

वैशालीनगर निवासी अरुण कुमार मिश्रा ने अपने एक्सिस बैंक के खाते में रकम जमा करने के लिए बैंक के एटीएम मशीन के द्वारा 21.11.2017 को रु 500 के 30 नोट कुल रु. 15000 जमा करने का प्रयास किया किंतु रकम मशीन में डालने पर ट्रांजेक्शन फेल हो गया, ट्रांजेक्शन फेल होने की रसीद भी परिवादी को मशीन से प्राप्त हुई, जिसके बाद परिवादी ने बैंक शाखा में संपर्क किया तो बैंक द्वारा 2-3 दिन में पैसा मिलने की बात कही गई किंतु ऐसा नहीं हुआ इसके बाद परिवादी कई महीनों तक बैंक के चक्कर लगाता रहा। उसकी राशि 15000 वापस नहीं मिली।

श्री शंकराचार्य में वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला

भिलाई (नवप्रदेश)। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला एकाउटिंग पैकेज एण्ड जॉब ऑपरचुनिट्ीज़ एबलेबल इन एकाउटिंग इन्डस्ट्रीज का आयोजन बी.कॉम अंतिम एवं एम.कॉम के विद्यार्थियों के लिए किया गया। महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. रक्षा सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय न केवल शिक्षा प्रदान करता है वरन अपने विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान कराने में भी सहायक रहता है। इस प्रकार की कार्यशालाएं इसी उद्देश्य की पूर्ति करती है। अतिरिक्त निदेशक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों की सोच को जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनने के दिशा में मोड़ते है ताकि वे बेरोगारी की समस्या से बच जायें।

आज शिविर

दुर्ग। विश्व की प्रसिद्ध चीनी कम्पनी टाईन्स द्वारा 4 दिसंबर को शगुनद्वार गवलीपारा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में थैरेपी चिकित्सा पद्धति से जटिल बीमारियों का समाधान खास बात होगी। शिविर में कम्पनी के ख्याति प्राप्त चिकित्सक अरविंद कुमार अपनी सेवाएं देगें। यह शिविर सुबह 10 बजे व शाम 5 बजे दो पालियों में चलेगा। शिविर में डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, थकावट, मोटापा, थाईराईड, अनिद्रा, गठिया, कब्ज, सर्वाइकल, सिरदर्द, सुन्नपन, हाथ-पैर में दर्द, जकडऩ आदि जटिल बीमारियों की निःशुल्क जांच एवं थैरेपी पद्धति से निवारण किया जाएगा। डॉ. अरविंद ने कहा कि हर व्यक्ति ऐलोपैथिक दवाईयाँ खाते रहते है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./252/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री हितेश कुमार जंघेल आ. श्री बिगन राम जंघेल निवासी सांई नगर उरला द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम उरला प.ह.न. 17/07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 597/15 रकबा 0.017 हें/1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./249/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आनंद सोनेकर आ. श्री गणपत सोनेकर निवासी नया आमापारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम उरला प.ह.न. 17/07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 597/14 रकबा 0.010 हें/1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./251/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सारिका मेश्राम पति श्री आशीष मेश्राम निवासी विजय नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम उरला प.ह.न. 17/07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 597/13 रकबा 0.010 हें/1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कमलेश्वरी साहू जौ. ललित कुमार साहू साकिन केसरिया बस्ती अर्जुन्दा बालोद तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम कुगदा प.ह.न. 59 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 266/3 रकबा 0.020 हें अर्थात 2200 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.12.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ललिता साहू जौ. हरीश साहू साकिन उरला तहसील पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 1144/14 रकबा 0.012 हें अर्थात 1305 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.12.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती कुमारी बाई साहू जौ. मेहत्तरराम साहू साकिन दाउ चौक उरला तहसील पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 1144/1 रकबा 0.020 हें अर्थात 2200 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.12.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्री शंकरलाल माण्डले आ. स्व. जयलाल साकिन डब्ल्यू.आर. एस. कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 59 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 270/12 रकबा 0.021 हें अर्थात 2258 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 18.12.2019 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SABITA W/O SUBRAT KUMAR SAHA निवासी QR.NO.-2/F, STREET-56, SECTOR-8, BHILAI, DIST-DURG, (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SABITA SAHA W/O SUBRAT KUMAR SAHA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SABITA SAHA W/O SUBRAT KUMAR SAHA से ही जाना पहचाना जावे।

SABITA SAHA
QR.NO.-2/F, STREET-56, SECTOR-8, BHILAI, DIST-DURG, (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं AMIT KUMAR S/O SATYA NARAYAN CHOURASIYA निवासी H.NO.-165, ARJUN NAGAR, WARD-19, CAMP-1, SUPELA, BHILAI, DIST-DURG (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम AMIT KUMAR CHOURASIYA S/O SATYA NARAYAN CHOURASIYA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम AMIT KUMAR CHOURASIYA S/O SATYA NARAYAN CHOURASIYA से ही जाना पहचाना जावे।

AMIT KUMAR CHOURASIYA
H.NO.-165, ARJUN NAGAR, WARD-19, CAMP-1, SUPELA, BHILAI, DIST-DURG (C.G.)

आम-सूचना

विदित हो कि मनोज राजपूत ले.आउट प्रा.लि. द्वारा रायपुर से प्रकाशित एक दैनिक समाचार.पत्र में दिनांक 20.08.2019 और उसके पश्चात् लगातार दैनिक समाचार पत्र में दुर्ग बाईपास टोल प्लाजा के पास प्लाट (आवासीय) एवं व्यवसायिक प्लाट क्रय करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। साथ ही साथ अन्य समाचार पत्रों में भी इसी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। मनोज राजपूत ले.आउट प्रा.लि. के नाम पर विज्ञापित जगह में कोई भी भूमि भूमिस्वामी के हक में नहीं है। उपरोक्त कंपनी की भूमिका एक एजेन्ट की हैं। उपरोक्त कंपनी का एजेन्ट के तौर पर रेरा रायपुर में पंजीयन नहीं किया गया हैं। बिना ऐजेन्ट का पंजीयन करा, उपरोक्त कंपनी ने जो दैनिक समाचार.पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया हैं। वह सद्भावना पूर्वक भूल के कारण हुआ हैं। उपरोक्त कंपनी द्वारा लगातार दैनिक समाचार पत्रों में जो विज्ञापन प्रकाशित किया गया हैं। उसका कंपनी द्वारा जनहित में खण्डन किया जा रहा हैं। इस प्रकार पूर्व में प्रकाशित समस्त विज्ञापन इस खण्डन के पश्चात् शून्य है और विधि अनुसार प्रभावशील नहीं है।

अतः सो सूचना जाने

मनोज राजपूत
ले.आउट प्रा.लि. बाइपास टोल प्लाज दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./264/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जसबीर कौर भाटिया वगै. पति स्व. गुरुदेव सिंह निवासी ग्राम गुरुनानक नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11/3 रकबा 0.101 हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार गुरुदेव सिंह आ. प्रीतम सिंह की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भागचंद जैन वगै. आ. लक्ष्मीचंद जैन साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम खपरी प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 74/2 रकबा 0.11 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से अशोक कुमार कुकरेजा आ. आचरदास से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांकरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.12.2019 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2018-19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शकील खान आ. हकीम खान साकिन कातुलबोर्ड दुर्ग द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 397/1 का टु. रकबा 1500 वर्गफीट हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से सोहनलाल देशमुख आ. स्व. फेरुराम देशमुख वगै. से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांकरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13.12.2019 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./241/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार शर्मा पिता राधेश्याम शर्मा निवासी ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 125/43 का टु. रकबा 0.008 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती लीलादेवी राठी पति भगवान दास राठी निवासी ग्राम महेश कालोनी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12.02.2012 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुखबत्ती पति लेडगू निवासी पाउवारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाउवारा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1013/3 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि लेडगूराम पिता दयाराम के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमि स्वामी की मृत्यु दिनांक 17.03.2003 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 28.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड रायपुर
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN-U4018T2003GCO51822
कार्यालय- कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण) रायपुर
न्यु पुरैना बस्ती रोड, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पुरैना के बाजू,
दूरभाष- 0771-2574766 Email-eecitysouth.raipur@cspc.co.in

क्रमांक/051-56/सामान्य/3441 — रायपुर, दिनांक 03/12/19

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर संभाग (दक्षिण) छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि. रायपुर के अंतर्गत निम्नांकित 33/11 के.व्ही. लाईनों का संधारण/रखरखाव एवं नई लाईनों से संबंधित कार्य किया जाना है। जिसके कारण कुछ स्थानों पर विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। अतः दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाए गए क्षेत्र में प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में वृद्धि की जा सकती है।

क्र.	दिनांक	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1.	04.12.2019 दिन बुधवार	11 के.व्ही. ढेबर सिटी फीडर	ढेबर सिटी भाटागांव।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा की बचत करें।

कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग (दक्षिण)
छ.स्टे.पा.डिस्ट्री.कं.लिमि., रायपुर

सं.-23702/3

■ न्यूज गैलरी

रायगढ़ से न्यू अमरावती के लिए 6 दिसम्बर को इज्तिमा स्पेशल ट्रैन

भाटापारा। यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा एक फेरे के लिए रायगढ़ से न्यू अमरावती के लिए एक स्पेशल इज्तिमा एक्सप्रेस ट्रैन 6 दिसम्बर को चलाई जा रही है। यह ट्रैन शाम 5 बजे रायगढ़ से छूटेगी तथा रात्रि सवा 8 बजे भाटापारा आकर दूसरे दिन प्रातः 8 बजे न्यू अमरावती पहुँचेगी।

बाइक की ठोकर से बालक घायल

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली में बाइक सवार ने पांच वर्षीय बच्चे को ठोकर मार दी। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार डूमरपाली निवासी गोविंद राम बघेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 नवंबर की शाम उनका भांजा उमाशंकर (5) घर के बाहर सड़क किनारे खेल रहा था। उसी दौरान एक मोटरसाइकिल झलप की ओर से आ रही थी। लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक सवार ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे बच्चे के बाएं पैर में चोंट आई है। उन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।

नई जिंदगी सार्थक जिंदगी जीने का दिया संदेश

महासमुंद। शासन द्वारा नवजीवन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें आत्महत्या के प्रकरणों में कमी लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी को बढ़ावा देने के लिए भंवरपुर सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर 'नई जिंदगी सार्थक जिंदगी' जीने का संदेश दिया।

छात्र-छात्राओं ने देखी विधानसभा की कार्रवाई

महासमुंद। शासकीय एमवीपीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के पुराने भवन में प्रभारी प्राचार्य डॉ अनुसूया अग्रवाल ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधानसभा में सदन की कार्रवाई, प्रस्ताव, प्रस्ताव पारित होने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मालती तिवारी, सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा, अतिथि सहायक प्राध्यापक विजय कुमार मिर्चे एवं राजनीति विज्ञान परिषद के छात्र सत्यप्रकाश साहू, भगवती सोनवानी, वर्षा चंद्राकर,आदि अनीता शामिल रहे।

बेलर मशीन से पैरा एकत्र करना हुआ आसान

महासमुंद। धान की कटाई-मिंजाई इन दिनों पूरे छत्तीसगढ़ में जोरों पर है, लेकिन एक बड़ी समस्या अब तक किसानों को होती रही है, वह है पैरा एकत्र करने की, बेलर मशीन ने बहुत ही आसान बना दिया है। इस सुविधा का श्रेय कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग को जाता है। हार्वेस्टर से फसल कटाई के बाद पैरा एकत्रित करने में अधिक मजदूरी लगने के कारण किसान खेतों में ही पैरा जला देते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है, पैरा जलाने पर सरकार ने पूरी तरह रोक लगा रखी है, इसके विकल्प के रूप में बेलर से पैरा इकट्ठा करने का दोहरा लाभ है एक तो प्रदूषण से मुक्ति और इसकी सरकार की महत्वपूर्ण योजना गांव-गांव में गौठान के लिए आसानी से पैरा भी उपलब्ध हो जा रहा है। बेलर मशीन पैरा को इकट्ठा कर बंडल बना देता है जिसे आसानी से ब्रिकी कर पैसा भी कमाया जा सकता है। पहले मजदूरों से पैरा उठवाने की स्थिति में समय व पैसा दोनों लगता था, पर आज कृषि यांत्रिकीकरण से राउंड बेलर मशीन द्वारा पैरा इकट्ठा करना आसान हो गया है।

खुले सेप्टिक टैंक में गिरी मासूम बच्ची, दर्दनाक मौत

ठेकेदार की लापरवाही से गई मासूम बच्ची की जान पीएम रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्यवाही

कवर्धा। निर्माणाधीन भवन के सेप्टिक टैंक में डूबने से 5 साल की बच्ची की मौत हो गई है. ठेकेदार की लापरवाही से सेप्टिक टैंक को खुला छोड़ दिया गया था। और उस पर स्लेब की बिना ढलाई किए पानी भरा गया था। जिसमें पांच वर्ष की मासूम बच्ची गिर गई और उसकी मौत हो गई । घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पिपरिया पुलिस पहुंची और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल अभी तक रिपोर्ट नही आ पाई है। मामले की जांच अभी जारी है। पीएम रिपोर्ट आने के साथ ही घटनाक्रम से पर्दा हटेगा और कार्यवाही की जाएगी।

मामला पिपरिया थाने क्षेत्र का है जहां ठेकेदार की लापरवाही से 5 साल की मासूम की जान चली गई। दरअसल नगर पंचायत का मंगल भवन निर्माणाधीन है। जहां सेप्टिक टैंक के लिए टंकी बनाई गई है, जिसमें ठेकेदार ने ढलाई नही किया था उस टैंक में पानी भरकर खुला छोड़ रखा था. बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य कुछ दिनों से रुका हुआ है। पास में ही रहने वाली पांच वर्षीय बच्ची अंशु यादव खेलते हुए टंकी के पास गई और उसमें गिर गई।

परिजनों को बच्ची दिखाई नहीं देने पर उसकी मां ने ढूंढते हुए टंकी के पास जाकर देखा तो बच्ची सेप्टिक टैंक में मृत मिली। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकालां पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

> फिलहाल इस घटना में धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद त्वरित कार्यवाही की जाएगी।
>
> **मुकेश सोम,** थाना प्रभारी पिपरिया

धान कोचिया के घर पर 18 सौ बोरा धान का अवैध भण्डारण, जब्त

कवर्धा। जिले में धान के अवैध परिवहन, भण्डारण और बिचैलियों द्वारा की जा रही अवैध भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने आज पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नवागांव मु.(डबरी) में चैतराम, शिबन, नेमूराम पिता सुधाराम के यहां घर और गोदाम परिसर में औचक छापामार की कार्यवाही की गई। इस छापामार कार्यवाहीं में छापामार कर 1800 बोरी, 720 क्विंटल धान का अवैध भण्डार पाया गया। टीम द्वारा इस धान के भण्डार के संबंध में आवश्यक जानकारी भी मांगी गई। संबंधितों के द्वारा कोई जानकरी नहीं दी गई। जिला खाद्य अधिकारी अरूण कुमार मेश्राम ने बताया कि धान के अवैध

भण्डारण को मंडी अधिनियम के तहत् कार्यवाही कर धान को जप्त किया। जब्त धान की अनुमानित कीमत लगभग 13लाख 6000 रूपए बताई गई है। जांच में खाद्य विभाग से खाद्य अधिकारी, अरूण मेश्राम एवं खाद्य निरीक्षक, सुश्री कल्याणी मरकाम एवं राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जप्त धान को जांच करने के लिए संबंधित तहसीलदार एवं पटवारी को सौपे गये है। जांच में पटवारी को निर्देशित किया गया है कि उक्त संबंधित व्यक्ति के धान का रकबा सत्यापन कर जानकारी उपलब्ध कराये।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के निर्देश में धान के अवैध भण्डारण, पडोसी राज्यों से आने वाले अवैध परिवहनों और स्थानीय स्तर पर मंडी अधिनियम के विरूद्ध खरीदी और भण्डारण करने वाले कोचियां पर निगरानी रखने के लिए जिला, ब्लाक और समितिवार निगरानी समिति का गठन किया गया है।

नेशनल फर्टिलाइजर्स ने किसानों को दिया प्रशिक्षण

भाटापारा। देश की अग्रणी उर्वरक निर्माता कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा, में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के राज्य प्रबंधक छत्तीसगढ़ श्री महेंद्र सिंह आंचलिक कार्यालय भोपाल से कृषि विस्तार कार्यक्रम प्रमुख श्री टी.के. जैन प्रभारी क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर श्री एस.जे. महाजन कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत जी तथा अन्य वैज्ञानिक गण एवं 62 किसानों सहित कुल 70 लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री के.पी.एस. किरार, जिला प्रभारी रायपुर ने एन.एफएल. एवं इसके विभिन्न उत्पादों के विषय में संक्षिप्त में जानकारी दी।

ससुरालियों से तंग आकर बहु की आत्महत्या के मामले में पति सहित तीन लोग गिरफ्तार

भाटापारा। ससुराल वाले की प्रताड़ना से तंग आ कर ट्रैन से कटकर आत्महत्या के मामले में ग्रामीण पुलिस ने जाँच के बाद मृतिका के पति,सास और ससुर को गिरफ्तार कर न्यायलय के निर्देश पर जेल भेज आगे की कार्यवाही कर रही है।

उपरोक्त सम्बन्ध में ग्रामीण थानेदार नरेश चौहान ने बताया की ग्राम गोरदी की दामिनी साहू पति शिवदयाल उर्फ़ छोटू साहू ने 8 सितम्बर को ट्रैन से कट कर आत्महत्या कर ली थी।जिस पर ग्रामीण थाना में मर्ग कायम कर जाँच चालू की गई। इस मामले में पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल के निर्देश पर थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के मर्ग क्रमांक 97/19 की जाँच दौरान मृतिका दामिनी साहू की शादी सामाजिक रीति रिवाज के साथ वर्ष 2016 में शिवदयाल उर्फ सोनू साहू निवासी ग्राम गोरदी के साथ हुई थी शादी के कुछ दिन बाद मृतिका के पति सास ससुर द्वारा घरेलू एवं अन्य काम को लेकर लड़ाई झगड़ा करना तथा मायके चले जाओ कह कर प्रताड़ित करना जिससे दामिनी साहू परेशान होकर दिनांक 08.09.2019 को ट्रैन से कटकर आत्महत्या कर ली जिसकी जांच दौरान मृतिका की माता पिता एवं अन्य गवाहों के कथन के आधार पर अपराध धारा 306,34 भादवि का घटित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 515/19 कायम कर जांच में लिया गया और आत्महत्या के मामले में मृतिका के पति शिवदयाल उर्फ सोनू उम्र 27 वर्ष ,ससुर .सीपत राम साहू उमर 49 वर्ष सास श्रीमती जामुन बाई साहू 45 वर्ष निवासी ग्राम गोरदी को विधिवत कर न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

स्कली बच्चों से जाना कलेक्टर ने स्कूल का हाल

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने जिले के छुरिया विकासखंड के वनांचल के गांव बादराटोला में प्रायमरी स्कूल के बच्चों से ही स्कूल में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन और स्कूल का हाल जाना। श्री मौर्य धान खरीदी के पहले दिन उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण करने दौरे पर गए थे। कलेक्टर ने छुरिया विकासखंड के नए धान उपार्जन केंद्र बादरा टोला का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर धान खरीदी के लिए तैयार किए गए मैदान में किसानों से खेती किसानी के संबंध में चर्चा करते समय स्कूल के बारे में पूछ रहे थे, तभी उनकी नजर पास में ही खड़े तीन बच्चों पर पड़ी। श्री मौर्य ने बच्चों को पास बुलाकर स्कूल के बारे में जानकारी ली। कक्षा चौथी के जितेश ध्रुव, दूसरी के पंकज साहू तथा पहली के छात्र किशोर ने बताया कि स्कूल में मध्यान्ह भोजन मिलता है। स्कूल ड्रेस, पाठ्य पुस्तक मिल गई।

सेक्टर स्तरीय पुरुष क्रिकेट स्पर्धा में दिग्विजय कालेज रही उप-विजेता

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के तत्वावधान सेक्टर स्तरीय पुरूष क्रिकेट का स्पर्धा आयोजन किया गया। जिसके फाईनल में सीआईटी महाविद्यालय विजेता तथा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव उपविजेता रही। फाईनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीआईटी महाविद्यालय ने 19 ओवर में 114 रन बनाये। 115 रन के स्कोर का पीछा करते हुए दिग्विजय महाविद्यालय की पूरी टीम 64 रन बनाकर आल आउट हो गई।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. गंधेश्वरी सिंह प्राचार्य शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल भावनओं से खेलने के लिये बधाई दी एवं कहा कि किसी भी विधा में सफल होने के लिये एकाग्रता होना आवश्यक है।

विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

राजनांदगांव। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर के मार्गदर्शन में जन कल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजनांदगांव ब्लॉक के पटेवा में टेंट लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें मितानिन, पंचायत प्रतिनिधि, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवा, महिला-पुरूषों को रेड रिबन बांधकर तथा हस्ताक्षर कराकर जागरूक करने का प्रयास किया गया। डोंगरगांव विकासखंड के

आरी एवं डोंगरगांव में संगोष्ठी, खैरागढ़ विकासखंड के अमलीडीह में संगोष्ठी, डोगरगढ़ विकासखंड के ठाकुरटोला एवं कटली में संगोष्ठी एवं रैली, छुईखदान ब्लॉक के पुरैना में संगोष्ठी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली में एचआईवी एड्स संक्रमण के कारण व बचाव के उपाय संबंधी बैनर व पोस्टर के नारों के माध्यम से जागरूकता का प्रयास किया गया एवं जन समुदाय को प्रचार प्रसार संबंधी पाम्प्लेट वितरित किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रमों के माध्यम से एचआईवी एड्स संक्रमण के चार कारणों व संक्रमण से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई। एचआईवी एड्स संक्रमण के चार कारणो मे बताया गया कि पहला असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, दूसरा संक्रमित रक्त किसी अन्य व्यक्ति को चढ़ाने से, तीसरा संक्रमित सुई या सीरिंज के दोबारा प्रयोग करने से, चौथा संक्रमित गर्भवती माता से होने वाले शिशु को, एचआईवी एड्स संक्रमण के चार कारणो से बचाव के उपाय की जानकारी इस प्रकार दी गई-सुरक्षित यौन संबंध बनाने से अर्थात् कंडोम के प्रयोग से, जांचा-परखा रक्त चढ़ाने से, नये सुई या सीरिंज के प्रयोग से, संक्रमित गर्भवती माता का संस्थागत प्रसव या चिकित्सकीय देखरेख में प्रसव कराने से।

योग, प्राणायाम से अवगत हो रहे शिविरार्थी

महासमुंद। शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के रासेयो के सामान्य इकाई एवं महिला इकाई के 100 स्वयंसेवकों का सात दिवसीय शिविर भूतिया में 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित है। शिविर का उद्घाटन सरपंच तुलाराम प्रधान, डॉ. एएल पटेल, सेमलिया सरपंच मीनकेतन पटेल, प्राचार्य महेश दास की उपस्थिति में हुआ। पहले दिन देवेंद्र प्रधान ने योग सामान्य आसन की महत्वपूर्ण जानकारी दी। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता यशवंत चौधरी ने युवाओं के व्यक्तित्व विकास में योग एवं मार्शल आर्ट का महत्व बताया। द्वितीय दिवस प्रभातफेरी निकालकर लक्ष्य गीत प्रेरक नारे और गांव की गलियों में सफाई की गई । योग प्रशिक्षक अर्जुन कुजूर एवं बुद्धेश्वर दास स्वयंसेवकों को योग क्रिया, आसन, प्राणायाम ध्यान की महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे हैं । तीसरे दिवस प्रातः परियोजना कार्य के अंतर्गत गांव वालों के गोठान का अवलोकन कर खाद बनाने ग्रामीणों को जानकारी दी गई तथा स्वयंसेवकों ने गोठान परिसर की साफ -सफाई की।

किसानों का आंदोलन सातवें दिन भी जारी रिकोकला में सोसायटी खोलने की मांग

महासमुंद। रिकोकला में सोसायटी खोलने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन सातवें दिन भी जारी रहा। जब तक शासन यहां सोयायटी खोलने आदेश जारी नहीं करती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

छतवन, डूमरपाली, रिकोखुर्द, रुनझुनी और लुकाउपाली के 500 किसान सरकार के सरकार के फैसले के खिलाफ लामबंद होकर आंदोलन के राह में चले गए हैं। इन पांच गांवों के किसानों ने रिकोकला में धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग की है। पूर्व में ही शासन स्तर पर रिकोकला में धान खरीदी केंद्र खोले जाने की मांग को लेकर पत्र लिखा गया था और विभागीय स्तरपर मौखिक सहमति मिली थी। लेकिन सरकार द्वारा जारी सूची में रिकोकला का नाम न होने से 5 गांवों के समर्थन में पूरे 41 गांवों के किसान एकजुट हो रहे हैं। वनांचल ग्राम बया में प्राथमिक साख समिति है। इस समिति में 41 गांवों के 3 हजार 236 पंजीकृत किसान हैं। ग्राम रिकोकला, छतवन, डूमरपाली, रिकोखुर्द, रुनझुनी और लुकाउपाली के लगभग 500 किसान बया में अपना धान बेचने आते हैं। इस गांवों की दूरी बया से लगभग 12-10 किलोमीटर की स्थित है। एक दिसंबर से धान खरीदी शुरू होने से ग्रामीण धान बेचने नहीं पहुंच रहे हैं।

संजय डफले एमसीएमसी कमेटी के सदस्य नियुक्त

महासमुंद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने नवभारत के ब्यूरो चीफसंजय डफ्ले को जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का सदस्य नियुक्त किया है। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार नगरपालिका आम निर्वाचन 2019 हेतु उक्त समिति का गठन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुनील कुमार जैन इस कमेटी के अध्यक्ष हैं तथा सुरेन्द्र शुक्ल सहायक संचालक जिला जनसंपर्क महासमुन्द इसके सदस्य सचिव हैं। यह तीन सदस्यीय कमेटी नगरपालिका चुनाव के दौरान किसी भी राजनैतिक विज्ञापन की जांच के बाद इसे सार्वजनिक मीडिया में प्रकाशन, प्रसारण की अनुमति देगी। किसी भी राजनीतिक दल समूह अथवा प्रत्याशी को सार्वजनिक मीडिया में कोई विज्ञापन देने से पहले इस कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मीडिया के विज्ञापनों का प्रमाणन, प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों का व्यय और समाचारों की आड़ में विज्ञापन यानी पेड न्यूज पर कमेटी निगरानी करेगी।

जन-जागरण प्लास्टिक मुक्त शहर के लिये होगा प्रयास, व्यापारियों ने दी सहमति

प्लास्टिक कैरीबैग जप्त कर निगम ने वसूले 12 हजार

राजनांदगांव। शासन निर्देश के अनुक्रम में एवं प्लास्टिक मुक्त शहर की परिकल्पना को साकार करने नगर निगम द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण कर प्लास्टिक जप्ती एवं जुर्माना की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम के स्वास्थ्य की टीम द्वारा गोल बाजार व गुड़ाखू लाईन क्षेत्र के7 दुकानों में छापामार 18 किलो प्लास्टिक जप्त कर 12 हजार 9 सौ रूपये का जुर्माना वसूला गया और शहर को प्लास्टिक मुक्त किये जाने व्यापारियों से सहमति ली गई।

नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर निगम के स्वास्थ्य एवं राजस्व अमला द्वारा मौसमी एवं संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका को देखते हुये होटलों,प्रतिष्ठानों,फल व सब्जी दुकानों आदि के लाईसेंस निरीक्षण,पालीथीन का उपयोग

नहीं करने एवं सड़े गले खाद्य पदार्थो को नष्ट करने प्रतिदिन निरीक्षण कर विनिष्टीकरण एवं जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही एन्टी प्लास्टिक स्काट के तहत प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाये जाने पर प्लास्टिक जप्ती की कार्यवाही की जानी है। इसी कडी में टीम द्वारा आज गोल बाजार व गुड़ाखू लाईन क्षेत्र के 7 दुकानों में छापामार 18 किलो प्लास्टिक जप्त कर 12 हजार 9 सौ रूपये का जुर्माना वसूला गया।

आयुक्त श्री कौशिक ने बताया कि प्रतिदिन समझाईस देने के बाद भी कई व्यवसायियों द्वारा प्लास्टिक कैरी बैग एवं प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है, जिसका निगम के अमला द्वारा निरीक्षण कर जप्ती की कार्यवाही कर रहे हैं। इसी कडी में आज अमला द्वारा प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाये जाने पर गोल बाजार मेंश्री विकास साहू फल दुकान व शांति यादव सब्जी दुकान से 1-1 बैग प्लास्टिक जप्त कर 200-200 रूपये जुर्माना, गोलू सब्जी दुकान से आधा बैग प्लास्टिक जप्त कर 200 रूपये जुर्माना एवं अशोक कुमार अंजुममल दुकान से 100 ग्राम प्लास्टिक जप्ती कर 300 रूपये जुर्माना, हरिओम अनाज दुकान से 2 किलो प्लास्टिक जप्त कर 2000 रूपये जुर्माना तथा बजाज प्लास्टिक से 2 किलो प्लास्टिक जप्त कर 10 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपरीक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव। जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2019-20 में पार्षद पद के लिए निर्वाचन व्यय सीमा के प्रावधान के संबंध में निर्वाचन व्यय संपरीक्षकों का प्रशिक्षण बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्वाचन आयोग से जारी निर्वाचन लेखा व्यय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को चुनाव में खर्च अपने

नगरीय निकाय के लिए निर्धारित व्यय सीमा के अंदर ही करना होगा। पार्षद पद के निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा नगर पंचायत के लिए 50 हजार रूपए, नगर पालिका परिषद के लिए एक लाख 50 हजार रूपए और नगर पालिक निगम के लिए जहां 3 लाख तक के जनसंख्या वाले नगर पालिक निगम में 3 लाख रूपए व्यय सीमा है।

जो अधिकारी कर रहे थे विरोध अब वहीं निर्माण में लग गए

■ 24 घंटे में दर्ज हुई एफआईआर, सहयोग में लगा वन विभाग

नवप्रदेश संवाददाता

तिल्दा-नेवरा। शमशान घाट मार्ग निर्माण पर रोक लगाने वाले वन विभाग ही अब नगरपालिका पर मेहरबान नजर आ रहे हैं। ऐसी कौन सी ताकत के सामने वन विभाग को विवश होना पड़ा जो महज 24 घंटे में नगरपालिका के निर्माण एजेंसी के खिलाफ कायम की गई दर्ज अपराध को ठंडे बस्ते में डालकर मार्ग निर्माण में ही सहभागिता निभा रहे हैं। गत दिनों नगरपालिका ने सासाहोली मे वन विभाग के अधिकृत भूमि जहां पर वृक्षारोपण किया है उनको प्रभावित करते हुए प्लांटेशन के मध्य से रास्ता निकाल रहा था जिस पर वन विभाग के अधिकारियों ने आपत्ति करते हुए नगरपालिका निर्माण एजेंसी के खिलाफ अपराध कायम करते हुए जेसीबी पर जब्तीनामा का कार्रवाई कर निर्माण कार्य पर रोक लगाई। इस कार्रवाई के 24 घंटे उपरांत वन विभाग के अधिकारियों का रूख ही बदल गया जो विरोध कर रहे थे वे ही अधिकारी रोड निर्माण में सहयोग कर रहे हैं।

वन विभाग के अधिकारियों का विरोध के पश्चात कुछ ही घंटों में मार्ग निर्माण में सहयोगात्मक रवैया अपनाना संदेहास्पद है। निर्माणाधीन मार्ग एक ब्यवसायी के निजी प्लाट की ओर जाती है जिनकी वहां पर कालोनी बसाने की मंशा है। उक्त कालोनीनिवासी के निज प्लाट के सामने वन विभाग ने अपने अधिग्रहित भूमि पर प्लांटेशन (वृक्षारोपण) किया है जिससे कालोनाइजर्स को आवा जाही हेतु सुगम मार्ग के लिए भटकना पड़ रहा है इनके चलते कथित ब्यवसायी का विकसीत कालोनी का सपना साकार नहीं हो पा रहा है नगरवासियों का आरोप है कि नगरपालिका ने कालोनइजर्स को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने के वास्ते शमशान घाट मार्ग निर्माण के नाम पर वन विभाग द्वारा किये गये प्लांटेशन को चीरकर रोड का निर्माण कर रहा है और वही वन विभाग के कार्यशैली पर शंका जाहिर करते हुए लोगों का कहना है कि वन विभाग विवादित स्थल जहां हरी हर छत्तीसगढ़ योजना के तहत प्लांटेशन किया गया है।

उनको राजस्व भूमि का हवाला देते हुए अधिग्रहित भूमि को छोड़ने का विवशता जाहिर कर रहे हैं इस मामले पर नगर वासियों ने सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि अगर यह भूमि राजस्व की है तो फिर शासन का लाखों रूपया खर्च कर प्लांटेशन (वृक्षारोपण) करना कितना सार्थक है वही नगरपालिका पर सांठगांठ का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में वन विभाग वृक्षारोपण के दौरान प्लांटेशन क्षेत्र को विभाजित कर मध्य से शमशान घाट के लिए रास्ता मुहैया करायी है तो फिर अन्य स्थल जहां से कालोनाइजर को सुविधा हो वहां से रास्ता निकालने का अभिप्राय क्या है जाहिर है कि नगरपालिका कथित कालोनइजर्स को लाभ पहुंचाने के वास्ते शमशान घाट आवागमन सुविधा के नाम पर प्लांटेशन को प्रभावित कर मार्ग का निर्माण कर रहा है।

इनका कहना है

निर्माणाधीन मार्ग में गत वर्ष कालोनाइजर्स के द्वारा मार्ग निर्माण हेतु मुरूम फिलींग कर पुनः प्रयास किया गया था उस समय वन विभाग के अमला ने स्वयं मार्ग निर्माण में रोक लगाई थी नगरपालिका से टेंडर भी निरस्त किया गया था आनन फानन में नगरपालिका विरोध के बावजूद विसंगति पूर्वक टेंडर किया है।

-ईश्वर यदू, वार्ड पार्षद शंकर वार्ड क्रमांक -01 तिल्दा-नेवरा

सूचना दिए बिना नगरपालिका निर्माण एजेंसी के द्वारा एकाएक प्लांटेशन(वृक्षारोपण) के मध्य मार्ग निर्माण को अग्रसर जेसीबी का उपयोग किया जा रहा था हमने उन पर कार्रवाई किया तत्पश्चात नगरपालिका तिल्दा-नेवरा सीएमओ ने निर्माणाधीन रोड भूमि की दस्तावेज प्रस्तुत किया जिनमें टेंडर से संबंधित प्रस्ताव भी था।

-दीपक तिवारी, डिप्टी रेंजर वन परिक्षेत्र रायपुर

पंचायत खैंदा में ग्राम सभा की बैठक संपन्न

लवन। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार ग्राम पंचायत विकास योजना से संबंधित विशेष ग्राम सभा बैठक का आयोजन सरपंच श्रीमति निर्मला देवी साहू की उपस्थिति में पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें गांव की मुलभूत समस्याओं को लेकर वर्ष 2019-20 का वार्षिक कार्य योजना तैयार कर सर्व सम्मति से अनुरोध भी किया गया। ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा द्वारा जानकारी दिया गया कि ग्राम पंचायत खैंदा में वर्ष 2019-20 के वित्तिय वर्ष में प्राप्त आवेदन एवं व्यय किये जाने राशि एवं कार्यो का अनुमोदन किया गया।

राज्यपाल से विकासखंडों में चल रहे फर्जी एनजीओ की हुई शिकायत

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। गत् दिवस वीरांगना दुर्गावती महिला बिग्रेड एवं छ.ग.अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ कबीरधाम के पदाधिकारी शिशुपाल सोरी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिला गोंड़वाना गोंड़ महासभा एवं विधायक कांकेर के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल अनुसईया उइके से राजभवन के दरबार हाल में सौजन्य मुलाकात की।

उक्त मुलाकात के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए छ.ग. अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ कबीरधाम के जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने चर्चो के दौरान महामहिम को अवगत कराया कि कबीरधाम जिला के विकास खंड बोड़ला एवं स-लोहारा में फर्जी एनजीओ के माध्यम से भोले-भाले आदिवासियो की गाढ़ी कमाई को अधिक पैसा का लालच देकर जमा कराते हुए ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, जिस पर अंकुश लगाते हुए विकास खंड बोड़ला को ट्रायबल ब्लाक घोषित करने की मांग करते हुए फर्जी एनजीओ के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावे। हाल ही में वन विभाग द्वारा वर्षो से निवासरत संरक्षित 36 बैगा आदिवासी परिवार ग्राम बगबुड़ा के मकान को तोड़ फोड़ कर बेदखल कर दिया गया है। जो कि इस कड़ाके की ठंड में छोटे-छोटे मासूम बच्चों के साथ खुली आसमान के नीचे रहने के लिए विवश हो गये है। आगामी वर्ष 2020 में विश्व आदिवासी दिवस के लिए महामहिम राज्यपाल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कबीरधाम जिला के प्रतिनिधियों की समस्या एवं मांग को सहृदय से स्वीकार करते हुए बैगा आदिवासियों के प्रति हो रहे अत्याचार पर प्रतिबंध लगाने हेतु संबंधित विभाग एवं आयोग को पत्र जारी करते हुए संज्ञान में लेने की बात कही, तथा विस्थापित बैगा परिवार को शीघ्र राहत दिलाने का भरोसा दिलाया।

बेलर मशीन के सहयोग से ग्रामीण कर रहे पैरादान

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। सुराजी गांव योजना से लोगों के जुड़ाव का ही नतीजा है कि ग्रामीण स्वंय आगे आकर अपने खेतों का पैरादान गौठान के लिए कर रहें है। जिले के बहुत से ग्रामीण अपने स्वेच्छा से पैरादान कर रहें है। आधुनिक तकनीक हारवेस्टर मशीन से कटने वाले धान का पैरा जो पहले उपयोग में नहीं आ पा रहा था उसे बेलर मशीन के सहयोग से बंडलींग बनाते हुए गौठान के लिए सुरक्षित रखा जा रहा है। जिससे की गौठान में आने वाले पशुधन को साल भर चारा सहज रूप से उपलब्ध हो। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विजय दयाराम ने जानकारी देते हुए बताया की ग्राम बिरकोना से विद्या बाई पति घुनारी ने अपने डेढ़ एकड़ खेत के पैरा को आदर्श गौठान बिरकोना के लिए दान दिया है। इसी तरह बिरकोना से ही राम निहोर पिता सुकालु ने अपने एक एकड़ खेत का पैरा दान कर दिया है। अब-तक बेलर मशीन के द्वारा पैरे का 105 बंडल तैयार किया गया है, तथा प्रति बंडल 15 किलो के मान से है। अब तक 15.75 क्विंटल पैरा का दान ग्रामीणो द्वारा किया गया है।

धान के बिचौलियों, अवैध परिवहन और भंडारण पर सख्त कार्रवाई करें: कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिले में वास्तविक किसानों को धान बिक्री का वाजिब हक दिलाने के लिए धान उपार्जन केन्द्रों धान बिक्री के लिए जारी की जाने वाली टोकन को फसल रकबा के लिए तैयार किए गिरदावरी रिपोर्ट तथा उनके खसरा-रकबा से मिलानकर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने कबीरधाम जिले में वास्तविक किसानों को शासन की इस योजना का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ धान खरीदी केन्द्रों में पारदर्शिता लाने, धान के अवैध परिवहनों तथा धान के अवैध भंडारण, बिक्री को रोकने और बिचैलियों पर कार्यवाही करने के लिए संबंधित एसडीएम, तहसीलदार,खाद्य विभाग और निगरानी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होने किसानों से यह भी आग्रह किया है कि अगर उनके उपार्जन केन्द्रों के आसपास धान के अवैध परिवहन और भण्डारण और बिचोलियों द्वारा धान की खरीदी कर भण्डारण किया जा रहा है, इसकी है तो तत्काल जिला खाद्य कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07741-232048 पर जानकारी दे सकते है। जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

भाजपा के प्रत्याशियों के नाम पर लगी मुहर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगरी निकाय चुनाव को लेकर जहां सभी पार्टियां प्रत्याशियों के चयन को लेकर कई बैठकों का आयोजन कर चुके हैं वहीं प्रत्याशियों के चयन पर अत्यधिक तर्क वितर्क भी लगाए गए हैं। फिलहाल भाजपा ने पिपरिया व पांडातराई के प्रत्याशियों के नाम पर अपनी मुहर लगा दी है वहीं कांग्रेस पार्टी अभी तक अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं कर पाया है नगरी निकाय चुनाव में जहां शुरू से ही प्रत्याशियों के चयन को लेकर प्रभारियों ने खूब मेहनत की वहीं अब प्रत्याशियों के नाम पर भाजपा ने मुहर लगा दिया है। हो सकता है कि आज या कल कांग्रेस के प्रत्याशियों के नाम जल्द ही सामने आएंगे एक और जहां पांडातराई मे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कई तरह के तोडभांज किए गए वहीं अब उन प्रत्याशियों को राहत की सांस मिल गई है जिनके नाम पर पार्टी ने मुहर लगा दिया है चुनावी दौर में अब पार्टी ने जिन पर भरोसा जताकर चुनावी रणभूमि में उतारा है वह कितना खरा उतरते हैं और जनता के बीच किन मुद्दों को लेकर पहुंचते हैं यह महत्वपूर्ण होगा फिलहाल पांडातराई और पिपरिया से प्रत्याशियों को लेकर दुविधा खत्म हो चुकी है। नगर पंचायत पांडातराई के प्रत्याशियो के नाम पर लगी पार्टी की मुहर भाजपा ने जारी किया अधिकृत प्रत्याशियों की सूची वार्ड क्रमांक 01 से श्रीमति रूखमणी रामू पाण्डेय, वार्ड क्रमांक 02 फूलचंद विश्राम साहू, वार्ड क्रमांक 03 राजकुमारी विश्वनाथ चन्द्रवंशी, वार्ड क्रमांक 04 मानचंद दलिचंद टंडन, वार्ड क्रमांक 06 अजयगिरी शत्रुहनगिरी गोस्वामी, वार्ड क्रमांक 08 सुर्यकांत लाला सोनी, वार्ड क्रमांक 09 कविता सुशील गुप्ता, वार्ड क्रमांक 11 कन्हैया बलूक चन्द्रवंशी, वार्ड क्रमांक 12 मोहम्मद वली नामदार खान। नगर पंचायत पिपरिया के प्रयाशियो के नाम पर लगी पार्टी की मुहर भाजपा ने जारी किया अधिकृत प्रत्याशियों की सूची वार्ड क्रमांक 01 से रामकली शिवचरण पटेल, वार्ड क्रमांक 02 विक्की श्याम सुंदर अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 03 मेलन बुधरू पटेल, वार्ड क्रमांक 04 अनिल लतेल श्रीवास, वार्ड क्रमांक 05 मिथला श्रवण केशरी, वार्ड क्रमांक 06 रंजना रामकुमार केशरी, वार्ड क्रमांक 07 मुकेश रज्जू सोनी, वार्ड क्रमांक 08 कमलकांत सुखनंदन नाविक, वार्ड क्रमांक 09 नंदाहंसा पाटिला, वार्ड क्रमांक 10 कजला लाला पाटिल, वार्ड क्रमांक 11 प्रेमलाल दुकलहा साहू, वार्ड क्रमांक 12 गणेश सुखराम चन्द्रवंशी, वार्ड क्रमांक 13 तुकाराम जगदीश साहू, वार्ड क्रमांक 14 झगराम मेहतर साहू, वार्ड क्रमांक 15 लोकेश जोधन साहू।

■ कांग्रेस ने अब तक नहीं की प्रत्याशियों की घोषणा

साइबर सुरक्षा और विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया

कवर्धा। डीएवीएमपीएस धरमपुरा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा दिवस एवं विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस' वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा को लेकर जनमानस में चिंता बढ़ गई है जिसकी जागरूकता आवश्यक हैं। अंतर्राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा दिवस के अवसर पर प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा वर्तमान समय में मोबाइल आदि के माध्यम से सोशल साइट का प्रयोग बढ़ रहा है , जिसमें व्यक्ति सामान्य रूप से अपने फोटो आदि डाल देता है अन्य आदि जानकारियां भी सोशल साइट में भेज देता है।

■ न्यूज गैलरी

युवा महोत्सव खेल प्रतियोगिता आज

कवर्धा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला कबीरधाम द्वारा युवा महोत्सव खेल प्रतियोगिता के तहत चार दिसंबर को खो-खो, कबड्डी, व्हालीबॉल एवं रॉक बैड सीधे राज्य स्तर पर सम्मिलित किया जायेगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार पारम्परिक वेशभुषा विविध वेशभुषा प्रतियोगिता और फुड फेस्टीवल में छत्तीसगढी व्यंजनों के आधार पर प्रतियोगिता आऊटडोर स्टेडियम कवर्धा में किया जायेगा।

निधन

सुशीला देवी सिन्हा



डोंगरगढ़ । पत्रकार श्री रोहन सिन्हा व श्री सोनकुमार सिन्हा(सोनल) पूर्व अध्यछ प्रेस क्लब डोंगरगढ़ की माताजी श्रीमती सुशीला देवी सिन्हा जी का आज शाम आकस्मिक निधन हो गया।

मुन्ना दास मानिकपुरी



खरोरा। मन्नुदास मानिकपुरी उम्र 60 वर्ष पिता स्व श्री सुन्दरदास मानिकपुरी निवासी वार्ड 11 कृष्णा नगर खरोरा निवासी का निधन 2 दिसंबर को हो गया । वह भूत पूर्व वार्ड 11 के पार्षद थे ,मनोहर दास मानिकपुरी के छोटे भाई व लोचन दास , छनुदास , मदनदास,गुड्डुदास मानिकपुरी के बड़े भाई थे । इसके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

धान खरीदी निरीक्षण के लिए उपार्जन केन्द्र पहुंचे जिला अधिकारी

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। प्रदेश के साथ ही गरियाबंद जिले में भी 01 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गयी है। जिले में धान खरीदी हेतु 62 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने शासन की मंशा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को मैदानी स्तर पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग के साथ ही धान उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण का दायित्व सौंपा है। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में सभी जिला प्रमुख अधिकारी उपार्जन केन्द्रों में दबिश देने निकल पड़े है। वे वहां पर मास्चर्स मशीन से धान की नमी, किसानों को टोकन की उपलब्धता, किसानों की ऋण पुस्तिका मिलान, धान बोरे की व्यवस्था और उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्था पर पैनी निगाह रख रहे है। अधिकारियों के निरीक्षण से बिचैलियों/कोचियों के हौसले पस्त हुए हैं। वहीं उपार्जन केन्द्रों में अन्य जगह की धान खपाने के उनके मनसुबे पर पानी फिर गया है। कलेक्टर ने आज अधिकारियों की समय-सीमा बैठक में अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण का सराहना किया।

नल से निकला सांप पानी भरने वाले डरे

कवर्धा। जिले के वार्ड नंबर 14 में निवास करने वाले सुषमा चंदेल के यहां नगरपालिका से नल कनेक्शन लिया गया है रोज की तरह सुबह पानी भर रहे थे लेकिन पानी के साथ ही जब अचानक सांप निकला तो चैक गई और इस विषय को लेकर सोशल मीडिया में भी दिनभर तरह-तरह की बातें चलती रही एक और जहां सरोदा बांध से जो पानी शहर में सप्लाई किया जा रहा है उस पाइप लाइन से कई बार शुबाम निकलने की बातें सामने आ चुकी हैं लेकिन यह तो अजीबोगरीब घटना घटित हुई जब नल से सीधा सांप ही निकल गया और इस विषय में वार्डो में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी

गौठानों में किसान कर रहे हैं पैरा दान

■ ग्राम पंचायत बारूला के गौठान समिति का अनुकरणीय पहल

■ जिला प्रशासन की पहल रंग लाई

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। खरीफ फसल कटाई और मिजाई के पश्चात खेत खलिहानों में पड़े पैरा को अब अंचल के किसान जलाना छोड़कर गौठानों में दान देने लगे हैं। फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बारूला के गौठान समिति ने यह अनुकरणीय पहल करते हुए पैरा गौठान में दान दिया है। अवगत है कि इस क्षेत्र में फसल कटाई के पश्चात बचे अवशिष्ट को जलाने की प्रवृत्ति रही है। पिछले एक वर्ष से जिला प्रशासन द्वारा किसानों को पैरा नहीं जलाने की समझाईश दी जा रही है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्देशों का अनुपालन करने में जिला प्रशासन सदैव अग्रणी रहा है। जिले के कलेक्टर श्री श्याम धावड़े द्वारा किसानों से बार-बार अपील की गई थी, जिसका असर अब दिखने लगा है। कुछ दिन पहले ही कलेक्टर ने स्वयं गांव-गांव में रात्रि चैपाल लगाकर किसानों को समझाईश दी थी। प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल ने भी फसल अवशेष जलाने पर चिन्ता जाहिर करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया था कि राज्य के किसान पर्यावरण का ख्याल रखते हुए शेष बचे पैरा गौठानों में दान देंगे या फिर जैविक खाद बनाकर उसका फिर से खेतों में उपयोग करेंगे।

गड़बड़ी | परिवार को बनाया मजदूर, गबन की मनरेगा की राशि, जांच में सही पाये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

रोजगार सहायक पर मनरेगा में भ्रष्टाचार का लगा आरोप

■ मामला ग्राम पंचायत हरदी का

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। पैसा ऐसी चीज है जो अच्छे-अच्छे की बुद्धि फेर देता है रुपयों की खनक ने एक रोजगार सहायक को इस कदर फेर दिया कि उसने अपने परिवार के नाम से मनरेगा के कार्य मस्टर रोल में फर्जी हाजरी चढ़ाकर हजारो रुपियो का गबन कर लिया। मामला है जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत हरदी का जंहा सरपंच प्रतिनिधि ने अपने पंचायत के रोजगार सहायक चन्द्रकांत नारंगे के ऊपर गंभीर आरोप लगाकर कलेक्टर को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग किए है। ग्राम पंचायत हरदी के पंचायत प्रतिनिधि रामप्रसाद वर्मा, पंच नारायण पटेल ने शिकायत पत्र की प्रति उपलब्ध कराते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक चन्द्रकांत नारंगे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में बिना सरपंच, सचिव के जानकारी के बिना फर्जी मस्टर रोल तैयार कर हजारों रूपये का गबन किया गया। रोजगार सहायक के द्वारा अपने घर के माता-पिता, बड़े मां, बड़े पिता एवं अन्य सदस्यों का जो आज तक कोई भी कार्य नहीं किया है। सभी का फर्जी मस्टररोल तैयार कर राशि आहरण कर शासन की योजनाओं को पलीता लगाया है।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा के तहत वर्ष 2018 में स्वीकृत छोटे तालाब गहरीकरण के मस्टररोल क्रमांक 15745, 15748, 3671, 3680, 2736, 2740 में अपने परिवार के लोगों का फर्जी मस्टररोल तैयार कर राशि का आहरण किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास के गरीब मजदुर हितग्राही छज्जन सतनामी पिता सुखूराम सतनामी, भृगुराम वर्मा पिता पिताम्बर वर्मा को आवास के लिये दिये जाने वाले 90 दिनों की मजदुरी भी अपने रिस्तेदारों के नाम फर्जी हाजरी चढ़ाकर डकार लिए गए। शिकायर्ताओं के द्वारा 9 अगस्त 2019 को कलेक्टर को शिकायत आवेदन देकर जांच कार्यवाही के लिए दिया था। जिस पर कलेक्टर के द्वारा जांच टीम गठित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया था। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के कार्यक्रम अधिकारी अविनाश पैकरा द्वारा ग्राम पंचायत हरदी में जांच हेतु पहुंचकर ब्यान लिया। जिसमें मस्टर रोल का मिलान करने पर पता चला कि रोजगार सहायक द्वारा फर्जी मस्टरोल के द्वारा मनरेगा की राशि में भ्रष्टाचार किया है। उपस्थित ग्रामीणों ने अपने ब्यान में बताया कि इनके परिवार के कोई भी सदस्य आज तक मनरेगा के कार्यो में कभी भी कार्य नहीं किया।

इनका कहना है

शिकायत पर जांच कर लिया गया है, जांच का प्रतिवेदन जिला पंचायत को भेजा जा चूका है, आगे की कार्यवाही जिला पंचायत के द्वारा किया जायेगा।

अविनाश पैकरा, कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत बलौदाबाजार बाजार

इस संबंध में रोजगार सहायक चंद्रकांत नारंगे से कथन लेने का प्रयास किया गया किंतु उनका फोन कवरेज से बाहर बता गया।

फर्जी एनकाउंटर मामले की रिपोर्ट का परीक्षण, तथ्यों के आधर पर होगी करवाई : सीएम

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दोनदरों में पत्रकारों से चर्चा करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि फर्जी एनकाउंटर मामले की जांच रिपोर्ट का परीक्षण कराया जा रहा ,तथ्यों के आधार पर करवाई की जाएगी। रिपोर्ट लीक होन का पर सवाल उठाने वाली यही विपक्ष जब सरकार में थी तो 17 लोगो के मारे जाने की इतनी बड़ी घटना पर कोई एक्शन नही लिया, तब मौन थे और अब हल्ला मचा रहे है।नगरीय निकाय चुनाव के लिए आज शाम को होने वाली बैठक के बाद पार्षद प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। उक्त बाते प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने पत्रकारों से कही . मुयमंत्री मंगलवार को पूर्व सांसद डॉ बंशीलाल महतो के निधन के दसवें दिन यानि दशगात्र के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे .डॉ महतो को श्रद्धांजलि देने प्रदेश समेत देशभर के अलग-अलग हिस्सों से नेता और दुसरे लोग पहुंचे हुए थे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह भी अलग-अलग माध्यम से कोरबा पहुंचे थे. जहाँ उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थन की और डॉ महतो के शोक संशप्त परिजनों से भेंटकर उनका ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री वापसी के दौरान बेलाकछार के हेलीपैड पर सीएम भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा की. उन्होंने डॉ महतो के समूचे राजनितिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की. श्री बघेल ने कहा की डॉ महतो का व्यक्तित्व अद्भुत था. वे जिस रूप में जिए सिर्फ लोगो की सेवा करते रहे. वह नेता के तौर पर भी और बतौर एक डॉक्टर जनता की नब्ज को बेहतर ढंग से समझते थे और इस तरह वह नेता और डॉक्टर दोनों ही रूप में सेवक की तरह रहे. उनके निधन से एक शून्य पैदा हुआ है जिसकी भरपाई मुश्किल होगी।

रोज 3 करोड़ वसूला जा रहा भूपेश टैक्स : डा रमन

भाजपा नेता स्व बंशी लाल के दशगात्र में पहुँचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने राज्य में अवैध शराब के एवज में हर रोज तीन करोड़ रुपये भूपेश टेक्स वसूले जाने का आरोप लगाया है।अधिक दर पर दबाव बनाकर सरकारी दुकानों में शराब बेचने मजबूर किया जा रहा है।सरकार के एक साल पूरे ही गए है लेकिन कही भी विकास कार्य पूरे नही हो सके है।नरवा घुरूवा बाड़ी योजना पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कहा नरवा है कहा घूरवा ये भूपेश ही जाने।नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

मुंडा धान खरीदी केंद्र में तीसरे दिन हुई धान की बोहनी

लवन। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लवन के उपार्जन केंद्र अंतर्गत मुंडा धान खरीदी केंद्र में 3 दिसंबर दिन मंगलवार को मुंडा के कृषक गेंद राम वर्मा के महामाया धान को तौलकर धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। धान खरीदी का शुभारंभ मंगलवार को समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे, उपाध्यक्ष राम प्रताप वर्मा, संचालक चंद्रेश वर्मा, भूतपूर्व सरपंच कीरीत राम वर्मा के द्वारा पूजा-अर्चना श्रीफल फोड़कर किसानों का धान तौल कर किया गया। इस दौरान प्रथम कृषक गेंद राम वर्मा के द्वारा 26 क्विंटल 80 किलो धान बेचा गया। शाखा प्रबंधक आर. के नवरंग के द्वारा कृषक को गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया।

नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा के 7 दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का समापन

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नेहरू युवा केन्द्र संगठन कवर्धा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सयुंक्त तत्वाधान में स्वामी करपात्री जी हायर सेकण्ड्री स्कूल कवर्धा में सात दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 10 वर्ष से 19 वर्ष के बीच 40 बच्चो ने भाग लिया। प्रशिक्षण में अलग अलग दिन विभिन्न विषयों पर विस्तृत रूप से क्लास लगाया गया। जीवन कौशल के अंतर्गत उनमे छिपी प्रतिभा को निखारने की साथ साथ उनके मानसिक सोच को भी विस्तार किया गया। सात दिवस के प्रशिक्षण में एक दिन फील्ड विजिट भी रहा जिसमे प्रशिक्षणार्थियों ने वृद्धा आश्रम कवर्धा का भ्रमण किया। प्रशिक्षण के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल सीईओ जनपद पंचायत कवर्धा चेतन पांडेय ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि संजय दुबे ने जीवन कौशल का सार बतलाया। कैरियर मार्गदर्शक के रूप में विद्याय कोचिंग के डायरेक्टर लोकनाथ देवांगन ने अपना मार्गदर्शन दिया।

भाजपा ने की पार्षद प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। ने मंगलवार को तीन निकाय छुरी नगर पंचायत, कटघोरा नगर पालिका व पाली नगर पंचायत के पार्षद के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। छुरी में वार्ड नंबर एक से राधेश्याम बिंझवार, वार्ड नंबर दो से मनोज कुमार विश्वास, वार्ड नंबर तीन से सुशीला बिंझवार, वार्ड नंबर चार से लता देवी साहू, वार्ड नंबर पांच से संतोष कुमार केंवट, वार्ड नंबर छह से जानकी यादव, वार्ड नंबर सात से रेणु पंजवानी, वार्ड नंबर आठ से महेंद्र सिंह राजपूत, वार्ड नंबर नौ से जगराम यादव, वार्ड नंबर दस से हीरानंद पंजवानी, वार्ड नंबर 11 से करुणाशंकर देवांगन, वार्ड नंबर 12 से शोभादेवी राजपूत, वार्ड नंबर 13 से रमेश श्रीवास, वार्ड नंबर 14 से शकुंतला बाई गोंड़, वार्ड नंबर 15 से नीराबाई चेलकर को प्रत्याशी बनाया गया है। इसमें से वार्ड क्र.8 व वार्ड क्र. 12 से बनाए गए प्रत्याशी पति-पत्नी हैं। इसके अलावा हीरानंद पंजवानी व रेणु पंजवानी पति-पत्नी को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह कटघोरा में वार्ड नंबर एक से पवन जायसवाल, वार्ड नंबर दो से ममता अग्रवाल, वार्ड नंबर तीन से अजय जांगड़े, वार्ड नंबर चार से अर्चना अग्रवाल, वार्ड नंबर पांच से वीरेंद्र मोहन कश्यप, वार्ड नंबर छह से कीर्ति केंवट, वार्ड नंबर सात से उदेश्वर सिंह, वार्ड नंबर आठ से रिंकु विश्वकर्मा, वार्ड नंबर नौ से पवन अग्रवाल, वार्ड नंबर 10 से देवकुमार दुबे, वार्ड नंबर 11 से नजरूननिशा, वार्ड नंबर 12 से शैल आरमो, वार्ड नंबर 13 से आत्मानारायण पटेल, वार्ड नंबर 14 से शरद गोयल, वार्ड नंबर 15 से बजरंग पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दाऊ के एक हांका...

पर जनजागरूकता फैलाएं तथा ग्रामीणों की यथासंभव मदद करें। आज स्थानीय अमले ने पूरे समय ग्रामीणों के साथ चर्चा की। गांव भर में मुनादी कराई गई। सीईओ जिला पंचायत कुंदन कुमार भी सभी गौठान वाले गांवों में गए। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि गौठान में पशुओं के लिए जितना अधिक चारा रहेगा, उतना ही मवेशियों द्वारा फसल नष्ट होने का खतरा घट जाएगा। इसका सीधा लाभ ग्रामीणों को ही मिलेगा। जिन गांवों में गौठानों में पशु रखे गए, वहां की फसलें सुरक्षित रहीं।

पैरादान योजना से...

42.2 डिग्री तक पहुंच जाता है। इससे मिट्टी के स्वास्थ्यवर्धक बैक्टीरिया और फंगल नष्ट हो जाते हैं यह बैक्टीरिया तथा फंगल मिट्टी की सेहत के लिए काफी अच्छे होते हैं और इनके नष्ट होने से मिट्टी की ऊर्वरा शक्ति भी कम हो जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक एक टन पराली जलाने से 5.5 किलोग्राम नाइट्रोजन, 2.3 किलोग्राम फास्फोरस और 25 किलोग्राम पोटैशियम तथा 1 किलोग्राम सल्फर मिट्टी खो बैठती है। अनुमान के मुताबिक एक टन पराली जलाने पर हवा में तीन किलो कार्बन कण, 60 किलो कार्बन मोनो आक्साइड, 200 किलो राख, 1500 किलो कार्बन डाइआक्साइड, 2 किलो सल्फरडाई आक्साइड निकलता है। इस तरह से देखा जाए तो 1119 क्विंटल पैरा बचाने से एक दिन में वायु प्रदूषण कितना अधिक थमेगा। इससे हवा में 333 किलो कार्बन कण नहीं घुलेंगे। हवा में 6660 किलो कार्बन मोनो आक्साइड, 166500 किलोग्राम कार्बनडाइ आक्साइड, 22200 किलोग्राम राख, 222 किलो सल्फर डाई आक्साइड दुर्ग के वातावरण में नहीं घुलेगी।

मंतूराम ने दिया...

था। पुलिस की विशेष जांच टीम के सदस्य सीएसपी अभिषेख माहेश्वरी भी मौके पर थे। उन्हों ने बताया कि आज मंतूराम पवार को टेस्ट के लिए नोटिस दी गई थी। अब कल बुधवार को सुबह 11 बजे हाल ही में जेल से जमानत पर रिहा हुए फिरोज सिद्दीकी की आवाज का सैंपल लिया जाएगा।

अभिषेक माहेश्वरी के मुताबिक नोटिस जारी करने के बाद मंतूराम पवार ने वॉयस सैंपल देने की इच्छा जाहिर की थी. उनकी सहमति के बाद मेकाहारा के ऑडियो लॉजिकल्स में सैम्पल के लिया गया. सैंपल लेने के लिए एक ऐसे जगह की जरूरत रहती है जहां बाहर की आवाज न आए. लिए गए वॉयस को सीडी के माध्यम से जांच के लिए भेजा जाएगा. रिकार्डिंग में जो शब्द है, उससे मिलते जुलते शब्द बोलवाये गए है. करीब 20 मिनट की रिकॉर्डिंग हुई है उसे जांच के लिए भेजा जा रहा है. उन्हें ट्रांसक्रिप्ट तैयार करके दिया गया था। फिरोज सिद्दीकी के वकील शाहिद सिद्दीकी ने बयान जारी कर कहा कि एसआईटी ने नोटिस जारी कर वॉयस सैंपल देने के लिए बुलाया है। वॉयस सैंपल देने के बाद आरोपियों की मुश्किलें बढ़ जाएगी। इस पूरे प्रकरण के स्टिंग ऑपरेशन करने वाले फिरोज सिद्दीकी शुरू से ये बात कहते रहे है कि टेप में उनकी आवाज है और स्टिंग ऑपरेशन भी उन्ही के द्वारा राजनीतिक क्राइम को रोकने के उद्देश्य से किया गया था.

रमन और जोगी क्यों...

कहा है कि कोर्ट और जांच टीम को सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिसकी वजह से जांच में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि अंतागढ़ मामले में उनके खिलाफ कई सारे आरोप लगाये गये हैं, वे चाहते हैं सब कुछ साफ हो और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी हो। उन्होंने कहा कि इस मामले दूसरे आरोपियों की भी वायस सैंपल लिया जाना चाहिये, ताकि जांच आगे बढ़ सके। मंतूराम ने एसआईटी से अनुरोध किया कि उनकी आवाज को उनके सामने रखा जाये, अगर ऐसा किया गया तो वो खुद ही अपनी आवाज को पहचान लेंगे, इसमें आवाज को मिलान कराने की जरूरत नहीं होगी।

पार्षद बनने...

द्वारा जारी नो-ड्यूज प्रमाण पत्र, परिशिष्ट 18 में मतपत्र तथा निर्वाचन संबंधी दस्तावेजों में लिखे जाने वाले नाम की अंग्रेजी व हिन्दी में जानकारी दिया जाना अनिवार्य है। श्री पांडे ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नाम निर्देशन पत्र के साथ चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने का कोई निर्देश नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि अभ्यर्थी मार्ग दर्शिका पुस्तिका जिला कलेक्टोरेट में कार्यालयीन समय में मात्र 50 रूपये की कीमत पर विक्रय हेतु उपलब्ध है।

बैंक में पृथक बैंक खाता खोलना अनिवार्य

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के पार्षद पद के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने के पूर्व सभी अभ्यर्थियों को बैंक में पृथक बैंक खाता खोलना अनिवार्य किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर डॉ. एस. भारतीदासन ने रायपुर जिले के सभी बैंकों को आयोग के इस निर्देश से अवगत कराते हुए निर्देशित किया है कि वे पार्षद पद के अभ्यर्थियों के आवेदन तिथि को ही पृथक बैंक खाता खुलवायें। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा है कि वे व्यक्तिगत रूप से रूचि लेकर निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

भाजपा पार्षद प्रत्याशियों...

नगर निगम के वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के ज्यादातर नाम तय हो गए हैं। कुछ प्रमुख नेताओं को प्रत्याशी बनाया जा रहा है। जिनमें रमन मंदिर वार्ड से सूर्यकांत राठौर, तात्यापारा से प्रफुल्ल विश्वकर्मा, इंदिरागांधी वार्ड से सुभाष अग्रवाल, अरविंद दीक्षित वार्ड से सुभाष तिवारी, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से मीनल चौबे, कालीमाता वार्ड से संजय श्रीवास्तव का नाम शामिल है। सूत्रों के मुताबिक कुछ और नेताओं के नाम पर सहमति बन गई है। जिनमें योगेन्द्र वर्मा, सुनील चौधरी, सुनील बांद्रे, सीमा साहू, प्रमोद साहू, मनोज वर्मा और कमल साहू का नाम भी चर्चा में है। दूसरी तरफ, कांग्रेस में महापौर प्रमोद दुबे के भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है। हालांकि उनका काफी विरोध भी हो रहा है। लेकिन इस पर फैसला प्रदेश की चुनाव समिति में होगा। इधर कांग्रेस के एक प्रमुख नेता के मुताबिक ज्यादातर जिलों की सूची आ गई है। इन सूची को प्रदेश की चुनाव समिति की बैठक में हरी झंडी मिल सकती है।

राजनांदगांव: चिटफंड कंपनी...

श्री अवस्थी ने निर्देश दिए कि चिटफण्ड कंपनियों के एजेंटों पर चल रहे प्रकरणों को न्यायालय के माध्यम से शीघ्र ही वापस ले, साथ ही कंपनियों के संचालकों की संपत्तियां कुर्क कर निवेशकों को शीघ्र ही राशि लौटाने की प्रक्रिया शुरू की जाये।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पुलिस महानिदेशक श्री डी.एम. अवस्थी ने चिटफण्ड कंपनियों के एजेंटों के विरूद्ध न्यायालय एवं पुलिस के समक्ष विवेचनाधीन प्रकरणों की समीक्षा की। राज्य के सभी जिलों में कुल 38 प्रकरणों में 113 एजेंटों के नाम पृथक करने की कार्यवाही की गई है। जिनमें न्यायालय में विचाराधीन 33 प्रकरणों से 102 एजेंट और पुलिस के समक्ष विवेचनाधीन 5 प्रकरणों से 11 एजेंटों के नाम पृथक करने की कार्यवाही की गई है। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में रायपुर जिले में 16 प्रकरणों से 42 एजेंट, धमतरी जिले में 4 प्रकरणों से 7 एजेंट, महासमुन्द जिले में 3 प्रकरणों से 12 एजेंट, दुर्ग जिले में 11 एजेंट, बालोद जिले में 1 प्रकरण से 2 एजेंट, बिलासपुर जिले में 2 प्रकरण से 6 एजेंट, मुंगेली जिले से 1 एजेंट, जांजगीर जिले में 8 एजेंट और कोरबा जिले में 2 प्रकरणों से 6 एजेंट के नाम पृथक किये गये हैं। पुलिस के समक्ष विवेचनाधीन प्रकरणों में से महासमुन्द जिले में 3 प्रकरणों में 9 एजेंट, बिलासपुर जिले में 2 प्रकरणों से 2 एजेंटों के नाम पृथक किये गये हैं।

शाह ने दिया...

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'बिल पढ़ने के बाद भी सदस्यों में कुछ भ्रांति है, जनता में भी है, मीडिया में भी है। कुछ लोग कह रहे हैं कि इस बिल को एक परिवार को ध्यान में रखकर लाया गया है। गांधी परिवार के 3 सदस्यों को ध्यान में रखकर लाया गया है। ऐसा नहीं है। इस बिल और गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा के बीच कोई संबंध नहीं है।'

प्रियंका की सुरक्षा में...

और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जमकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। वेणुगोपाल ने तो यहां तक कहा कि एसपीजी सुरक्षा हटाकर मुख्य विपक्षी दल के शीर्ष नेताओं के जीवन को खतरे में डाला गया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

दशरंगपुर। आध्यात्मिक शक्ति हमारे मनोबल को ऊँचा रखकर,विपरीत परिस्थिति में भी संघर्ष करने हेतु, आत्मविश्वास कायम रखता है।'' यह उद्बोधन मुख्य अतिथि की आसंदी से कवर्धा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जलेश कुमार चंद्रवंशी के थे। प्राचार्य आर.एस.कलिहारी ने कहा कि-''कर्म ही पूजा है,को ध्येय मानते हुए,हमें ईश्वर पर भी आस्था रखना चाहिए,तो सफलता निश्चित है।'' एस.एम.डी.सी. अध्यक्ष महेश केशरी ने संगीत-भजन को मनुष्य के तनाव को कम करने में सहायक बताया । सांसद प्रतिनिधि नरेश केशरी ने प्रभु श्री राम के चरित्र को आत्मसात करने प्रेरित किया। जिला संगठक डॉ.के.एस.परिहार मैंडम के मार्गदर्शन तथा हेमधर साहू के नेतृत्व में ग्राम-पारा-खण्डसरा जारी,राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस,''संगीत-भजन' का कार्यक्रम रखा गया,,जिसमें ग्रामवासियों ने आकर्षक वेशभूषा में,''ज्योति मानस परिवार'' ने सुमधुर मानस गान कर, ''सुन्दरकाण्ड'' की व्याख्या से दर्शकों का मुरीद बना दिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि,बी.आर.सी. जलेश कुमार चंद्रवंशी ने तिलक व माल्यार्पण कर,201 रू. तथा सम्मान पत्र से ''ज्योति मानस परिवार'' के सदस्यों का सम्मान किया ।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति जोनल निविदा सूचना क्र. 07 (प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक 1256/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2019 कबीरधाम, दिनांक 03/12/2019

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल के ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नदर्शित विकासखण्ड में जोनल निविदा (10.00 लाख से कम) के निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 20.12.2019 तक आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2
जोनल निविदा विकासखण्ड कवर्धा के अंतर्गत भाग 02	40.00 लाख
जोनल निविदा विकासखण्ड कवर्धा के अंतर्गत भाग 03	40.00 लाख
जोनल निविदा विकासखण्ड स.लोहारा के अंतर्गत भाग 02	40.00 लाख
जोनल निविदा विकासखण्ड बोड़ला के अंतर्गत भाग 02	40.00 लाख
जोनल निविदा विकासखण्ड पण्डरिया के अंतर्गत भाग 02	40.00 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://cg.nic.in/resworks/ में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 04.12.2019 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

जी-75569/2

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

// अल्पावधि निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांकः पुअ/कोण्डा/एसी/एम/5441-B/19 कोण्डागांव, दिनांक 02/12/2019

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफे पद्धति से पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोण्डागांव के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के भवन निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाए गए प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र ''अ'' में लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार (डी श्रेणी एवं अधिक) से दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) पंजीकृत पावती युक्त डाक पोस्ट से कार्यालयीन समय में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 26.12.2019
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.12.2019 (15:00 बजे तक)
3. निविदा खोले जाने की तिथि 27.12.2019 (16:00 बजे तक)

क्रं.	कार्य का नाम एवं कार्यस्थल	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर राशि
1.	आईटीबीपी कैंप कोकोड़ी, गोलावण्ड, राणापाल में 01-01 तड़िक चालक लगाने हेतु	76000/-	1520/-
2.	आईटीबीपी 41वीं वाहिनी कंपनी, मुख्यालय कैंप राणापाल में बोरवेल खनन कार्य	150000/-	3000/-
3.	सीआरपीएफ कैम्प जोबा में उपलब्ध 09 बैरकों में फॉल सिलिंग कार्य	864000/-	17280/-
4.	सीआरपीएफ कैम्प विश्रामपुरी में 01 सेट टायलेट/ बाथरूम ब्लाक मय ओपन वाटर टैंक निर्माण कार्य	945000/-	18900/-
5.	आईटीबीपी 41वीं वाहिनी कंपनी मुख्यालय कैंप हड़ेली में ट्यूबलर स्ट्रक्चर बैरक निर्माण कार्य	900000/-	18000/-
6.	सीआरपीएफ कैंप मुनगापदर में 10 नग ट्यूबलर स्ट्रक्चर बैरक निर्माण कार्य	900000/-	18000/-
7.	उमनि आईटीबीपी कार्यालय चिखलपुटी में 04-04 नग टायलेट/बाथरूम निर्माण कार्य	400000/-	8000/-
8.	आईटीबीपी 41वीं वाहिनी कंपनी मुख्यालय कैंप गोलावण्ड में 05 नग टायलेट निर्माण कार्य	250000/-	5000/-
9.	आईटीबीपी 41वीं वाहिनी कंपनी मुख्यालय कैंप हड़ेली में 05 नग टायलेट निर्माण कार्य	250000/-	5000/-
10.	सीआरपीएफ कैंप मुनगापदर में उपलब्ध 07 बैरक में फॉल सिलिंग कार्य	672000/-	13440/-

नोट :- निविदा प्रपत्र क्रय हेतु 0055 पुलिस मिसलेनियस 800 अन्य प्राप्तियां मद में राशि रु. 750.00 का चालान जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जावेगा। निविदा संबंधी अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक
जिला कोण्डागांव

जी-75538/2

डिजिटल साक्षरता ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन सम्पन्न हुआ

कवर्धा। स्कूल शिक्षा विभाग के जिला लोक शिक्षा समिति अन्तर्गत जिले के प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में ई-साक्षरता केंद्र का संचालन कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर केंद्र में 6-7वॉ बैच का ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन 30 नवंबर को प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में आयोजित किया गया। इसमें कुल 50 लोगो ने पंजीकृत होकर शत-प्रतिशत शिक्षार्थियो ने मूल्यांकन में शामिल हुआ तथा पिछले मूल्यांकन में असफल चार शिक्षार्थियों ने भी शामिल हुए जिसमें कुल 54 में से 52 शिक्षार्थी ने सफल हुए, वही 2 शिक्षार्थी को आगामी मूल्यांकन में शामिल होने हेतु अवसर दिया गया हैं। प्रारंभ से अब तक 175 लोगो ने मूल्यांकन में शामिल हो चूके हैं मूल्यांकन प्रथम बैच सबेरे 9.30 से 10 बजे तक तथा दूसरी बैच की 11.30 से 12 बजे तक आधा-आधा घंटे की ऑनलाईन मूल्यांकन राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशन में छत्तीसगढ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी (चिप्स) द्वारा किया गया।

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III, रायपुर, व्यवसायिक परिसर, प्रथम तल, व्ही.आई.पी. रोड, मौल श्री विहार, पुरैना, रायपुर
फोन नं. 0771-4059185 E-mail ID em_zone2@yahoo.com

//आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नया रायपुर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक MIG MID FLOOR,07/203 श्री खिलावन सिंह राठौर पिता श्री रामरतन सिंह राठौर पता- पुरानी बस्ती खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 14.10.2016 को रजिस्ट्री पश्चात आधिपत्य की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है।

श्री खिलावन सिंह राठौर की मृत्यु दिनांक 01.10.2018 को हो गया है। श्री रामरतन सिंह राठौर पिता श्री गजाधर सिंह राठौर, पता- पुरानी बस्ती खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) में अपने पुत्र की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्री रामरतन सिंह राठौर पिता गजाधर सिंह राठौर के नाम पर नामांतरण करने पर यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-III, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी आरंग, जिला रायपुर में निर्मित अटल विहार योजनांतर्गत भवन क्र. एलआईजी टाईप-।, भवन क्र. 03, श्री सुरेश पिडकलवार पिता स्व. श्री विट्ठलराव पिडकलवार के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 28.12.2017 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी श्री सुरेश पिडकलवार पिता स्व. श्री विट्ठलराव पिडकलवार, निवासी- आय-24, सिंचाई कालोनी, शांतिनगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री हितेन्द्र कुमार बंजारे पिता श्री गैंदराम बंजारे पता- ग्राम व पोस्ट मोहला, थाना व तहसील-मोहला, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता श्री हितेन्द्र कुमार बंजारे पिता श्री गैंदराम बंजारे पता- ग्राम व पोस्ट मोहला, थाना व तहसील मोहला, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन/ भूखण्ड के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-5, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित ढांचा योजना में से भवन/ भूखण्ड क्र. ढांचा-284 में श्री रैनसिंह ठाकुर पिता श्री शिव सिंह ठाकुर को स्ववित्तीय/ एकमुश्त/आफर आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दि. 20/01/2011 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा मण्डल से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भवन श्री मनोज मसंद पिता स्व. साजन दास मसंद के पक्ष में दिनांक 18/06/2012 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/ भूखण्ड क्रेता श्री मनोज मसंद पिता स्व. साजन दास मसंद के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 310/19-20
वार्ड का नाम- कालीमाता-30

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कालीमाता-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ फ्लैट नं.-301 क्रिस्टल आरकेड जो कि निगम अभिलेख में श्री गोपालचन्द्र सरकार s/o बी.पी. सरकार के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती नीता गट्टानी w/o श्याम गट्टानी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 03/12/19

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

तब्बू से रोमांस करेंगे ईशान!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता इशान खट्टर सिल्वर स्क्रीन पर अभिनेत्री तब्बू के साथ रोमांस करते नजर आयेंगे। ईशान खट्टर इन दिनो वेब सीरीज ए सूटेबल बॉय की शूटिंग में बिजी हैं। इसमें ईशान के साथ तब्बू की जोड़ी नजर आएगी। वेब सीरीज ए सूटेबल बॉय का फर्स्ट लुक भी जारी हो गया है। ईशान ने अपने इंस्टाग्राम पर इसे शेयर किया है। सीरीज का फर्स्ट लुक देखने के बाद पता चल रहा है कि वेब सीरीज में ईशान एक युवक के किरदार में नजर आएंगे जो एक वेश्या की सुंदरता में मंत्रमुग्ध हो जाता है। वेब सीरीज में वेश्या के किरदार में तब्बू नजर आएंगी। ईशान एक कॉलेज स्टूडेंट के किरदार में नजर आएंगे।

पोस्टर में ईशान खट्टर ने धोती और टीशर्ट पहनी हुई है जबकि तब्बू बिल्कुल अलग ढंग में लकड़ी के झूले पर बैठी हुई है। तब्बू ने बालों में चमेली के फूल लगाए हुए हैं। वेब सीरीज में ईशान खट्टर एक अमीर घराने के लड़के के किरदार में नजर आएंगे। इसमें ईशान के किरदार का नाम मान होगा जो अपने राजनेता पिता से बिल्कुल भी खुश नहीं है।

QUIZ TIME

1) अंग्रेजों का सबसे पहला संघर्ष किस मुगल सम्राट के साथ हुआ था?
(क) जहाँगीर (ख) औरंगजेब (ग) बहादुर शाह जफर
2) समाजवादी पार्टी के संस्थापक कौन थे? (जय प्रकाश नारायण / लालबहादुर शास्त्री)
3) विश्व का सबसे बड़ा यात्री विमान एयर बस ए-380 है। (सही / गलत)
4) किस देश ने सर्वप्रथम पोस्ट कार्ड की शुरूआत किया था?
5) मोटर चालित वाहन का नाम बतायें जो सर्दियों की यात्रा और बर्फपर मनोरंजन के लिए बनाया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) औरंगजेब (2) जय प्रकाश नारायण (3) सही (4) ऑस्ट्रिया (5) स्नोमोबाइल

अजय देवगन की तरह बनना चाहते हैं अर्जुन कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर का कहना है कि वह अजय देवगन की तरह पूरे फिल्म पर्सन बनना चाहते हैं। अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'पानीपत' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि वह कैसे अजय देवगन की तरह बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ÷एक दिन मैं अजय देवगन की तरह पूरा फिल्म पर्सन बनना चाहता हूं। वह निर्देश देते हैं, फिल्में भी प्रोड्यूस करते हैं, उनमें ऐक्टिंग करते हैं और उनकी वीएफएक्स कंपनी भी है। यह सब उन्होंने करियर में उतार-चढ़ाव से जूझते हुए किया है।

सलमान की फिल्म राधे में आइटम नंबर करेंगी जैकलीन

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीस दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म राधे में आइटम नंबर करती नजर आ सकती हैं।

सलमान इन दिनों प्रभुदेवा के निर्देशन में बन रही फिल्म राधे में काम कर रहे हैं। राधे में वह बिलकुल नये अंदाज में नजर आने वाले हैं। फिल्म में दिशा पाटनी फीमेल लीड रोल कर रही हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडीस भी होंगी। फिल्म में जैकलीन का किरदार होगा या नहीं इस बारे में तो खुलासा नहीं हुआ है लेकिन इतना जरूर बताया जा रहा है कि वह सलमान की इस फिल्म में एक जबरदस्त आइटम नंबर करती नजर आएंगी।

जैकलीन इससे पहले सलमान खान के साथ फिल्म किक में काम कर चुकी हैं। उन दोनों की अच्छी दोस्ती है। सलमान की फिल्म

सलमान के साथ काम कर सकती हैं उर्वशी रौतेला

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला सिल्वर स्क्रीन पर दबंग स्टार सलमान खान के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं।

सलमान ने कई बार उर्वशी रौतेला के टैलेंट और खूबसूरती की पब्लिक प्लेटफॉर्म पर तारीफ की है। उर्वशी हाल ही में रियलिटी शो बिग बॉस 13 में अपनी फिल्म पागलपंती के प्रोमोशन के दौरान सलमान से मिली थीं। उन्होंने बताया कि वह रियल लाइफ में सलमान खान और जॉन अब्राहम की बहुत बड़ी फैन हैं।

सलमान के साथ काम करने के सवाल पर उर्वशी रौतेला ने कहा, ÷सलमान सर मेरे साथ हमेशा बहुत अच्छे रहे हैं और उन्होंने मुझे काफी सपोर्ट किया है। रही बात सलमान खान के साथ काम करने की, तो देखिये अभी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता क्योंकि बातें तो चल रही हैं लेकिन जब कुछ वर्कआउट हो जाएगा तभी बता पाऊंगी। मैं जॉन अब्राहम की रील लाइफऔर रियल लाइफदोनों में सबसे बड़ी मुरीद हूं।

इंटरव्यू में बोलीं नरगिस फाखरी, 'मैं कभी किसी डायरेक्टर के साथ नहीं सोई'

पिछले काफी समय से फिल्मों से गायब चल रहीं ऐक्ट्रेस नरगिस फाखरी अब अपने एक इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं। इस इंटरव्यू में नरगिस ने खुलकर सेक्स और रिलेशनशिप पर बात की। बॉलिवुड में इम्तियाज अली की सुपरहिट फिल्म 'रॉकस्टार' से डेब्यू करने वाली अमेरिकन मॉडल और ऐक्ट्रेस पिछले काफी समय से फिल्मों से गायब हैं। हालांकि नरगिस ने रॉकस्टार के बाद मद्रास कैफ, मैं तेरा हीरो और हाउसफुल 3 जैसी सुपरहिट फिल्मों में दिखाई दीं। नरगिस ने हॉलिवुड फिल्म स्पाई में भी काम किया है। भले ही नरगिस फिल्मों से गायब हों लेकिन एक हालिया इंटरव्यू के कारण वह एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। नरगिस ने हाल में पूर्व पॉर्न स्टार ब्रिटनी देला मोरा को एक इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने कभी न्यूड फटॉग्रफी नहीं कराई है और किसी फिल्म डायरेक्टर के साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाए हैं। नरगिस ने यह भी बताया कि उन्हें कई डायरेक्टर्स ने शारीरिक संबंध बनाने को कहा और जिसके लिए इनकार करने पर उनके हाथ से कई फिल्में चली गईं। ब्रिटनी ने नरगिस से पूछा, 'आपने अपने लिए क्या सीमाएं तय कीं, क्योंकि मुझे पता था कि मुझे जिंदगी में क्या करना था लेकिन मैं पॉर्न इंडस्ट्री में आ गई। आपने अपनी जिंदगी में क्या नैतिक सीमाएं तय कीं' इसके जवाब में नरगिस ने कहा, 'मेरी मां ने जिस तरह से मेरा पालन-पोषण किया है उससे यह मैंने तय किया। उन्होंने मुझे आदमियों, सेक्स और रिलेशनशिप्स से डरा दिया था। वहीं से मुझे सेक्स या कभी न्यूड नहीं होने की नैतिक शिक्षा मिली।' नरगिस ने आगे कहा, 'इसके अलावा मैं बहुत शर्मीली हूं और मैंने अपने दोस्तों को गलतियों को देखा है। मैं मशहूर होने के लिए भूखी नहीं हूं और इसलिए मैंने न्यूड होने जैसे या किसी डायरेक्टर के साथ सोने जैसे काम नहीं किए और इसके कारण मुझे काम नहीं मिला। और ऐसा मेरे साथ कई बार हुआ।'

दिल्ली में जल्द गिरेगा प्याज का दाम, गुजरात से होने लगी सप्लाई

- **अभी सिर्फ राजस्थान से आ रहा था प्याज, अब गुजरात से भी सप्लाई शुरू**
- **इस महीने के अंत में महाराष्ट्र से आने लगेगा प्याज**
- **थोक बाजार में प्याज के दाम 50 से 85 किलो रुपये तक**

नई दिल्ली। दिल्ली में सब्जी मंडी कारोबारियों का मानना है कि प्याज के दाम जितने बढ़ने थे, बढ़ चुके और अब गिरना शुरू हो जाएंगे। अभी मंडियों में सिर्फ राजस्थान से प्याज आ रहा था और सप्लाई दिल्ली के अलावा बिहार, बंगाल तक हो रही थी। महाराष्ट्र में प्याज नहीं था। अब गुजरात का प्याज आना शुरू हो गया है। उम्मीद है दाम घटना शुरू होंगे। इस महीने के अंत में महाराष्ट्र से भी सप्लाई आने लगेगी। तब दाम नॉर्मल हो जाएंगे। आज प्याज के थोक दाम 50 से 85 रुपये किलो तक रहे। इस सीजन में सोमवार को प्याज का दाम अधिकतम 95 रुपये किलो था।

ढाई महीने की बारिश ने प्याज की जान निकाली

कारोबारियों का कहना है कि इस बार देश में ढाई महीने अधिक बारिश का दौर चला। इससे महाराष्ट्र और कर्नाटक की प्याज तबाह हो गई। यहां से पूरे देश को प्याज सप्लाई होता था। अब पूरे देश में प्याज का हाहाकार है। वह तो अच्छा हुआ कि इस बार राजस्थान का प्याज बच गया, वरना और बुरा हाल हो जाता। पश्चिम बंगाल, बिहार के कारोबारी दूसरे राज्यों से प्याज उठाते थे, वे भी अब प्याज खरीदने दिल्ली आ गए। इसके चलते दिल्ली में प्याज के दाम तेजी से बढ़ गए।

गुजरात से आने लगा प्याज

आजादपुर मंडी स्थित ओनियम-पोटेटो मर्चेंट्स असोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया आज मंडी में प्याज का दाम 50 से 85 रुपये के बीच रहा। सोमवार को इसका दाम सबसे अधिक चढ़ा था। मंडी में प्याज की आवक लगभग सामान्य है, लेकिन समस्या यह है कि आजकल दूसरे राज्यों के कारोबारी प्याज खरीदने आ रहे हैं, जिसके चलते उसके दाम चढ़े हुए हैं। शर्मा के अनुसार आज मंडी में प्याज के 80 ट्रक आए थे। अमूमन रोजाना 80 से 100 ट्रक आते हैं। मंडी में विदेशी प्याज की आवक भी शुरू हो गई है। आज आजादपुर मंडी में एक ट्रक अफगानिस्तान की प्याज आया। सोमवार को वहां से चार ट्रक प्याज आया था, जबकि शनिवार को दो ट्रक।

भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 'वीजा ऑन अराइवल' पर विचार : ताजिकिस्तान

नयी दिल्ली (वार्ता)। ताजिकिस्तान भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 'वीजा ऑन अराइवल' और 'ट्रांजिट वीजा' की सुविधा देने के विकल्पों पर विचार कर रहा है।

भारत में ताजिकिस्तान के राजदूत सुल्तान रहीमज़ादा ने यहाँ एक कार्यक्रम से इतर 'यूनीवार्ता' को बताया कि ताजिकिस्तान के पास भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य है। दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत में भी काफी समानता है। इसके बावजूद वहाँ जाने वाले पर्यटकों में भारतीयों की संख्या बेहद कम है। उन्होंने बताया कि अन्य देशों की तुलना में भारत से ताजिकिस्तान आने वाले पर्यटकों पिछले साल एक करोड़ से ज्यादा पर्यटक ताजिकिस्तान आये थे जिनमें करीब एक हजार ही भारतीय थे। इसका एक प्रमुख कारण दोनों देशों के बीच संपर्क साधनों की कमी है। उन्होंने बताया कि 01 दिसंबर से ताजिकिस्तान की निजी विमान सेवा कंपनी सोमोन एयर ने दिल्ली और मध्य एशियाई देश की राजधानी दुशाम्बे के बीच एक साप्ताहिक उड़ान शुरू की है। इससे पर्यटकों को ज्यादा विकल्प मिलेगा।

भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने के उपायों के बारे में श्री रहीमज़ादा ने कहा ÷हम वीजा प्रक्रिया को सरल बनाने पर विचार कर रहे हैं। इसमें एक विकल्प वीजा ऑन अराइवल (देश में पहुँचने पर वीजा) का है। ट्रांजिट वीजा देने के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है ताकि किसी दूसरे देश को जाने वाले पर्यटक भी कुछ समय के लिए ताजिकिस्तान में रुककर वहाँ घूम सकें।

अमेरिका और यूरोप के रूट्स का हवाई किराया 3 गुना बढ़ा

- **अमेरिका और यूरोप के मुख्य रूटों का किराया तीन गुना तक बढ़ गया है, ऐसे में इस सर्दियों में विदेश यात्रा महंगी हो जाएगी। जेट एयरवेज का बिजनस ठप होने के कारण ऐसा हुआ है, जो अप्रैल में कामकाज बंद करने तक देश की दूसरी सबसे बड़ी इंटरनैशनल विमानन कंपनी थी।**

नई दिल्ली/मुंबई। अगर आप इन सर्दियों में विदेश यात्रा पर जाने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन उसके लिए पहले से बुकिंग नहीं की है तो आपकी जेब हल्की होने वाली है। अमेरिका और यूरोप के मुख्य रूटों का किराया तीन गुना तक बढ़ गया है। ऐसा जेट एयरवेज का बिजनस ठप होने के कारण हुआ है, जो अप्रैल में कामकाज बंद करने तक देश की दूसरी सबसे बड़ी इंटरनैशनल विमानन कंपनी थी।

डिस्काउंट की गुंजाइशें खत्म होने के कारण कइयों ने अपने हॉलिडे प्लान ठंडे बस्ते में डाल दिए हैं। दिसंबर के ऐवरेज फेयर डेटा से पता चलता है कि पिछले साल के मुकाबले इस बार यात्रा से कुछ ही दिन पहले टिकट बुक करने वालों की संख्या बढ़ी है। ट्रैवल ऐग्रिगेटर इक्सिगो के मुताबिक, दिल्ली से पैरिस के टिकट की कीमत 1,14,642 रुपये है, जो पिछले साल के दिसंबर में 40,020 रुपये थी। मुंबई से लंदन की टिकट 1,23,021 रुपये की है, जिसकी कीमत पिछले साल 53,041 रुपये थी।

ऐनालिस्टों का कहना है कि जेट की कमी पूरी होने तक टिकटों के दाम महंगे बने रहेंगे। इक्सिगो के ष्टश्वह्र आलोक बाजपेयी ने बताया, 'सर्दियों में सैर-सपाटे की मांग काफी ज्यादा होती है जिस कारण टिकटों की कीमतें आसमान छू रही हैं। डोमेस्टिक कैपेसिटी अपने पुराने स्तर पर आ गई है, लेकिन जेट की यूरोप और अमेरिका की बड़ी सर्विस की कमी पूरा करने में समय लगेगा।' उन्होंने बताया, 'अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने सर्दियों के दौरान यूरोप जाने वाली फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाने का हाल में ऐलान किया था। हालांकि जब तक कैपेसिटी में आए अंतर की पूर्ति नहीं होती है, एयर फेयर महंगे बने रहेंगे।'

विस्तारा और इंडिगो अगले साल भारत-लंदन सेक्टर में नई फ्लाइटें शुरू कर सकती हैं। अन्य रूटों पर फ्लाइट्स की संख्या बढ़ने में अभी वक्त लगेगा। विस्तारा अगले साल न्यूयॉर्क या सैन फ्रांसिस्को के लिए भी फ्लाइट्स की संख्या बढ़ा सकती है। अमेरिकी एयरलाइंस ने भी भारत से कनेक्टिविटी बढ़ाने की घोषणा की है।

टैरिफ बढ़ने के बावजूद जियो के प्लान रह सकते हैं 20 प्रतिशत तक सस्ते: मेरिल लिंच

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में मोबाइल सेवा प्रदाता भारती एयरटेल, वोडा आइडिया और रिलायंस जियो ने क ने प्रीपैड ग्राहकों के लिए तीन साल बाद टैरिफमें इजाफा किया है। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि टैरिफ में बढ़ोतरी के बावजूद रिलायंस जियो के प्लान अन्य की तुलना में 20 प्रतिशत तक सस्ते रह सकते हैं।

वोडा आइडिया और भारती एयरटेल की दरें आज से महंगी हो गयी हैं जबकि जियो का टैरिफ छह दिसंबर से बढ़ जायेगा। वोडा आइडिया और भारती एयरटेल के टैरिफमें 41 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखने को मिली है। दोनों कंपनियों ने अपने लोकप्रिय प्लानों में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी की है।

जियो के नए आल इन वन प्लान छह दिसंबर से लागू हो जायेंगे। कंपनी ने हालांकि अभी नए प्लानों का खुलासा नहीं किया है ।

विश्लेषकों का मानना है कि टैरिफ दरें दूरसंचार कंपनियों की वित्तीय स्थिति के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। वोडा आइडिया और भारती एयरटेल को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारी घाटा हुआ था। ऐसी भी रिपोर्टें सामने आई थीं की वोडा भारतीय बाजार से अपना कारोबार भी समेट सकता है। बैंक आफ अमेरिका मेरिल लिंच का मानना है कि रिलायंस जियो के नये आल इन वन प्लांस दरें बढ़ाने के बावजूद दोनों अन्य कंपनियों की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत तक सस्ते रह सकते हैं।

सोना-चाँदी में दूसरे दिन नरमी

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में पीली धातु में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में ग्राहकी सुस्त रहने से सोने-चाँदी में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गयी। सोना 50 रुपये टूटकर 39,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और चाँदी 190 रुपये फिसलकर 45,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी।

लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 0.15 डॉलर की बढ़त में 1,462.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया।

आर्थिक वृद्धि में तेजी के लिए सस्ते कर्ज से ज्यादा राजकोषीय मदद की जरूरत: भानुमूर्ति

नई दिल्ली। आर्थिक वृद्धि में गिरावट के बीच देश के जाने माने अर्थशास्त्री नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनैंस ऐंड पॉलिसी (एनआईपीएफ ऐंड पी) के प्रोफेसर एनआर भानुमूर्ति ने कहा है कि देश में इस समय नीतिगत ब्याज घटाने से ज्यादा जरूरत सरकार की ओर से आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में सहायक राजकोषीय उपायों की है।

भानुमूर्ति ने कहा कि मौद्रिक उपायों से इस समय कोई बेहतर नतीजा हासिल होना मुश्किल लगता है। उन्होंने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था बचत केंद्रित है जबकि ब्याज दरों में गिरावट का असर बचत पर पड़ सकता है। ब्याज दरें यदि कम होंगी तो उसका असर बचत पर दिखाई देगा। बचत कम होने का असर निवेश पर पड़ सकता है।

बालोद की सड़कें हुईं लाल, पांच सड़क हादसों में तीन की मौत, कई घायल

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। शायद ही जिले में एक दिन में ही पांच स्थानों में घटना हुई होगी। जिसे काला दिन कहा जा सकता है। क्योंकि पांच स्थानों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई तो वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिसमें से कई जिन्दगी और मौत की कगार पर झूल रहे हैं।पहली घटना

सोमवार शाम पांच बजे बालोद दुर्ग मुख्य मार्ग पर गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम इरागुड़ा के पास पायल बस क्रमांक सीजी 07 ई 1494 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाईकल क्रमांक सीजी 07 एपी 2331 को पीछे से ठोकर मार दिया। जिसके कारण मोटर सायकल सवार उतई थानाक्षेत्र के ग्राम कातरो निवासी 19 वर्षीय कार्तिक साहू की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं दूसरे व्यक्ति ठोकर के बाद अन्य स्थान पर जा गिरा जिसके चलते वह घायल हो गया। जिसे शासकीय अस्पताल गुण्डरदेही में भर्ति कराया गया जहां उनका इलाज जारी है।

दूसरी घटना

जिले के देवरी थाने के सामने एक मेटाडोर व एक इनोवा में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। निर्माणाधीन नवोदय विद्यालय की साईड देखने मालीघोरी जा रहे इनोवा कार सवार चालक राजनांदगांव निवासी प्रेम प्रकाश सिंघल (अग्रवाल) की दर्दनाक मौत हो गई। तो दूसरी ओर मालवाहक में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिसे गुण्डरदेही उप स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए राजनांदगांव रिफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इनोवा व मेटाडोरध्माजदा के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

तीसरी घटना

गुरूर थाना क्षेत्र के सियनमरा निवासी छठवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र व बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र यशवंत सोमवार सुबह मोटरसायकल से अरमरीकला की ओर जा रहे थे। तभी अचानक धान की बालियों से भरा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05 जी 7390 दोनो छात्रों को ठोकर मार दी। घटना के कारण छठवी कक्षा के छात्र परमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं यशवंत को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर लाया गया। जहां यशवंत की हालत गंभीर होने के कारण धमतरी जिले के बड़े अस्पताल में रिफर किया गया।

चौंथी घटना

सोमवार शाम लगभग 6 बजे बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम झलमला के परसोदा मोड़ के पास चिचबोड़ निवासी एक युवक को तेज रफ्तार से आ रही पीकप वाहन ने ठोक दिया। घटना में वह घायल हो गया जिसे बालोद जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज जारी है।

पांचवी घटना

बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम पड़कीभाठ में सोमवार रात 8 बजे दल्लीराजहरा निवासी दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए जिसे 108 संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनो युवक बाइक में सवार होकर जा रहे थे जहां पड़कीभाट पहुंचने के बाद गाड़ी अनियंत्रित हो गई और गिर गए।

स्कूल संचालक समेत एक अन्य की हत्या

दोनों लाशों को दो जिलों में फेंका, मोबाईल नंबर ट्रैस कर पुलिस कर रही संदेही आरोपी से पूछताछ

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। रनचिरई व परसाही के बीच में नहर के मंगलवार शाम पांच शाम पांच भिलाई के कोहका निवासी विजयनंद वानखेड़े की लाश मिलने से सनसनी फेल गई। पूर्व में बालोद जिला पुलिस को भिलाई के इसी व्यक्ति के गुमशुदा होने की जानकारी दुर्ग पुलिस द्वारा मिल चुकी थी। मंगलवार को जब विजयानंद की लाश मिली तो दुर्ग जिला पुलिस को मामले की जानकारी दी जिसके बाद आगे की कार्यवाही दुर्ग पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति की लाश रनचिरई थाना क्षेत्र में मिली है वह भिलाई के एक स्कूल का संचालक है। इसी मामले से जुड़े एक और व्यक्ति की दुर्ग जिले का निवासी आनंद कुमार बिबे की लाश सोमवार शाम लगभग 4 बजे दुर्ग जिले के अंडा थाने की पुलिस ने विनायकपुर के एक खेत में बरामद किया था, जो उसी स्कूल में कर्मचारी होने की बात सामने आ रही है। जिसकी जांच अंडा थाने की पुलिस द्वारा की जा रही थी।

दोनों लाश की हो चुकी पुष्टि: अंडा थाना से मिली जानकारी के अनुसार अलग-अलग स्थान पर मिले दोनो लाश की पुष्टि हो चुकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि लेनदेन के मामले को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है और इन दोनो हत्या के पीछे एक ही समुह द्वारा कृत्य किये होने की जानकारी भी सामने आ रही है। फ्लिहाल संदेह के आधार पर अंडा थाने की टीम ने संदेही आरोपी को हिरासत में ले लिया है जल्द ही मामले के आरोपियों का खुलासा हो जाने की बात अंडा थाना प्रभारी ने कही।

धान बेचकर पीना चाह रहा था शराब, पत्नी ने किया विरोध तो शराबी पति ने लगाई आग

डौंडीलोहारा। समीपस्थ ग्राम बड़गाँव में एक शराब के नशे में धुत्त पति ने सिर्फ इसलिए अपनी इहलीला समाप्त करने की कोशिश की क्योकि जब उसने ओर शराब पीने के लिए अपनी पत्नी से धान मांगा (ताकि वो उसे बेचकर उन पैसों से ओर शराब पी सके) ,तो पत्नी ने साफ इनकार कर दिया।जिससे नाराज बड़गाँव 24 वर्षीय युवक दिनेश साहू पिता बाबूलाल साहू ने खुदपर मिट्टीतेल डाल आग लगा ली।जिसके बाद आनन फानन में संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से उसे लोहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।मामले में डौंडीलोहारा पुलिस ने डॉक्टरों के हवाले से बताया कि युवक का शरीर लगभग 35 से 40 प्रतिशत जल गया है पर वह सभी से बात कर रहा है।घटना के वक्त उक्त युवक शराब पिया हुआ था।मामले में पुलिस विवेचना जारी है ।

जिले के प्रत्येक ग्राम में निर्माण कार्य स्वीकृत कराने के निर्देश

कवर्धा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा विजय दयाराम के. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा गत दिवस किया गया। समीक्षा बैठक मे कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा, बोड़ला, पण्डरिया, सहसपुर लोहारा के साथ सभी तकनिकी सहायक, कार्यक्रम अधिकारी, आवास कॉडिनेटर के साथ अन्य मैदानी अमले उपस्थित रहें।

धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें : कलेक्टर

- **तौल में गड़बड़ी पर चिटौद के समिति प्रबंधक हटाए गए**

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी प्रतिदिन धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें। धान खरीदी कार्य में किसी भी अव्यवस्था या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती साहू आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित नोडल अधिकारियों की बैठक में निर्देशित कर रही थी। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य हैं। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को कोई असुविधा न हो। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से कहा कि वे धान खरीदी केन्द्रों में संधारित पंजियों का अवलोकन करें। खरीदी की गई धान का भौतिक सत्यापन करें। तराजू-बांट का अवलोकन कर नापतौल विभाग से सत्यापित कराए जाने की जानकारी लें। धान खरीदी केन्द्रों में पेयजल, शौचालय, छाया, विद्युत व्यवस्था आदि सुनिश्चित हो।

कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि वे शासकीय योजना के अंतर्गत ऋण प्रकरणों के निराकरण में गुणात्मक सुधार लाएॅं। कलेक्टर ने बैंकिंग पैरामीटर की समीक्षा की और जिले के क्रेडिट डिपॉजिट अनुपात में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बैंक लिंकेज का लक्ष्य तथा वितरण की स्थिति की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अग्रणी बैंक के प्रबंधक श्री बी.एस.सोनक सहित विभिन्न बैंको के अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

एसडीएम के पास पहुंचे नाराज ग्रामीण, पंचायत के जिम्मेदारों की शिकायत के बाद सख्त कार्रवाई की किए मांग

बालोद। जिले के ग्राम पंचायत पड़कीभाठ के एक वार्ड के पंच की विभिन्न मामलों में शिकायत का चिट्ठा लेकर गांव के सरपंच, पंच व दो दर्जन से अधिक ग्रामीण बालोद एसडीएम के पास शिकायत करने पहुंचे।

सरपंच पुरूषोत्तम यादव ने बताया कि वर्तमान में आज ग्राम पंचायत पड़कीभाट में 48 आबादी भूमि एवं नेवारी खुर्द में 35 आबादी भूमि घोषित है, जिस पर पंचायती राज अधिकार के तहत ग्राम पंचायत कार्यवाही कर रही है। ग्राम सभा में आज तक जितने आवेदन किये थे। जिन्हें विशेष ग्राम सभा में वाचन किया गया जिसमें 125 से 130 ग्रामीण उपस्थित थे। कोटवार से आबादी वितरण पर दोनो गांव में मुनारी कराई गई है। पिछले 4 से 5 माह बैठक में सभी आवेदनों पर पंचायत बैठक में समीक्षा किया गया और पात्र हितग्राहियों को वितरण हेतु सूची तैयार किया गया है। आबादी भूमि प्रशासनिक प्रक्रिया एवं न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत घोषित और ले-आउट किया जाता है। आबादी वितरण पंचायत प्रक्रिया के तहत किया जाता है। अगर ग्राम पंचायत के कार्यवाही एवं हितग्राहियों को वितरण पर रोक लगेगी तो पंचायती राज व्यवस्था की हत्या होगी। शायद इस तरह प्रत्येक प्रस्ताव पर विवादित होना प्रारंभ हो सकता है।

इन बिन्दुओं पर कार्यवाही की मांग

पंच अश्वन बारले की शिकायत करने पहुंच सरपंच, पंच व ग्रामीणों ने विभिन्न बिन्दुओं पर एसडीएम से कार्यवाही करने की मांग की जिसमें पूर्व में वितरित आबादी भूमि को व्यवसायिक परिवर्तन किया जाये एवं अश्वन बारले की दुकानदारी तत्काल बंद किया जाए। अश्वन बारले को किस प्रक्रिया प्रस्ताव या आधर पर वर्तमान में आबादी वितरण दिया गया है। बायपास मार्ग पर वितरीत आबादी भूमि पर स्थगण करने के बाद भी पूर्व किया गया है। उसको वितरीत पट्टा में दक्षिण दिशा में रास्ता है एवं पानी निकासी व्यवस्था है जिसको रोका गया है उसे हटाई जाये। पूर्व वितरीत आबादी हितग्राही को बायपास मार्ग पर किस प्रक्रिया के तहत आबादी दिया गया एवं कब्जा बायपास जमीन पर कब्जा चाहता है जबकि पट्टा किसी अन्य स्थान का दिया गया है। वार्ड क्रमांक 5 पंच अश्वन बारले पंचायत की गरिमा एवं गोपनियता भंग करने का प्रयास करता है साथ ही राजनीतिक एवं प्रशासनिक पहुंच का धौंस दिखाते हुए अधिकतर जनपद पंचायत कार्यालय में देखा जाता है एवं बैठा रहता है। किस आधार और अधिकार के तहत मनरेगा शाखा और निर्माण की फाईलों को इधर-उधर ले जाते हुए देखा गया है व ज्यादातर अभियंता कार्यालय में बैठा रहता है तो जिस पर पूर्व में ऐसी परिस्थितियों पर नियंत्रण एवं सुधार हेतु ब्लॉक सरपंच बालोद द्वारा प्रशासनिक समीक्षा बैठक में निवेदन किया जा चुका है जिस पर तत्काल रोक लगाया जाए।

न्यायालय के आदेश की अवहेलना, फिर भी कार्यवाही नहीं: ग्राम पंच मनोज मारकंडे, पार्वती, पुष्पा, संगीता ने कहा कि ग्राम पंचायत पड़कीभाट न्यायालय का आदेश का सम्मान करती है। वार्ड 5 के पंच अश्वन बारले को किस प्रक्रिया के तहत आबादी पूर्व में दिया गया, जबकि उसके भाई मुख्य मार्ग पर पहले भी आबादी दिया गया है। बायपास मार्ग पर अश्वन बारले को जो भूमि वितरण किया गया है जिस पर तहसीलदार के माध्यम से थाना प्रभारी द्वारा व पटवारी प्रतिवेदन के माध्यम से रोक लगाई गई है। पूर्व में 4 बार जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदन किया गया है। संबंधित विभागीय अधिकारी लोकसुराज एवं जनदर्शन पर भी आवेदन किया जा चुका है किन्तु दुर्भाग्य और प्रशासनिक प्रक्रिया पर उदासीनता के कारण अभी तक कार्यवाही नहीं किया गया। शिकायतकताओं ने बताया कि अश्वन बारले सिर्फ इसी कारण राजनीति का धौंस और प्रशासनिक पहुंच का फायदा उठा रहा है। क्योंकि अपनी विषयों की गलतियों पर वकालत कर रहा है और हमारी विषयों पर जज बनने का प्रयास कर रहा है। लेकिन उनके विषयों के तहत हमारी निम्न विषयों पर तत्काल कार्यवाही या रोक लगाई जाये।

तहसीलदार ने चुनाव की तैयारी का किया निरीक्षण

खरोरा। तिल्दा के तहसीलदार राकेस ध्रव , खरोरा के नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार जायसवाल , देवेंद्र कर्ष पटवारी माठ एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी खरोरा सतीश यादव के द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया व आने वाले चुनाव के लिए तैयारियों के ऊपर विचार किया गया।

भाजपा मंडल के अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया

खरोरा। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर जी के जन्मदिन पर केक काट कर व मिठाई बाटकर उताशपूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर अभाविप तिल्दा जिला संयोजक सुमित सेन ,मुरलीधर पंसारी ,अनिल सोनी व तोरण ठाकुर ,विकास ठाकुर,कपिल नशीने, राजा कमल, पुरनेन्द्र उपाध्याय,सुबोध सेन,एवं अनेक लोग मौजूद थे।

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ब्लॉक आरंग के वरिष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन

खरोरा। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के आह्वान पर ब्लॉक स्तरी सतनामी समाज का बैठक , कॉलेज चौक आरंग में भोजराम मनहरे ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व व वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम बाबा गुरु घासीदास जी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व मंगल आरती कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया । बैठक में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता युवराज सोनवानी जी की माता का देहावसान हो जाने पर सभी समाज जनों द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि दिया गया तथा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अमृतलाल जोशी जी का जन्मदिन की मंगल कामना की गई । तत्पश्चात कार्यक्रम का शुरुआत बाबा गुरु घासीदास जी के 263 वी जयंती 18 दिसंबर व जयंती के पूर्व 15 दिसंबर को युवाओं द्वारा बाइक रैली तथा रैली पश्चात शोभायात्रा को सफल बनाने हेतु श्री घनश्याम टंडन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता ने अपनी बातें रखें तथा समाज में युवाओं की भागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता रखते हुए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी गई विदाई

गरियाबंद। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े की मौजूदगी में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर श्री बी.आर. साहू और तहसीलदार राजिम श्री जी.पी. गोस्वामी को जिला प्रशासन के तरफसे अधिकारियों द्वारा विदाई दी गई। कलेक्टर श्री धावड़े ने अपने सम्बोधन में कहा कि सेवा निवृत्त श्री साहू और श्री गोस्वामी जिला प्रशासन के अच्छे अधिकारियों में से है। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक के रूप में हर अधिकारी-कर्मचारियों के लिए यह अवसर आता है। ऐसे में सभी दायित्व है कि वे जनता के अपेक्षाओं पर खरे उतरे।

परेशानी | **डंप कचरे में लगा देते है आग, सेहत पर होता है बुरा असर**

इनडोर स्टेडियम के किनारे कचरा डंप, रहवासी परेशान

बालोद। शहर के विभिन्न वार्डों, गलियों, नालियों से निकले वाला कचरा नगर पालिका मुख्यालय के इनडोर स्टेडियम के किनारे डंप करती है। इससे आसपास रहने वालों को परेशानी हो रही है और लोग यहां कचरा डंप करने का अप्रत्यक्ष विरोध कर रहे हैं। कई स्थानों का डोर टू डोर व विभिन्न वार्डों में लोगों द्वारा किये इकट्ठा किये का सूखा कचरा वहां डंप किया जा रहा है और उसपर आग लगाई जा रही है। वह जहरीला प्लास्टिक है जिसका सेहत पर बूरा असर आज नहीं तो कल जरूर होगा।

एसएलआर सेंटर महज दिखावा

एसएलआरएम सेंटर यानि शहर से निकलने वाले कचरे को यहां ले जाकर सूखा व गीला कचरा को एकत्रित करना और सूखा गिला कचरा को अलग किया जाता है। इसके अलावा यहां कचरे से कम्पोस्टिंग खाद तैयार किया जाता है, सूखे कचरे के प्लास्टिक सहित अन्य धातुओं के सामग्री की बिक्री की जाती है। शहर में दो-दो एसएलआरएम सेंटर वार्ड क्रमांक 2 और एक रोशन नगर वार्ड 20 में है। कायदे से सूखा कचरा उक्त स्थान में जाना चाहिए लेकिन सूखा कचरा वहां न ले जाकर घरों के अलावा अन्य स्थानों पर जो कचरा एकत्रित हुआ होता है उसे सीधे इनडोर स्टेडियम के किनारे डंप किया जा रहा है।

जनवर खा रहे प्लास्टिक

खुले में नगर पालिका द्वारा कचरा डंप किया जाता है तो आसपास घूम रहे गाय कचरे के प्लास्टिक, पॉलिथिन को खा लेती है। एक तो कचरे से लोगों के सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है तो वहीं जानवरों को भी नगर पालिका की लापरवाही का हर्जाना भुगतना पड़ रहा है। वार्ड 11 के पार्षद नितेश वर्मा ने कहा कि बीते वर्ष उन्होंने बजट में प्रस्ताव भी रखा था कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से उक्त स्थान को बाउंड्रीवाल, उसके आसपास पौध लगाकर व्यवस्थित किया जाये लेकिन नजरंदाज कर दिया गया।

शहरवासियों के सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़

शहर के रिहायसी इलाके में कचरा डंप कर उसमें आग लगा देना यह नगर पालिका की सबसे बड़ी लापरवाही है। नगर पालिका द्वारा कचरा डंप किया जाना यानि लोगों के सेहत के साथ खिलवाड़ करना प्रतीत होता है। जबकि नगर पालिका जानती है कि प्लास्टिक में आग लगाने से निकलने वाले धुएं से लोगों के सेहत पर काफी बूरा असर पड़ेगा। इसके अलावा शहर के जवाहरपारा के पास आमा तालाब, संजय नगर के कपिलेश्वर मंदिर के करीब सहित तीन-चार ऐसे स्थान है जहां नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा कम मात्रा में कचरा डंप किया जाता है और आग लगा दी जाती है। डंप हुए कचरे की बदबु व कचरे में लगाये जाने वाले आग के धुंए से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

धुंए के कारण मार्निंग वॉक करना बंद: मुख्यालय का सबसे बड़े स्टेडियम जहां पूरे वर्ष भर सुबह से शाम तक सैकड़ो खिलाड़ी खेल का अभ्यास करने के लिए जाते हैं। इसके अलावा ठंड का मौसम होने के कारण यहां शहरवासी मार्निंग वॉक करने पहुंचते हैं। लेकिन पास में कचरे का ढेर की बदबू और उसमें पालिका कर्मचारियों द्वारा आग लगा देने के कारण अब वहां न तो खिलाड़ी पहुंच रहे हैं और न ही आम लोगों। पूरे मामले में जानकारी लेने नपाध्यक्ष विकास चोपड़ा व मुख्य नपाधिकारी विकास पाटले से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो संपर्क नहीं हो पाया।

धान खरीदी के दूसरे दिन तक 87 हजार 709 क्विंटल धान खरीदी गई

गरियाबंद। राज्य शासन की घोषणा के अनुरूप 1 दिसम्बर से जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े के मार्गदर्शन में जिले के सभी 38 उपार्जन केन्द्रों के 62 सोसायटियों में धान खरीदी की जा रही है। जिले में धान खरीदी की सभी तैयारियां व्यस्थित रूप से पूरी कर ली गई है। धान खरीदी के दूसरे दिन जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में अब तक 87 हजार 709 क्विंटल धान खरीदी गई है। कलेक्टर श्याम धावड़े ने धान खरीदी केन्द्रों में शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी के निर्देश दिये है। धान नमी का औसत 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने किसानों को धान अच्छी तरह सुखाकर एवं सफाई कर विक्रय हेतु लाने कहा है। उन्होंने जारी टोकन का 5 प्रतिशत सत्यापन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश भी दिये है।

न्यूज गैलरी

ड्रॉ की हैट्रिक के बाद ओडिशा की नजरें जीत पर

पुणे (वार्ता)। लगातार तीन ड्रॉ खेलने के बाद ओडिशा एफसी बुधवार को यहां श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में मौजूदा चैंपियन बेंगलुरू एफसी के खिलाफ होने वाले हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन के मैच में जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी।

जोसेफ गोम्बाउ की टीम ने पिछले तीन मैचों में लगातार तीन ड्रॉ खेले हैं। इनमें से एटीके और केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ है जबकि घर के बाहर उसने चेन्नइयन एफसी के साथ 2-2 का ड्रॉ खेला है। इन तीनों मैच में ओडिशा का खेलने का तरीका एक ही जैसा रहा है। टीम हालांकि मौकों को भुनाने और उसे गोल में तब्दील करने में नाकाम रही है। ओडिशा को अब बेंगलुरू के खिलाफ कड़ी चुनौती से गुजरना होगा क्योंकि मौजूदा चैंपियन अभी तक इस सीजन में अजेय चल रही है। बेंगलुरू का डिफेंस भी काफी मजबूत टीम है और टीम ने पिछले छह मैचों में अब तक केवल दो ही गोल खाए हैं। गोम्बाउ ने कहा, ÷बेंगलुरू के खिलाफ यह एक शानदार मुकाबला होने वाला है क्योंकि वे एक मजबूत टीम है और मौजूदा चैंपियन भी है।

सौरभ वर्मा ने लगाई सात स्थान की छलांग

नई दिल्ली (वार्ता)। लखनऊ में हुई सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में उपविजेता रहे भारत के सौरभ वर्मा मंगलवार को जारी विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाकर टॉप-30 खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। सौरभ को फाइनल में आठवीं सीड ताइपे के वांग जू वेई से 48 मिनट में 15-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन फाइनल में पहुंचने का फायदा उन्हें सात स्थान के सुधार के रूप में मिला और वह 36वें से 29वें स्थान पर पहुंच गए। महिला वर्ग में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली रितुपर्णा दास ने 46 स्थान की लंबी छलांग लगायी है और वह अब 119वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। इस टूर्नामेंट से हटने वाली विश्व चैंपियन पीवी सिंधू का छठा और सायना नेहवाल का 10वां स्थान बना हुआ है।

मेघालय बना सब जूनियर फुटबॉल चैंपियन

कल्याणी (वार्ता)। मेघालय ने अरुणाचल प्रदेश को मंगलवार को 3-0 से हराकर हीरो सब जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। मेघालय की जीत में समचारप्रांग लातो ने 52वें मिनट में और समलांग रिमपेई तथा तेईबोक नांगरुम ने इंजरी समय में गोल किये। अरुणाचल की टीम पिछले सत्र में ओडिशा से पेनल्टी शूटआउट में हार गयी थी और इस बार उसे पड़ोसी राज्य से हार का सामना करना पड़ा। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद मेघालय ने 52वें मिनट में बढ़त बनाई और इंजरी समय में चौथे और पांचवें मिनट में गोल दागकर खिताब अपने नाम कर लिया।

मेस्सी ने फिर जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

मैसी ने इस साल 54 मैचों में 46 गोल किए और 17 गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई

अर्जेन्टीना के सुपर स्टार और बार्सीलोना फुटबॉल क्लब के फारवर्ड लियोनेल मैसी ने रिकॉर्ड छठी बार बैलन डी ओर अवार्ड (गोल्डन बॉल) जीत लिया है।

लियोनेल मैसी ने रिकॉर्ड छठी बार बैलन डी ओर अवार्ड (गोल्डन बॉल) जीता

पेरिस (वार्ता)। मैसी को यह पुरस्कार सोमवार को पेरिस में एक भव्य समारोह में दिया गया। फ्रांस फुटबॉल मैगजीन हर वर्ष यह अवार्ड देती है। मैसी का इस साल प्रदर्शन शानदार रहा। उनके नाम फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक बार यह सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार दर्ज हो गया है। मैसी ने 2009, 2010, 2011, 2012, 2015 और 2019 में यह पुरस्कार जीता जबकि 2008, 2013, 2014, 2016 और 2017 में वह दूसरे और 2007 में तीसरे स्थान पर रहे।

उन्होंने अपना पांचवां बैलन डी ओर अवार्ड चार साल पहले जीता था। उनके चिर प्रतिद्वंद्वी पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पांच बार (2008, 2013, 2014, 2016, 2017) यह पुरस्कार जीता है जबकि हॉलैंड के जोहान क्रूफ, फ्रांस के माइकल प्लातिनी और हॉलैंड के मार्को वान बास्टेन ने 3-3 बार इस पुरस्कार को अपने नाम किया है।

मैसी के इस अवार्ड में 686 अंक रहे जबकि दूसरे स्थान पर रहे लिवरपूल के डच खिलाड़ी विर्जिल वान डिक के 679 और जुवेंटस के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 476 अंक रहे। मैसी ने इस साल 54 मैचों में 46 गोल किए और 17 गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। उन्होंने बार्सिलोना के लिए 44 मैचों में 41 गोल किए जिनमें 3 हैट्रिक शामिल हैं। मैसी ने अपनी कप्तानी में बार्सिलोना को लगातार तीसरा ला लिगा खिताब दिलाया। उन्होंने चैंपियंस लीग में लगातार तीसरे साल गोल्डन शू पुरस्कार जीता जो उनके कैरियर का छठा खिताब था।

अपने क्लब और देश के लिये कठिन दौर में भी फुटबाल के मैदान पर अपने फन का शानदार मुजाहिरा पेश करने वाले अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेस्सी ने रिकार्ड छठी बार फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता । पिछले सत्र में बार्सीलोना का प्रदर्शन औसत रहा जबकि कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में ब्राजील ने अर्जेंटीना को हरा दिया । इसके बावजूद मेस्सी का प्रदर्शन 2019 में शानदार रहा । अब उनके नाम फुटबाल के इतिहास में सबसे अधिक बार यह सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार हो गया है । उन्होंने पांचवां 'बलून डि ओर' पुरस्कार चार साल पहले जीता था । उनके चिर प्रतिद्वंद्वी क्रिस्टियानो रोनाल्डो , जोहान क्रूफ, माइकल प्लातिनी और मार्को वान बास्टेन के नाम दो दो पुरस्कार है । मेस्सी ने इस साल 54 मैच खेलकर 46 गोल किये और 17 गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई । उन्होंने बार्सीलोना के लिये 44 मैचों में 41 गोल किये और 15 में सहायता की जिनमें तीन हैट्रिक शामिल हैं।

विश्वकप पर कब्जा एकमात्र लक्ष्यः प्रियम

लखनऊ (वार्ता)। अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान उत्तर प्रदेश के प्रियम गर्ग को भरोसा है कि हरफनमौला खिलाड़ियों से भरपूर टीम अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्वकप पर कब्जा बरकरार रखने में सफल होगी। कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित फिटनेस कैंप में अभ्यास कर रहे प्रियम ने दूरभाष पर यूनीवार्ता से कहा, ÷हमारा फोकस सिर्फ और सिर्फ वर्ल्ड कप पर है। हम दक्षिण अफ्रीका वर्ल्ड कप से एक महीना पहले पहुंच जायेंगे जिससे खिलाड़ियों को वहां के मौसम और परिस्थितियों के अनुरूप ढालने में मदद मिलेगी। मुझे भरोसा है कि टीम एक बार फिर विश्वकप जीतने में सफल होगी। मेरठ से 25 किमी दूर एक छोटे से कस्बे परिक्षितगढ़ के निवासी युवा खिलाड़ी ने कहा कि उनकी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी है जो अपने बूते टीम को जिताने की कुव्वत रखते हैं। हरफनमौला रवि बिश्नोई जबरदस्त फार्म में है जो अपनी गुगली से किसी भी खिलाड़ी का स्टंप उखाड़ सकते है। उनके अलावा शुभांग हेगड़े, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, दिव्यांश जोशी और दिव्यांश सक्सेना अपने हरफनमौला खेल से विरोधी टीम के मुसीबत का सबब बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकप में उनका शुरूआती मुकाबला श्रीलंका,जापान और न्यूजीलैंड की टीमों से होगा लेकिन उनके खिलाड़ी प्रतिद्वंदी को हल्के में आंकने की भूल कतई नहीं करेंगे और टीम के हर सदस्य का लक्ष्य मैच दर मैच को जीतते हुये विश्वकप ट्राफी के नजदीक पहुंचने का होगा।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने जमशेदपुर को ड्रॉ पर रोका

जमशेदपुर (वार्ता)। पी त्रियादिस के इंजरी टाइम में किए गए शानदार गोल के दम पर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने सोमवार रात यहां जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्टेडियम में खेले गए हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन के मैच में मेजबान जमशेदपुर एफसी को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। सर्जियो कास्टेल के 28वें मिनट में गोल करके जमशेदपुर को 1-0 से आगे कर दिया। लेकिन त्रियादिस ने इंजरी टाइम में गोल दागकर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को हार से बचा लिया और जमशेदपुर को अंक बांटने पर मजबूर कर दिया। इस ड्रॉ के बाद जमशेदपुर छह मैचों में 11 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। जमशेदपुर को इस सीजन में दूसरी बार ड्रॉ खेलना पड़ा है। वहीं, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के छह मैचों से अब 10 अंक हो गए और टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को इस सीजन में चौथी बार ड्रॉ खेलना पड़ा है।

मेजबान जमशेदपुर की टीम ने शुरुआत से ही माहौल बनाए रखा। छठे मिनट में नोए एकोस्टा और फारूख चौधरी तथा 19वें मिनट में कास्टेल ने गोल करने के मौके बनाए लेकिन नार्थईस्ट के डिफेंस की सतर्कता के कारण ये मौके टल गए। जमशेदपुर ने इसके बाद 28वें मिनट में एक जोरदार हमला बोला और गोल करने में सफलता हासिल की। आइटोर मोनरॉय ने राइट फ्लैंक से फारुख को एक बेहतरीन पास दिया। फारुख ने जल्दी ही कास्टेल को पास किया। कास्टेल ने गेंद को अपने सीनें पर लिया और उसे गिराते हुए जोरदार किक लगाई। गेंद सीधे गोल में जाकर रुकी। गोलकीपर सुभाशीष रॉय ने गेंद रोकने का प्रयास किया लेकिन वह उसे छू भर सके। जमशेदपुर की टीम इसके बाद 29वें, 30वें और 32वें मिनट में अपनी बढ़त को दोगुना करने से चूक गई। वहीं, दूसरी तरफ नॉर्थईस्ट ने भी कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन किस्मत ने उसका साथ नहीं दिया और पहला हाफ 1-0 से जमशेदपुर के पक्ष में रहा। दूसरे हाफ के शुरू होने के बाद 52वें मिनट में जमशेदपुर अपनी बढ़त को दोगुना करने के करीब पहुंच गई थी, लेकिन नरेन्दर गहलोत का हेडर से लगाया गया शॉट क्रॉस बार के ऊपर से निकल गया।

महिला और पुरुष खो खो टीमें फाइनल में

काठमांडू (वार्ता)। भारत की महिला और पुरुष खो खो टीमें नेपाल की राजधानी में जारी 13वीं दक्षिण एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंच गई हैं। बुधवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में पुरुष टीम का सामना बंगलादेश से होगा जबकि महिला टीम मेजबान नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीमों ने मंगलवार को हुए सेमीफाइनल में श्रीलंका को हराया। महाराष्ट्र के बालासाहेब पोकार्डे के नेतृत्व में खेल रही पुरुष टीम ने डिफेंस और अटैक में शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को सेमीफाइनल में एक पारी और 13 अंकों से हराया। इस मैच का स्कोर 21-8 रहा। इसी तरह महिला टीम ने श्रीलंका पर अपना वर्चस्व दिखाते हुए 32-4 के स्कोर के साथ फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में ओडिशा के सत्यजीत सिंह ने जहां चेज करते हुए पांच अंक बनाए वहीं अक्षय गनपुले ने तीन मिनट तक दौड़ते हुए भारत को फाइनल में पहुंचाया।

चौथी एलीट महिला मुक्केबाजी में चंडीगढ़ की रितुज का दमदार प्रदर्शन

कुन्नूर (केरल) (वार्ता)। चौथी एलीट महिला मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की सोमवार को मुंडायाद इंडोर स्टेडियम में शुरुआत हुई जिसमें 33 टीमों की 235 मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं। चैम्पियनशिप के पहले दिन कुल 23 मैच खेले गए। पंजाब की मीनाक्षी (48 किलोग्राम भारवर्ग) ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए मेघालय की इवा मारबानजांग को 5-0 से हराया। चंडीगढ़ की रितुज ने भी जीत के साथ शुरुआत की और पहली बार केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का प्रतिनिधित्व कर रहीं डेचेन को तकनीकी दक्षता से मात दी। 48 किलोग्राम भारवर्ग में ही केरला की अंचू साबू ने घरेलू समर्थकों के सामने बंगाल की मनिका कुमारी को दूसरे राउंड में तकनीकी दक्षता के बूते बाहर कर जीत हासिल की। दिन का सबसे रोचक मुकाबला असम की प्रिया गोरह और मध्य प्रदेश की अंजली शर्मा के बीच खेला गया। 48 किलोग्राम भारवर्ग के इस मैच में प्रिया ने 3-2 से जीत हासिल की।

चौथे संस्करण में भारत की कुछ शीर्ष और कुछ बेहतरीन प्रतिभाशाली मुक्केबाज देखने को मिलेंगी। इनमें विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया चहल (57 किलोग्राम भारवर्ग), जूनियर यूथ चैम्पियन ज्योति गुलिया (51 किलोग्राम भारवर्ग), 2017 यूथ विश्व चैम्पियन शशी चोपड़ा (60 किलोग्राम भारवर्ग), प्रेसिडेंट कप में पदक जीतने वाली मोनिका (48 किलोग्राम भारवर्ग), कोलोग्ने विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता मीनाकुमारी देवी (54 किलोग्राम भारवर्ग) और इंडिया ओपन की स्वर्ण पदक विजेता भाग्यवती कचारी (81 किलोग्राम भारवर्ग) राष्ट्रीय विजेता के खिताब के लिए लड़ेंगी। मुक्केबाज कुल 10 भारवर्गों, 48, 51, 54, 57, 60, 64, 69, 75, 81 और 81 प्लस किलोग्राम भारवर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस बार लद्दाख पहली बार राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रहा है।

भारत ने बैडमिंटन में जीता दोनों टीमों ने स्वर्ण

पोखरा (वार्ता)। भारत ने 13वें सैग खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखते हुए पुरुष और महिला वर्ग के स्वर्ण पदक जीत लिए। भारतीय पुरुष टीम ने सोमवार को श्रीलंका को 3-1 से और महिला टीम ने श्रीलंका को 3-0 से पराजित कर भारत को दोहरी स्वर्णिम सफलता दिला दी। पुरुष टीम वर्ग में देश के शीर्ष खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने दिनुका करुणारत्ने के खिलाफ पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 55 मिनट में मुकाबला 17-21, 21-15, 21-11 से जीत लिया। सिरिल वर्मा अगले मैच में जब सचिन प्रेमाशन के खिलाफ 21-17,11-5 से आगे थे तो उनके विपक्षी ने मैच छोड़ दिया। युगल मैच में अर्जुन जॉर्ज और संयम शुक्ला को सचिन प्रेमाशन और बी थारिंडु गुणातिलके से 18-21, 21-14, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मैरीकॉम ने मुकाबला जीतने के साथ ही जीता सबका दिल

छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मैरीकॉम ने यहां बिग बाउट इंडन बॉक्सिंग लीग में अपने अच्छे खेल और अच्छे व्यवहार से सबका दिल जीत लिया।

नई दिल्ली (वार्ता)। इस साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मैरीकॉम ने नैशनल चैम्पियनशिप की ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट सविता को फ्लाईवेट वर्ग में तीनों राउंड में एकतरफा ढंग से हराया और मुक़ाबले के बाद उन्होंने सविता की दिल खोलकर तारीफ भी की। मैरीकॉम के खासकर बाएं हाथ के पंच निर्णायक रहे और कुछ चुनिंदा पंचों की मदद से ही उन्होंने मुक़ाबला अपने नाम कर लिया। पहला दिन पंजाब पैंथर्स के नाम रहा जिसने ओडिशा वॉरियर्स को सोमवार रात 5-2 से हराया। ग्रेटर नोयडा स्थित गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के इंडोर स्टेडियम में खेले गये मुक़ाबले में कॉमनवेल्थ गेम्स के पूर्व चैम्पियन मनोज कुमार इस मुक़ाबले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। उन्होंने दिन के पहले ही मुक़ाबले में 69 किलों वर्ग में उज़्बेकिस्तान के यूक्रेनियन चैम्पियन को एकतरफा मुक़ाबले में हराकर सबका दिल जीत लिया। पिछले 13 वर्षों से सीनियर वर्ग में खेल रहे मनोज ने इंजरी के बाद उतरकर इस बाद का अहसास ही नहीं होने दिया कि वह लम्बे समय बाद लौटे हैं। इसके बाद जैस्मिन ने महिलाओं के 57 किलो वर्ग में सपना शर्मा को और दीपक ने 52 किलो वर्ग में पीएल प्रसाद को शिकस्त देकर ओडिशा वॉरियर्स को 2-1 से आगे कर दिया। दीपक की पीएल प्रसाद पर जीत में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिले। दोनों मुक्केबाज़ सेना के थे इसलिए एक दूसरे की ताकत से पूरी तरह वाकिफ थे। वहीं अर्जुन पुरस्कार विजेता सोनिया लाथर ने महिलाओं के 60 किलो वर्ग में ओड़िशा टीम की प्रियंका चौधरी के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार जीत हासिल की।

क्रिकेट बाजार

आईपीएल 2020 संस्करण के लिए 19 दिसम्बर को होगी निलामी

आईपीएल नीलामी के लिए 713 भारतीयों सहित 971 खिलाड़ी पंजीकृत

बेशुमार दौलत से भरपूर इंडियन प्रीमियर लीग के 2020 संस्करण के लिए 19 दिसम्बर को कोलकाता में होने वाली नीलामी के लिए 971 खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण कराया है।

नई दिल्ली (वार्ता) आईपीएल नीलामी के लिए पंजीकरण 30 नवम्बर को समाप्त हो गया था। बीसीसीआई ने सोमवार को बताया कि 713 भारतीयों और 258 विदेशी खिलाड़ियों सहित 971 खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए अपना पंजीकरण कराया है। नीलामी से 73 खिलाड़ी खरीदे जाने हैं जिसके लिए 215 कैप्ड खिलाड़ियों, 754 अनकैप्ड और एसोसिएट देशों से दो खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

क कैप्ड भारतीयों में 19 खिलाड़ी, अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों में 634 खिलाड़ी, अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों (जिन्होंने कम से कम एक आईपीएल मैच खेला है) में 60 खिलाड़ी, कैप्ड अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में 196 खिलाड़ी और अनकैप्ड अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में 60 खिलाड़ी शामिल हैं।

फ्रैंचाइज़ी टीमों के पास खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए नौ दिसम्बर शाम पांच बजे तक का समय रहेगा जो खिलाड़ियों की अंतिम नीलामी सूची में जगह बनाएंगे।

पंजीकृत कराने वाले विदेशी खिलाड़ियों में अफ़ग़ानिस्तान से 19, ऑस्ट्रेलिया से 55, बंगलादेश से 6, इंग्लैंड से 22, हॉलैंड से 1, न्यूजीलैंड से 24, दक्षिण अफ्रीका से 54, श्रीलंका से 39, अमेरिका से 1, वेस्ट इंडीज से 34 और ज़िम्बाब्वे से 3 खिलाड़ी शामिल हैं।

आईपीएल के 13वें सत्र की नीलामी से पहले आठ टीमों ने कुल 35 विदेशी खिलाड़ियों सहित 127 खिलाड़ियों को रिटेन किया है जबकि नीलामी में 29 विदेशी खिलाड़ियों सहित 73 खिलाड़ियों को खरीदने पर बोली लगेगी।

आठ टीमें 472.35 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है और नीलामी में खरीद के लिए उनके पास 207.65 करोड़ रुपये का पर्स बचा है। चेन्नई सुपर किंग्स ने 20, दिल्ली कैपिटल्स ने 14, किंग्स इलेवन पंजाब ने 16, कोलकाता नाइट राइडर्स ने 14, मुंबई इंडियंस ने 18, राजस्थान रॉयल्स ने 14, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 13 और सनराइजर्स हैदराबाद ने 18 खिलाड़ियों को रिटेन किया है।

आराध्य के शतक से यूपी के बनाए 287 रन

कानपुर (वार्ता)। सलामी बल्लेबाज आराध्य यादव (102) के शानदार शतकीय प्रहार की बदौलत मेजबान उत्तर प्रदेश ने विजय मर्चेंट ट्राफी अंडर 16 क्रिकेट मुकाबले के पहले दिन सोमवार को बडौदा के खिलाफ पहली पारी में 287 रन बनाये। कमला क्लब मैदान पर दिन का खेल खत्म होने के समय बडौदा ने बिना किसी नुकसान के 20 रन बना लिये थे। भविष्य पटेल 17 और मो ओमीन तीन रन बनाकर क्रीज पर थे। यूपी की टीम एक समय मात्र 37 रनों पर तीन विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी। आराध्य ने एक छोर पर खूंटा गाड़ते हुये मेहमान गेंदबाजी आक्रमण का डट कर मुकाबला किया। उन्होने राव अब्दुल वाहिद (81) के साथ 111 रन की भागीदारी कर टीम को संकट से उबारा। अपनी 128 गेंदो की पारी में उन्होने 16 बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। बाद में वाहिद और आर्यन चौधरी (43) ने मिलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर पर पहुंचाया। बडौदा की ओर से प्रियांशु मौलिया और किरन उम्मत ने सर्वाधिक तीन-तीन विकेट चटकाये जबकि मान नाइक और हेट ठक्कर ने दो दो विकेट झटके।

■ न्यूज गैलरी

सीएम हाउस में आज जनचौपाल स्थगित

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में 4 दिसम्बर बुधवार को आयोजित होने वाला 'जनचौपाल भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

कमिश्नर ने किया अनुविभागीय अधिकारी को निलंबित

रायपुर। कमिश्नर रायपुर संभाग जी.आर. चुरेन्द्र ने आज बलौदा बाजार-भाटापारा जिले के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कसडोल उप संभाग के अनुविभागीय अधिकारी सुभाष पांडे को मुख्यालय से अनुपस्थित रहने, विभिन्न मदों के स्वीकृत कार्यों का निर्माण कार्यों तथा नरवा,गरवा,घुरवा, बाड़ी जैसे कार्यों का सत्यापन नहीं करने तथा धीमी गति से कार्य संपादित करने और बैठकों में अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। यह आदेश जिला पंचायत बलौदा बाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पत्र के आधार पर की गई है। यह आदेश छत्तीसगढ़ सिविल सेवा, वर्गीकरण, नियत्रंण तथा अपील नियम 1966 के प्रावधानों के तहत की गई है।

पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आज से

रायपुर। नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए मतदान दल के पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी क्रमांक एक के प्रथम चरण का प्रशिक्षण 4 और 5 दिसम्बर को दूधाधारी बजरंग शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित होगा।

न्यायिक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बस्तर के चर्चित सारकेगुड़ा कांड की न्यायिक जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रदेश कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उइके से राजभवन में मुलाकात कर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में उद्योग मंत्री कवासी लखमा, विधायक देवती कर्मा, बृहस्पत सिंह, संतराम नेताम, लखेश्वर बघेल सहित अन्य कांग्रेसी नेता आज राजभवन पहुंचे और यहां राज्यपाल सुश्री उइके से मुलाकात करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रतिनिधिमंडल ने सारकेगुड़ा कांड की न्यायिक जांच रिपोर्ट आने की जानकारी राज्यपाल को देते हुए आयोग की रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

सारकेगुड़ा मामले को लेकर कांग्रेस जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राज्यपाल का इस मामले में आश्वासन मिला है कि पीड़ित परिवार के साथ न्याय होगा। मंत्री श्री लखमा ने कहा कि सन् 2012 में हुई इस घटना में 17 आदिवासियों को पुलिस द्वारा गोलियों से भुना गया था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से कांग्रेस ने इस मामले को लेकर लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि इस घटना की न्यायिक जांच रिपोर्ट आ गई जिसके आधार पर आज हमने राज्यपाल से इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सारकेगुड़ा मामले में जस्टिस वीके अग्रवाल आयोग की रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत नहीं होना नियम विरूद्ध

■ **कार्पोरेट घराने बस्तर की खनिज संपत्ति हथियाने की तैयारी में-सोहन पोटाई**

■ **17 आदिवासियों के परिजनों को 50 लाख मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने की मांग सर्वआदिवासी समाज ने शासन से की**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सारकेगुड़ा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर बस्तर में सीआरपीएफ और पुलिस बल ने 28 एवं 29 जून 2012 की मध्यरात्रि को सात नाबालिग सहित 10 निर्दोष आदिवासियों को नक्सली करार देकर मुठभेड़ दर्शाकर मारा था। जबकि उक्त आदिवासी बीज पंडूम (बीज त्यौहार) की तैयारी के संबंध में सामुहिक रूप से चर्चा कर रहे थे। उक्त ग्रामवासियों को सीआरपीएफ के जवानों ने बिना चेतावनी के फायरिंग कर मार डाला। उक्त मामले में जस्टिस वीके अग्रवाल आयोग ने 17 ग्रामीणों को निर्दोष करार देते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की अनुशंसा अपने निर्णय में की है। विधानसभा में कायदे से जस्टिस वीके अग्रवाल आयोग की रिपोर्ट को सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जाना था जबकि लीक होने के कारण उक्त मामला प्रकाश में आना न केवल नियम विरूद्ध है बल्कि यह सरकार की मंशा को भी प्रकट करता है।

उक्त महत्वपूर्ण जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने दी। नेताम ने पूर्व सरकार पर आरोप लगाया कि मामला चाहे ताड़मेटला का हो या झीरम घाटी का हो। पूरे बस्तर के आदिवासियों को पुलिस बल द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस सरकार से बाहर के पुलिसबलों को बस्तर में तैनात न किए जाने की मांग करते हुए कहा कि उन्हें वहां की भौगोलिक स्थिति का न तो पता रहता है और न ही वे वहां की संस्कृति से परिचित होते हैं। ऐसी स्थिति में कुल मिलाकर निर्दोष आदिवासी ही मुठभेड़ के नाम पर मारा जाता है। वरिष्ठ आदिवासी नेता सोहन पोटाई ने पत्रकारवार्ता में बताया कि बस्तर के आदिवासियों एवं उनकी संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कार्पोरेट घराने के लोग कर रहे हैं। उक्त औद्योगिक घरानों को भाजपा कांग्रेस दोनों का साथ मिला है जिसके चलते आदिवासी जल, जंगल, जमीन के सहारे जीवनयापन करने में तकलीफों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों द्वारा निर्दोष आदिवासियों की हत्या होना शासन की नक्सली समस्या के समाधान की नीति पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। पूर्व आईएएस अधिकारी बीपीएस नेताम ने पत्रकारवार्ता में बताया कि सर्व आदिवासी समाज शासन से मांग करता है कि 17 निर्दोष आदिवासियों के परिवारों को 50-50 लाख की मुआवजा राशि एवं मृतक परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी तत्काल दी जाए। पत्रकारवार्ता में पूर्व आईएएस अधिकारी नवल सिंह मंडावी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद नागवंशी सहित आदिवासी समाज के वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे।

रक्सेल और रफिक ग्रुप की जेल में भिड़ंत, एक गंभीर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर केन्द्रीय जेल से एक बार फि र एक बार गैंगवार का मामला सामने आया है। राजधानी में कई गंभीर मामलों में जेल में बंद रक्सेल गैंग के गुर्गों और रफीक गैंग के गुर्गों के बीच पुरानी रंजिश के चलते आज खूनी गैंगवार की जानकारी सामने आई है। जेल प्रबंधन पूरे मामले की जांच कर रही है वही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जेल में बंद रक्सैल गैंग व रफीक गेंग के गुर्गों के बीच गिलास को काटकर चाकूनुमा हथियार बना आपस में एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट किए जाने की सूचना सामने आई है। सूचना के अनुसार रक्सैल और उसके गुंडों ने रफीक और उसके गुर्गों के ऊपर हमला कर दिया। जिसके चलते रफ ीक नाम के युवक को गंभीर चोंटें आई है. घायल बंदियों का अस्पताल के जेल वार्ड में इलाज जारी है. बताया जा रहा है कि बैरक नंबर 1 और 3 में रफीक गैंग और बैरक नंबर 2 में रक्सेल गैंग के गुर्गे बंद हैं।

अधिकारी कर्मचारी गांव विकास के कार्यो को दें बढ़ावा : सुब्रत

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सुब्रत साहू ने मंगलवार को रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के बनचरौदा गौठान का मुआयना किया और यहां संचालित एक-एक गतिविधियों की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने गौठान की खुले दिल से तारीफ की और अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे '' नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी '' के तहत् ऐसे कार्यो को बढ़ावा दे, जो गांव के विकास के साथ-साथ वहां के ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं कों स्वरोजगार प्रदान करने में सहायक बनें।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना पदभार ग्रहण करने के बाद ही स्पष्ट कर दिया था कि वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्रामीण अर्थव्यवस्था के स्वावलंबन को फिर से मूर्त रूप देना चाहते हैं। यही कारण है कि उन्होंने नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी की अवधारणा का ना केवल संदेश दिया बल्कि बहुत कम समय में इसे धरातल पर सफलता की सीढ़ियों की ओर अग्रसर भी किया। इस अवधारणा का एक जीता जागता जीवंत उदाहरण बनचरौदा है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ यहां आयें। मुख्य सचिव आर.पी.मण्डल ने ना केवल इसे प्रदेश भर के लिये आदर्श गौठान बताया बल्कि अधिकारियों को निर्देशित भी किया कि वे समय निकालकर इसका अवलोकन करें।

इसी तारतम्य में प्रमुख सचिव ने आज भ्रमण के दौरान गौठान संचालन समिति के सदस्यों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सरपंच कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि गांव के खाली पड़े 3.5 एकड़ भूमि में यहां गौठान बनाया गया है। यहां पहले से वृक्ष मौजूद थे जिन्होंने यहां आने वाले पशुओं के लिये छाया देने का कार्य किया, गौठान बनने के बाद यहां सोलर चलित एक ट्यूबवेल लगाया गया, पशुओं को पानी पीने के लिय जगह-जगह कोटना बनाये गये, पशुओं के गोबर से खाद बनाने के लिये नाडेप टंकी और वर्मी कम्पोस्ट टंकी बनायी गयी, पशु चारे के लिए एजोला टेंक बनाया गया। पशुओं को सुरक्षित कैम्पस देने के लिये चारो और फेंसिंग और सीपीटी एवं डब्ल्यूएटी का घेरा बनाया गया। इनके बीच हल्दी, फूल एवं फलदार वृक्ष लगाये गयें। गौठान के भीतर पशु उपचार के लिये ट्रेविश लगाया गया और चरवाहाघर की व्यवस्था भी की गयी।

प्रमुख सचिव ने गौठान के समीप बनाये गये चारागाह और बाड़ी का अवलोकन भी किया। यहां उपलब्ध 12 एकड़ की जमीन की 7 एकड़ की भूमि को गांव के चारागाह और 5 एकड़ में बाड़ी विकसित की गयी है। चारागाह में एक अन्य ट्यूबवेल भी स्थापित किया गया है और यहां पशुओं के लिये नेपियर घास, चरी, बर्सीम आदि लगाकर हरा चारा की व्यवस्था की गयी है। महिला ग्राम संगठन सहायिका श्रीमती टिकेश्वरी चन्द्राकर ने बताया कि यहां 5 एकड़ सिंचित क्षेत्र में दो महिला समूहों द्वारा सब्जी बाड़ी का कार्य किया जा रहा है। मनरेगा के माध्यम से एक छोटी डबरी का निर्माण भी किया गया है, जिसमें महिला समूह द्वारा रोहु, कतला, मृगल प्रजातियों की मछली का पालन किया जा रहा है। यहां गैंदा, रजनीगंधा के फूल का उत्पादन भी किया जा रहा है।

श्री सुब्रत साहू ने वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण की 12 इकाईयों का अवलोकन किया।